जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



CAPTIVITY-A STATE OF NON EXISTENCE

We had been betrayed. Months of hardwork had been wasted. Why is it that the Muslims of the sub-continent seem to have more than their fair share of traitors.

Towards Healthy & Radiant Skin

YouTube gets a new 'You' tab





*कांग्रेस के लोकप्रिय युवा नेता सचिन पायलट ने दशहरा के पावन दिन माता वैष्णो देवी के दर्शन किए और प्रदेशवासियों को बधाई दी तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने अपने ट्विटर अकाउन्ट पर माता वैष्णो देवी के दर्शनों की तस्वीरें शेयर कीं। बताया जा रहा है कि सचिन पायलट 31 अक्टूबर को टोंक से नामांकन दाखिल करेंगे।*

# दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान चार युवकों की मौत

## आम लोगों ने आरोप लगाया, प्रशासन ने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की

- **एक हादसा झुंझुनूं के भगीनिया जोहड़ तालाब में हुआ, जहां मूर्ति विसर्जन करते समय दो युवक, भरत सैनी एवं आशीष डूग गए।**
- **प्रशासन ने जोहड़ में मूर्ति विसर्जन की अनुमति तो दी थी, पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की। जब कि, गणेश पूजा के दौरान मूर्ति विसर्जन के समय भी इसी जोहड़ में एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी।**
- **दूसरी घटना में उदयपुर के प्रतापनगर में सुखानाका तालाब पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक 17 वर्षीय किशोर जितेन्द्र तथा 24 वर्षीय युवक राकेश की डूबने से मौत हो गई।**

चिड़ावा/उदयपुर, 24 अक्टूबर (निसं)। उदयपुर और चिड़ावा (झुंझुनूं) में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से एक किशोर व तीन युवकों की मौत हो गई। सिविल डिफैंस की टीमों को शव निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।

झुंझुनूं के पुरातन भगीनिया जोहड़ तालाब में दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक निकटवर्ती आका की ढाणी के निवासी थे। हादसे की सूचना पर पुलिस व प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। झुंझुनूं से आए बचाव दल ने स्थानीय युवकों की सहायता से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम दोनों युवकों को जोहड़ से बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। दोनों युवकों के शवो को उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। बुधवार सुबह दोनों का पोस्टमॉर्टम होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के निकट आका की ढाणी (निजामपुर) में शारदीय नवरात्रा के अवसर पर दुर्गा पूजा उत्सव चल रहा था। उत्सव समाप्ति पर ढाणी से मूर्ति विर्सजन के लिऐ डीजे के साथ लोग रवाना हुए जोहड़ पहुंचने पर युवा जोहड़ में मूर्ति विसर्जन के लिए उतरे मगर गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण चार-पांच युवक जोहड़ में डूबने लगे। युवक भरत सैनी व आशीष मूर्ति के साथ ही गहरे पानी में धंस गए। डूब रहे दोनों युवकों को उनके साथियों ने बचाने का प्रयास भी किया मगर कामयाब नहीं हो सके।

हादसे की सूचना पर तहसीलदार कमलदीप पूनियां, थानाधिकारी विनोद सामरिया, चौकी प्रभारी बलवीर चावला जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। नगरपालिका ने जोहड़ से पानी निकालने के प्रयास किए मगर सफलता नहीं मिली जिसके बाद झुंझुनूं से एस.डी.आर.एफ. की टीम को बुलाया गया। टीम के तीन सदस्यों ने स्थानीय लोगों की सहायता से एक - डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों के शवों को बाहर निकाला जा सका। हादसे का शिकार हुए दोनों ही युवक अपने माता- पिता के इकलौते पुत्र थे। दोनों ही युवकों के दो-दो बहनें हैं। भरत की शहर में गिफ्ट आइटम की दुकान थी। वहीं आशीष पढ़ाई कर रहा था। युवकों के डूबने की सूचना पर एसडीएम बृजेश गुप्ता, तहसीलदार कमलदीप पूनियां, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाशसिंह कविया, थानाधिकारी विनोद सामरिया, पिलानी बीडीओ सुनील कुमार, विधायक जेपी चंदेलिया, पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी, पितराम सिंह काला सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि पहुंचे।

शहर में दशहरे के दिन हुई दुखद घटना ने प्रशासन के इंतजामों की पोल खोल कर रख दी। पिछले वर्ष गणेश चतुर्थी पर मूर्ति विसर्जन के दौरान ही इसी जोहड़ में एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया और इस बार फिर दो युवक काल का ग्रास बन गए। शहर तथा आसपास के इलाकों में कई दुर्गा पूजा महोत्सव चल रहे थे विसर्जन के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

FEW SEATS LEFT (Co-Ed.)
MJMC
B.Arch.
BA-LL.B.
B.Pharm.
D.Pharm.
Helpline : +91-8696218218
BIYANI GROUP OF COLLEGES

# प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच पर नहीं बैठेंगे मिज़ोरम के मुख्यमंत्री

## मिज़ोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरामथंगा ने मणिपुर हिंसा पर प्र.मंत्री की चुप्पी पर नाराज़गी जताते हुए यह घोषणा की

- **ज़ोरामथंगा ने कहा कि, मणिपुर में मैतेई समुदाय ने अनगिनत चर्च चला दिये, जिसको लेकर मिज़ोरम की जनता, जो कि इसाई है, में भारी गुस्सा है और मोदी के साथ बैठकर वे अपनी जनता की भावनाओं को आहत नहीं कर सकते।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। मिज़ोरम में भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन सरकार चला रहे मिज़ो नैशनल फ्रंट के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ज़ोरामथंगा ने सोमवार को सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि जब प्रधानमंत्री मोदी आईजाल में विधानसभा चुनाव का प्रचार करने आएंगे तब वे उनके साथ मंच साझा नहीं करेंगे।

मोदी मिज़ोरम के पश्चिमी भाग में स्थित मामित कस्बे में 30 अक्टूबर को प्रचार के लिए पहुंचेंगे।


ज़ोरामथंगा प्रधानमंत्री से नाराज़ है क्योंकि उन्होंने भाजपा शासित पड़ौसी राज्य मणिपुर में मई से चल रही जातीय हिंसा की अनदेखी की। उन्होंने दो टूक कहा, "मिज़ोरम के सभी लोग ईसाई हैं। जब मणिपुर के लोगों (मैतेई) ने मणिपुर में सैंकड़ों चर्च जला डाले और मिज़ोरम के लोग इस तरह की सोच के पूरी तरह इसके खिलाफ हैं। इस बार भाजपा के साथ सहानुभूति रखना मेरी पार्टी के लिए नकारात्मक बिंदु होगा।"

ज़ोरामथंगा ने सोमवार को कहा, "बेहतर होगा यदि प्रधानमंत्री अकेले आएं और मंच खुद के साथ ही साझा करे, जबकि मैं अलग मंच पर बैठूं।" मिज़ो नैशनल फ्रंट केन्द्र में एन.डी.ए. का सहयोग है जबकि राज्य स्तर पर दोनों पाटियां अलग-अलग काम करती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इनके एम.एन.एफ. का इंडिया गठबंधन से कोई संबंध नहीं है क्योंकि वह गठबंधन की ओर से राज्य में चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस के खिलाफ जी-जान से लड़ेंगे।

मिज़ो नैशनल फ्रंट भाजपानीत नॉर्थ ईस्ट डैमोक्रेटिक एलायंस का हिस्सा और केन्द्र में एन.डी.ए. का हिस्सा है। लेकिन मिज़ोरम में पार्टी भाजपा के साथ काम नहीं करती है।

# हिमालय में मिला "पेन किलर" पौधा



- **भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा खोजे गए इस पौधे का नाम है घिंघारू, इसे "फायर थॉर्न" भी कहते हैं।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारतीय वैज्ञानिकों ने हिमालय में 2700 मीटर की ऊंचाई पर घिंघारु नाम के एक पौधे की पहचान की है, जो बहुत प्रभावी दर्द निवारक है। उसकी एंजाइम प्रक्रिया इतनी अच्छी है कि पौधे के पत्तों और फलों का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भीलवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी विट्ठल शंकर अवस्थी का पुतला फूंका

## भाजपा ने विट्ठल नाथ को चौथी बार प्रत्याशी बनाया है

भीलवाड़ा, 24 अक्टूबर (नि.सं.)। भीलवाड़ा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे विट्ठल शंकर अवस्थी को चौथी बार भाजपा द्वारा अपना उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद से जनता का विरोध तेज होने लगा है। मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अवस्थी का पुतला फूंका।भीलवाड़ा सीट से उम्मीदवारी जता रहे कई भाजपा नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ आज

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*भीलवाड़ा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे विट्ठल शंकर अवस्थी को चौथी बार भी भाजपा का टिकट मिलने पर टिकट के अन्य दावेदारों व कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए शहर में अवस्थी का पुतला फूंका।*

आॅटोमेटिक कान की मशीनें 3500/- से शुरु
स्पीच थैरेपी
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
94602 07080

# 'परिवार नियोजन का लक्ष्य पूरा नहीं करने पर सेवा परिलाभ रोक नहीं सकते'

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने आयुर्वेद कम्पाउन्डर कृष्णकांत तिवारी की याचिका पर यह फैसला दिया तथा यह भी कहा कि, इस आधार पर सर्विस रिकॉर्ड में प्रतिकूल टिप्पणी भी नहीं की जा सकती है।**

जयपुर, 24 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि, परिवार नियोजन का लक्ष्य पूरा नहीं करने के आधार पर कर्मचारी के सर्विस रिकॉर्ड में प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की जा सकती और ना ही उसके सेवा संबंधी परिलाभों को रोका जा सकता है। अदालत ने याचिकाकर्ता के सर्विस रिकॉर्ड में की गई प्रतिकूल टिप्पणी के आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने इस मामले में आयुर्वेद विभाग के प्रमुख सचिव व निदेशक को निर्देश दिए कि, वे याचिकाकर्ता को तीन महीने में चयनित वेतनमान एवं सभी सेवा परिलाभ अदा करें। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश सेवानिवृत्त आयुर्वेद कम्पाउण्डर कृष्णकांत तिवारी की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि, याचिकाकर्ता आयुर्वेद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'गाज़ा में 2000 से ज्यादा बच्चे मारे जा चुके हैं'

## "सेव द चिल्ड्रन" ने यह जानकारी दी और अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय से बच्चों को बचाने की अपील की

- **फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अगले 48 घंटों में गाज़ा के अस्पतालों में ईंधन खत्म होने के कारण सभी बिजली जनरेटर काम करना बंद कर देंगे।**
- **गौतलब है कि, मंगलवार को दक्षिणी गाज़ा पट्टी में खान यूनिस और रफाह शहरों में आवासीय इमारतों पर इज़राइली हवाई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 53 लोगों की मौत हो गयी।**

गाजा पट्टी, 24 अक्टूबर (वार्ता)। गाजा पट्टी में स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इजरायल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) से घिरे इलाके में तेज हवाई हमलों के बीच ईंधन की कमी के कारण अगले 48 घंटों के भीतर गाजा के अस्पतालों में बिजली जनरेटर काम करना बंद कर देंगे।

मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने मंगलवार सुबह टेलीग्राम पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि गाजा में मानवीय सहायता की रफ्तार मंद पड़ चुकी है और हम जमीन वास्तविकता को नहीं बदल सकते। गाजा पट्टी में चिकित्सा देखभाल प्रणाली बद से बदतर स्थिति में पहुंच गयी है।

इससे पहले सोमवार को मंत्रालय ने कहा था कि कि इज़रायल द्वारा ईंधन सहित आवश्यक आपूर्ति की पहुंच बंद करने के बाद 32 स्वास्थ्य सेवा केंद्र ने काम करना बंद कर दिया है। क्योंकि इज़राइल की ओर से हवाई हमले अभियान जारी है जिसने गाजा को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है और मानवीय स्थितियों पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि सहायता वितरण के मामले में अस्पतालों की तत्काल जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति से एन्क्लेव में ईंधन तथा रक्त इकाइयों की आपूर्ति के वितरण पर जोर देने का आग्रह किया गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तरी गाजा के बेइत लाहिया क्षेत्र में इंडोनेशियाई अस्पताल को ईंधन और जरुरत का सामान नहीं मिलने के कारण बंद कर दिया गया है। सोमवार को ईंधन खत्म होने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही और महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान नहीं कर जा सकी।

इज़रायल-फिलिस्तीनी के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से गाजा पट्टी में कम से कम 2,000 बच्चे मारे गए हैं। मानवीय संगठन सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। संगठन ने एक बयान में कहा, पिछले 17 दिनों में गाजा में कम से कम 2,000 बच्चे मारे गए हैं, लगातार हवाई हमलों के कारण गाजा पट्टी में हजारों इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गई हैं।

बयान में कहा गया है कि वेस्ट बैंक में भी 27 बच्चे मारे गए। सेव द चिल्ड्रन्स के फ़िलिस्तीन के निदेशक जेसन ली ने कहा हम सभी पक्षों से बच्चों के जीवन की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आव्हान करते हैं, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इन प्रयासों का समर्थन करने का आव्हान करते हैं। बच्चों को नुकसान से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस और रफाह शहरों में आवासीय इमारतों पर इज़राइली हवाई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 53 लोगों की मौत हो गयी है। अल जजीरा ब्रॉडकास्टर ने एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि गत 7 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इज़राइल के खिलाफ अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेटों से हमला किया। इज़राइल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हो।

गौरतलब है कि, इज़राइल के हमलों के कारण गाज़ा में हजारों निर्दोष लोगों की मौत के मामले ब्रिटेन व फ्रांस सहित कई देशों ने अपील की है कि, इज़राइल अपना बदला जरुर ले लेकिन मानवता को भी न भूले, निर्दोष और बेकसूर लोगों की जान की रक्षा होनी ही चाहिये। इज़राइल की तरफ से गाज़ा में रोज हमले हो रहे हैं जिनमें सीधे तौर बड़ी-बड़ी इमारतों को निशाना बनाया जा रहा है जिसमें वहां छुपे आतंकियों की मौत हो रही है अथवा नहीं लेकिन हजारों निर्दोष लोग अपनी जान गवा चुके हैं।

# 'अबकी बार चुनाव हार गई तो...?'

- **यह कहते हुए कार्यकर्ताओं के बीच रो पड़ीं मालवीय नगर से कांग्रेस उम्मीदवार अर्चना शर्मा।**

जयपुर, 24 अक्टूबर। "अगर अबकी बार वह चुनाव हारीं,तो यह अंतिम चुनाव होगा।" इतना कहने के साथ ही मालवीय नगर की कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अर्चना शर्मा अपने कार्यकर्ताओं के बीच फफक-फफक कर रोने लगीं।

पिछले चुनाव में 1600 वोट से हारने वाली अर्चना शर्मा मंगलवार को अपने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचीं, तो अर्चना शर्मा ने सभी कांग्रेस नेताओं से उन्हें जिताने की अपील करते हुए कहा कि अपनी छोटी बहन को चुनाव जिताएं, क्योंकि वह पहले दो चुनाव हार चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि न मेरे माता-पिता हैं, न ही सास-ससुर और पति भी अब मठ की कमान संभाल चुके हैं। ऐसे में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**पुरुष का नारी के समान कोई बंधू नहीं। –महाभारत**

# मजबूत अर्थव्यवस्था से स्त्रियों की कार्यबल में भागीदारी नहीं बढ़ती

अर्थशास्त्र में 2023 का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी पर उनके काम के लिए दिया गया है। गोल्डिन अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली तीसरी महिला हैं। यह पुरस्कार अब तक 90 पुरुषों ने पाया है। इस पुरुस्कार के 54 साल के इतिहास में वह गोल्डिन के अलावा केवल दो अन्य महिलाओं को मिला है – ब्लूमिंगटन की इंडियाना यूनिवर्सिटी की एलिनोर ओस्ट्रोम (2009) और मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान की एस्थर डुफ्लो (2019 में) को। गोल्डिन के अधिकांश शोध में इतिहास की नजर से वर्तमान को देखने की कोशिश की गई है। उनकी नवीनतम किताब 'करियर एंड फैमिली: वीमेन्स सेंचुरी–लॉन्ग जर्नी टुवड्र्स इक्विटी' इसी पर है। आज की अर्थव्यवस्था में क्या हो रहा है, इसकी जांच करने के साथ यह भी जानना जरूरी है कि अतीत हमारे वर्तमान को आकार देने में किस प्रकार भूमिका निभाता है। जब हम चाहते हैं कि महिलाएं घरों से निकल कर आर्थिक बाजार में प्रविष्ट हो तब यह सब जानना महत्वपूर्ण हो जाता है। गोल्डिन का काम लंबे समय से चली आ रही धारणाओं को अमान्य करता है कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था और तकनीकी प्रगति महिलाओं को कार्यबल में खींचने के लिए पर्याप्त होगी। उनके शोध में पाया गया कि 1790 के दशक में, जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था का अधिकांश हिस्सा कृषि पर आधारित था, विवाहित महिलाओं की एक बड़ी हिस्सेदारी – लगभग 60 प्रतिशत – कार्यबल में थी। लेकिन 1800 के दशक में औद्योगीकरण के बढ़ने के साथ महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में नाटकीय रूप से गिरावट आई, क्योंकि उनके लिए घरेलू जिम्मेदारियों के साथ उद्योगों, कारखानों में बाहरी काम करना मुश्किल हो गया। हालांकि,1900 की शुरुआत तक, महिलाएं सेवा–क्षेत्र के काम में बदलाव और अधिक शैक्षिक अवसरों के चलते वापस लौटने लगीं। लेकिन बच्चों की सुलभ और किफायती देखभाल की कमी अब भी प्रमुख बाधा बनी हुई है। उनसे पहले के पुरुष अर्थशास्त्रियों ने भी ऐसे अध्ययन किये हैं मगर उन्होंने शायद ही कभी सोचा कि घर में खाना कौन पकाता है, कपड़े कौन धोता है, और बच्चों को कैसे पाला–पोसा जाता है। गोल्डिन के सबसे उल्लेखनीय निष्कर्षों में से एक था 1960 में जन्म नियंत्रण गोलीतक उनकी पहुंच जिसने महिलाओं के बीच कॉलेज नामांकन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोल्डिन का शोध पुरुष और स्त्री के बीच लगातार बने रहे मजदूरी और वेतन में अंतर के कारणों का भी पता लगाता है। अतीत में हालांकि यह अंतर शिक्षा के स्तर और कैरियर विकल्पों के चयन के कारण था, लेकिन उनके शोध ने उजागर किया कि एक सी नौकरियों में भी पुरुषों और महिलाओं के बीच वेतन असमानताएं बनी हुई हैं। उन्होंने पाया कि पहले बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं की आय पर तत्काल प्रभाव पड़ता है क्योंकि उन्हें बच्चों की देखभाल पर अधिक समय देना पड़ता है और उन्हें अपने काम के घंटे कम कर देने पड़ते हैं या नौकरी में अपनी तरक्की के अवसरों को छोड़ देना पड़ता है। क्लाउडिया का काम पहेली के टुकडों की तरह है, जिन्हें जब सही तरीके से मिला कर रखा जाता है तब श्रम बाज़ार में और घर पर महिलाओं की भूमिका को समझने में हमारी मदद मिलती है।

किन्तु बहुतों को यह जान कर आश्चर्य होगा कि अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार उन पुरस्कारों में से एक नहीं है जिनकी अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी वसीयत में अनुसंशा की थी। प्रति वर्ष नोबेल पुरस्कारों के साथ ही घोषित होने वाला तथा दिया जाने वाला यह पुरस्कार 1895 में अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत द्वारा स्थापित किए गए नोबेल पुरस्कारों में से एक नहीं है। मगर इसे आमतौर पर अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार के रूप ही में जाना जाता है। आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार की नामांकन प्रक्रिया, चयन मानदंड और पुरस्कार प्रस्तुति मूल नोबेल पुरस्कारों के समान तरीके से ही की जाती है। अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार के विजेताओं की तरह इसकी विजेता को चुना जाता है, नोबेल पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के साथ ही उसका नाम भी घोषित किया जाता है, और यह पुरस्कार नोबेल पुरस्कार समारोह में ही प्रस्तुत भी किया जाता है। मगर वास्तव में यह मूल नोबेल पुरस्कार नहीं है। यह पुरस्कार बहुत बाद में स्वीडन की केंद्रीय बैंक, 'स्वेरिग्स रिक्सबैंक' ने अपनी 300वीं वर्षगांठ पर 1968 में स्थापित किया था। इसी बैंक के नाम पर यह पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की परिभाषा को लेकर भी विद्वानों में द्वन्द्व चलता रहता है। फरवरी 1995 में, जॉन फोर्ब्स नैश को अर्थशास्त्र में 1994 का पुरस्कार देने से संबंधित चयन समिति के भीतर सामने आई कटुता के बाद, इस पुरस्कार को सामाजिक विज्ञान में पुरस्कार के रूप में फिर से परिभाषित किया गया था। इसे राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र जैसे विषयों में शोधकर्ताओं के लिए भी उपलब्ध कराया गया। यह जानना दिलचस्प होगा कि 1978 में, हर्बर्ट ए. साइमन, जिनकी पीएचडी राजनीति विज्ञान में थी तथा प्रिंसटन विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान और सार्वजनिक मामलों के प्रोफेसर डैनियल कन्नमैन अर्थशास्त्र का पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर–अर्थशास्त्री बने। इसके लिए अर्थशास्त्र के पुरस्कार की चयन समिति में दो गैर–अर्थशास्त्रियों को भी शामिल करने के लिए उसकी संरचना भी बदली गई। इस समिति के सदस्यों में हालांकि अब भी अर्थशास्त्रियों का ही वर्चस्व है, क्योंकि सचिव सहित छह सदस्यों में से पांच अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं और केवल एक वित्त के प्रोफेसर हैं। इनके अलावा सहवृत पांच सदस्यों में भी दो अर्थशास्त्र तथा आर्थिक इतिहास के है। अन्य तीन सांख्यिकी और समाजशास्त्र विषयों के हैं। कुछ आलोचकों का तर्क है कि अर्थशास्त्र में पुरस्कार को प्रतिष्ठा उसके नोबेल पुरस्कारों के साथ जुड़ाव से मिलती है। यह एक ऐसा संबंध है जो अक्सर विवाद का स्त्रोत रहा है। लुडविग नोबेल के परपोते स्वीडिश मानवाधिकार के पैरोकार पीटर नोबेल, नोबेल पुरस्कार देने वाली संस्था पर अपने परिवार के नाम का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हैं। वे कहते हैं कि नोबेल परिवार के किसी भी सदस्य का अर्थशास्त्र में पुरस्कार स्थापित करने का कभी इरादा नहीं रहा। उनका दावा है कि नोबेल ने तो ऐसे लोगों का तिरस्कार किया था जो समाज की भलाई की तुलना में मुनाफे को तरजीह देते थे। वे कहते हैं कि "ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जो यह दर्शाता हो कि नोबेल ऐसा पुरस्कार स्थापित करना चाहते थे।" और यह कि नोबेल पुरस्कारों के साथ जुड़ाव "अर्थशास्त्रियों द्वारा अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए किया गया है। यह पीआर के जरिए किये गये तख्तापलट जैसा है।" स्वीडन के पूर्व वित्त मंत्री, केजेल–ओलोफ फेल्ड, और स्वीडिश पूर्व वाणिज्य मंत्री, गुन्नार मायर्डल, दोनों चाहते थे कि अर्थशास्त्र का यह पुरस्कार समाप्त कर दिया जाए।

**1900 की शुरुआत तक, महिलाएं सेवा-क्षेत्र के काम में बदलाव और अधिक शैक्षिक अवसरों के चलते वापस लौटने लगीं। लेकिन बच्चों की सुलभ और किफायती देखभाल की कमी अब भी प्रमुख बाधा बनी हुई है। उनसे पहले के पुरुष अर्थशास्त्रियों ने भी ऐसे अध्ययन किये हैं मगर उन्होंने शायद ही कभी सोचा कि घर में खाना कौन पकाता है, कपड़े कौन धोता है, और बच्चों को कैसे पाला-पोसा जाता है।**

नोबेल पुरस्कारों के लिए नियम है कि तीन से अधिक लोग एक पुरस्कार साझा नहीं कर सकते। इसने भी विवादों को जन्म दिया है। विज्ञान के उन क्षेत्रों में जहां बहुत अधिक सहयोग की आवश्यकता होती है वहां ऐसे में किसी का छूट जाना असामान्य बात नहीं है। इस नियम के कारण कई वैज्ञानिक छूट जाते हैं। ऐसे भी उदाहरण हैं कि उसके वास्तविक हक़दार, जैसे क्वांटम एलेक्ट्रोडायनेमिक्स के क्षेत्र में फ्रीमन डाइसन पिछड़ जाते हैं। एक अन्य उदाहरण है भौतिकी की शोधकर्ता जोसेलिन बेल का जिन्होंने 1967 में अपने आंकड़ों में एक अजीब पैटर्न की खोज की, जो पल्सर स्टार की पहली खोज थी। लेकिन उन्हें इसके लिए कभी नोबेल नहीं मिला। इसके बजाय, 1974 में उनके सलाहकार एंटनी हेविश को "पल्सर की खोज में उनकी निर्णायक भूमिका" के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार दे दिया गया। उन्होंने साथी खगोलशास्त्री मार्टिन राइल के साथ पुरस्कार साझा किया। शांति पुरस्कार को लेकर भी लगभग हमेशा विवाद होता रहा है और उसे पूरी तरह राजनीतिक ही माना जाता रहा है। राजनीति के चलते ही महात्मा गांधी को पुरस्कार नहीं दिया गया। कुछ राजनेताओं को शांति स्थापना के कार्यों के लिए पुरस्कार दिया गया, लेकिन बाद में वे फिर हिंसक संघर्ष में संलग्न हो गये। नोबेल पुरस्कार नियमों के अनुसार दिया हुआ पुरस्कार वापस भी नहीं लिया जा सकता है। अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के अनुसार शांति का पुरस्कार उस व्यक्ति को जाना चाहिए जिसने "राष्ट्रों के बीच सहयोग को बढ़ाने, स्थायी सेनाओं को खत्म करने या उनमें कमी करने और शांति स्थापना के लिए सर्वश्रेष्ठ काम किया है।" इसीलिए इसे शांति का पुरस्कार कहा जाता है। यह सवाल अब पूछा जाने लगा है कि क्या प्रति वर्ष नोबेल पुरस्कार इन मानदंडों के आधार पर दिए जाते हैं? दुनिया के इस सबसे प्रतिष्ठित सम्मान की घोषणा अधिकतर सबको आश्चर्य में डाल देती है। किन्तु जो लोग इस पर बारीकी से निगाह रखते हैं उनका कहना है कि विजेता के नाम का अनुमान लगाने का सबसे अच्छा तरीका तात्कालिक वैश्विक मुद्दों को देखना होता है। शांति पुरस्कार विजेता का चयन एक पांच सदस्यीय समिति करती है। समिति का पूरा विचार–विमर्श हमेशा के लिए गुप्त रहता है। इसमें हुई चर्चा के कोई मिनट्स नहीं रखे जाते हैं। लेकिन नामांकित व्यक्तियों की पूरी सूची सहित अन्य दस्तावेजों को 50 वर्षों तक सार्वजनिक न किए जाने का प्रावधान होने के करण वे नॉर्वेजियन नोबेल संस्थान में कई तालों से सुरक्षित दरवाजे के पीछे रखे जाते हैं। एक तिजोरी के अंदर, दस्तावेज़ों की फ़ाइलें पंक्तिबद्ध रखी जाती हैं। इसलिए इसी बात से संतोष करना होता है कि नोबेल पुरस्कारों के लिए चयन इंसान करते हैं जिनमें कमजोरियां भी होतीं हैं।

**–अतिथि संपादकीय,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# जनसंख्या नियंत्रण : एक दोधारी तलवार



अविनाश जोशी

भारत में बढ़ती आबादी नासूर का रूप लेती जा रही है। हमारी विकास की गति एवम नई विकास योजनाओं पर भी बढ़ती आबादी का प्रभाव व्यापक तौर पे देखा जा सकता है। जनसंख्या को नियंत्रित करने और व्यवस्थित करने के लिए कई तरीकों का संबंध होता है, जैसे कि गर्भनिरोध, शिक्षा, और साथ ही साथ जनस्वास्थ्य सेवाएं। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या की बढ़ोतरी को नियंत्रित करना होता है ताकि समाज और संसाधनों का सही रूप से प्रबंधन किया जा सके। यह सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है।

आज विश्व की जनसंख्या सात अरब से ज्यादा है। अकेले भारत की जनसंख्या सवा अरब से अधिक है। भारत विश्व का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। आजादी के समय भारत की जनसंख्या तैंतीस करोड़ थी, जो आज चार गुना तक बढ़ गई है। परिवार नियोजन के कमजोर तरीकों, अशिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव, अंधविश्वास और विकासात्मक असंतुलन के चलते आबादी तेजी से बढ़ी है। संभावना है कि 2050 तक देश की जनसंख्या 1.6 अरब हो जाएगी। फिलहाल भारत की जनसंख्या विश्व–जनसंख्या का करीब सत्रह फीसदी है। भूभाग के लिहाज के हमारे पास विश्व की ढाई फीसदी जमीन है। चार फीसदी जल संसाधन है। जबकि विश्व में बीमारियों का जितना बोझ है, उसका बीस फीसदी अकेले भारत पर है। विश्व की आबादी में हर साल आठ करोड़ लोगों की वृद्धि हो रही है और इसका दबाव प्राकृतिक संसाधनों पर स्पष्ट रूप से पड़ रहा है। इतना ही नहीं, विस्थापन और रोजगार के लिए पलायन भी विश्व के समक्ष एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है। बढ़ती आबादी के चलते बहुत–से लोग बुनियादी सुख–सुविधा के लिए दूसरे देशों में पनाह लेने को मजबूर हैं। अधिक जनसंख्या के कारण, आवास और औद्योगिकीकरण की आवश्यकता बढ़ सकती है, जिससे वातावरण और प्रदूषण समस्याएं बढ़ सकती हैं।

उच्च जन्म–दर और बेहतर सफाई व स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते घट रही मृत्यु–दर उच्च जनसंख्या वृद्धि दर की मुख्य वजहें हैं। जनसंख्या वृद्धि के मुख्य कारणों में जन्म–दर में वृद्धि तथा मृत्यु–दर में कमी, निर्धनता, संयुक्त परिवार, बाल विवाह, कृषि पर निर्भरता, प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि, धार्मिक व सामाजिक अंधविश्वास, शिक्षा का अभाव प्रमुख हैं। हमारे देश में निर्धनता, अंधविश्वास, अशिक्षा, धार्मिक विश्वास, भ्रामक धारणाएं और स्वास्थ्य के प्रति अवैज्ञानिक दृष्टिकोण जनसंख्या वृद्धि के कारण हैं। इसके चलते भारतीय लोग संतानोत्पत्ति को ईश्वरीय वरदान समझते हैं और कृत्रिम उपायों से गर्भ निरोध उनकी दृष्टि में पाप है। हमारी आबादी में अब भी हर दिन पचास हजार की वृद्धि हो रही है। जनसंख्या वृद्धि के विश्लेषण के आधार पे इतनी बड़ी जनसंख्या को भोजन मुहैया कराने के लिए यह आवश्यक है कि हमारा खाद्यान्न उत्पादन प्रतिवर्ष चौवन लाख टन से बढ़े जबकि वह औसतन केवल चालीस लाख टन प्रतिवर्ष की दर से ही बढ़ पाता है।

जनसंख्या वृद्धि के दो मूल कारण अशिक्षा व गरीबी हैं। लगातार बढ़ती आबादी के चलते बड़े पैमाने पर बेरोजगारी तो पैदा हो ही रही है, कई तरह की अन्य आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। भारत के सामने अनेक समस्याएं चुनौती बनकर खड़ी हैं। जनसंख्या–विस्फोट उनमें से सर्वाधिक बड़ी चुनौती है। सवा अरब भारतीयों के पास धरती, खनिज, साधन आज भी वही हैं जो पचास साल पहले थे। परिणामस्वरूप लोगों के पास जमीन कम, आय कम और समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। जनसंख्या वृद्धि के साथ, भारत को सामाजिक, आर्थिक, और पर्यावरणीय मुद्दों का सामना करना है, जैसे कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और प्रदूषण। भारत की जनसंख्या वृद्धि और नियंत्रण के साथ आने वाले प्रभावों को प्रबंधन करने के लिए सरकारी और सामाजिक प्रयास जारी हैं, ताकि समृद्धि और सामाजिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।

जनसंख्या में वृद्धि होने के साथ–साथ प्राकृतिक संसाधनों पर भार और बढ़ जाएगा। जनसंख्या दबाव के कारण कृषि के लिए व्यक्ति को भूमि कम उपलब्ध होगी जिससे खाद्यान्न और पेयजल की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

इसके अलावा लाखों लोग चिकित्सा–सुविधा और शिक्षा के लाभों तथा समाज के उत्पादक सदस्य होने के अवसर से वंचित हो जाएंगे। पचास करोड़ से अधिक भारतीय पच्चीस वर्ष से कम आयु के हैं। जनसंख्या वृद्धि के कारण खाद्यान्न समस्या का सबसे अधिक सामना विकासशील देश कर रहे हैं। सवा अरब आबादी वाले भारत जैसे देश में, जहां सरकारी आकलनों के अनुसार 32 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, हालत अत्यंत शोचनीय है। जिस गति से जनसंख्या दर में वृद्धि हो रही है उस गति से उत्पादन बढ़ा पाना संभव नहीं है। इसलिए अर्थशास्त्रियों की सोच है कि अनावश्यक आबादी न बढ़ने दें। भारत में आबादी बढ़ने का मुख्य कारण है जन्म–दर का मृत्यु–दर से अधिक होना। हमने मृत्यु–दर को तो सफलतापूर्वक कम कर दिया है, पर यही बात जन्म–दर के बारे में नहीं कही जा सकती। विभिन्न जनसंख्या नीतियों और अन्य उपायों से प्रजनन दर पहले की तुलना में कम तो हुई है, पर यह दूसरे देशों के मुकाबले अब भी बहुत अधिक है। इसी कारण देश की आबादी बढ़ती जा रही है। विश्व के कृषि भू–भाग का मात्र ढाई प्रतिशत भारत में है, जबकि यहां की आबादी दुनिया की कुल आबादी के सत्रह फीसदी के करीब है।

विश्व में सबसे पहले 1952 में आधिकारिक रूप से जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाया गया। मगर लाख कोशिशों के बाद भी हम अपना घोषित लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए। जनसंख्या में वृद्धि होने के साथ–साथ प्राकृतिक संसाधनों पर भार और बढ़ गया। जनसंख्या–वृद्धि के कारण कृषि के लिए व्यक्ति को भूमि कम उपलब्ध होगी, जिससे खाद्यान्न व पेयजल की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा लाखों लोग स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अच्छी शिक्षा और बेहतर आय के अवसरों से वंचित रह जाएंगे।

कुछ दशकों से जनसंख्या वृद्धि एक नई चुनौती बनकर हमारे सामने आई और आज भी इस पर काबू पाने में सरकार को कठिनाई हो रही है। जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम देश को भोगने पड़ रहे हैं। अधिक जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। लोगों के आवास के लिए कृषियोग्य भूमि और जंगलों को उजाड़ा जा रहा है। हरियाली कम होती जा रही है। चरागाह बहुत तेजी से रिहाइशी कॉलोनियों की भेंट चढ़ते गए हैं। भूजल के अंधाधुंध दोहन का दबाव बढ़ता जा रहा है और इसके चलते देश के कई इलाके 'डार्क जोन' में बदल गए हैं, यानी कितनी भी गहरी खुदाई की जाए वहां से पानी नहीं निकाला जा सकता। यदि जनसंख्या विस्फोट यों ही होता रहा तो बहुत–से लोगों के समक्ष जीने के बुनियादी संसाधनों का संकट खड़ा हो जाएगा।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# दिनभर काम करने के बाद मजदूर परिवार रात में सड़क किनारे खुले में सोने को मजबूर

## झारखंड, यूपी व एमपी से आये मजदूर परिवारों ने जैसलमेर में रेलवे स्टेशन रोड के किनारे बनाया बसेरा

- **इन मजदूर परिवारों को रात गुजारने के लिए रोड के किनारे झोपड़े बनाकर रहना पड़ रहा है**
- **जैसलमेर में करीब 150 से अधिक परिवार बाहर से आकर यहां मजदूरी का काम करते हैं**
- **पिछले दो वर्ष में मजदूरों के लिए रातें दर्दनाक साबित हो चुकी है**
- **दो अलग-अलग हादसों में 3 युवक जान गंवा चुके हैं। वहीं तीन मासूमों सहित 5 लोग घायल हो चुके हैं**

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर के शहरी क्षेत्र में रहवासियों की आय बेतहाशा बढ़ने से गली–गली में आलीशान बिल्डिंगें बनाने वाले मालिकों को मजदूर नहीं मिलने के कारण झारखंड, यूपी व एमपी के मजदूर परिवार जैसलमेर आकर कमठे का कार्य पांच सौ रूपए दिन में करने लगे हैं। इन मजदूर परिवारों को रात गुजारने के लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन की बाउंड्री के आगे और जैसलमेर–जोधपुर रोड के किनारे झोपड़े बनाकर रहना पड़ रहा है।

घर से हजारों किमी दूर रोजी रोटी की जुगाड़ में जैसलमेर आने वाले मजदूर परिवारों को यहां छत भी नसीब नहीं होती है। ये परिवार दिनभर मजदूरी करने के बाद रात में सड़क किनारे खुले में सोने को मजबूर है। शहर के गड़ीसर चौराहा से लेकर रेलवे स्टेशन तक सड़क किनारे करीब 150 से ज्यादा परिवार खुले आसमान के नीचे डेरा जमाए है। पिछले दो वर्ष में मजदूरों के लिए रातें दर्दनाक साबित हो चुकी है। दो अलग–अलग हादसों में 3 युवक जान गंवा चुके हैं। वहीं तीन मासूमों सहित 5 लोग गंभीर घायल हो चुके है। हादसों के बाद जिला प्रशासन व नगर परिषद की नींद खुलती है। एक दो दिन कार्रवाई करते हुए मजदूरों को यहां से खदेड़ दूसरी जगह शिफ्ट किया जाता है। लेकिन उसके कुछ दिन बाद फिर से मजदूर यहां आकर रहने लग जाते हैं। पूर्व में इस प्रकार की घटनाएं होने के बावजूद भी नगर परिषद व जिला प्रशासन कोई सबक नहीं ले रहा है।

काफी समय से ये लोग सड़क किनारे रह रहे हैं। इन्हें हटाने के लिए कभी कोई प्रयास नहीं किया गया। इस तरह की घटनाओं से सबक नहीं लेकर सुरक्षित जगह शिफ्ट करना किसकी जिम्मेदारी है? शहर से कुछ दूरी पर कई जगहें खाली पड़ी है, सड़क से बहुत अंदर की तरफ एक स्थान चिह्नित कर इन्हें वहां रखा जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ये मजदूर परिवार बिना छत के पार्कों में, फुटपाथ पर व सड़क किनारे रह रहे हैं। इतना ही नहीं यह सबको पता है कि ये खुले आसमान में रहते हैं तभी तो राजनीतिक पार्टियां, प्रभावशाली लोग व नगरपरिषद सर्दी के समय इन्हें कंबल आदि बांटने इन्हीं जगहों पर जाते हैं। फिर भी इस खतरे से अनजान किसी ने कोई कदम नहीं उठाया। जैसलमेर में करीब 150 से अधिक परिवार बाहर से आकर यहां मजदूरी का काम करते हैं। जैसलमेर में झारखण्ड के अलावा मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश से कई परिवार मजदूरी के लिए आते हैं। कुछ परिवारों को अविकसित पार्कों में जगह मिल गई तो वहां उन्होंने अपना निवास बना लिया, तो कुछ ने सड़क के किनारे ही डेरा जमा लिया। दिन भर मजदूरी की तलाश में रहते हैं और मजदूरी मिलने पर ही शाम को परिवार के लिए रोटी का इंतजाम हो पाता है। सड़क किनारे रहना इनकी मजबूरी है। शहर में केवल तीन रेन बसेरे हैं जहां इन्हें एंट्री नहीं है, क्योंकि ये लोग ग्रुप में आते हैं और दो चार परिवार साथ में रहते हैं। इनका कुछ महीनों के लिए यहीं अस्थाई निवास हो जाता है। इसलिए रेन बसेरे में इन्हें एंट्री नहीं मिलती। रेन बसेरे भी इनके लिए पर्याप्त नहीं है। इसी वजह से नगरपरिषद के रेन बसेरों में इन्हें जगह नहीं मिलती है। हादसों के बाद दो चार दिन के लिए इन्हें रेन बसेरों में शिफ्ट किया जाता रहा है। लेकिन कुछ दिन बाद मजदूर रेन बसेरों से वापिस बाहर आ जाते है।

आयुक्त, नगर परिषद लजपालसिंह सोढ़ा ने बताया कि रेलवे स्टेशन के आगे सड़क किनारे रहने वाले परिवारों को पूर्व में भी दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था। लेकिन यह वहां से वापिस आ जाते है। इनकों अब पुराने केंद्रीय बस स्टैंड में शिफ्ट किया जाएगा। एक दो दिन में होमगार्ड के जवान तैनात करवाकर शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग छात्रों ने हिमाचल के पहाड़ पर 101 फीट का तिरंगा लहराया

## छात्रों ने पतासलु हिल्स पर तिरंगा लहराकर जोधपुर का नाम रोशन किया है

- **इन दिव्यांगों ने बैसाखी से चलकर विशाल पर्वत पर तिरंगा लहराया है**
- **विकलांग शिक्षक सेवा संस्थान स्थित दिव्यांग छात्रावास के छात्र 17 अक्टूबर को रवाना हुए थे**

**जोधपुर,** (कासं)। विकलांग शिक्षक संस्थान की ओर से छात्रों ने हिमाचल की मनाली स्थित पतासलु हिल्स पर पहुंचकर 101 फीट का तिरंगा लहराया कर जोधपुर का नाम रोशन किया है। यह माउंटेन या हिल्स 14 हजार फीट की ऊंचाई पर है। प्रथम पुलिया चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित विकलांग शिक्षक सेवा संस्थान स्थित दिव्यांग छात्रावास के छात्र 17 अक्टूबर को रवाना हुए थे। वे हिमाचल में मनाली स्थित पतासलु माउंटेन पर पहुंचे जिसकी ऊंचाई लगभग 14000 फीट है, वहां उन्होंने भारत का 101 फीट का तिरंगा लहराया।

मिशन 101 आज सफल हुआ तो दिव्यांगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। 14000 फीट पहुंच कर अपना जोश दिखाया। भारत का तिरंगा पतासलु चोटी पर सभी दिव्यांगों ने जोश से भारत माता की जय जय कार से गूंजा दिया।

संस्थान के अध्यक्ष जवान बन गोस्वामी व उपाध्यक्ष अक्षय गौड, प्रहलाद राम तिवरी, महेंद्र रायका, जितेंद्र सिंह, नरपत राम, ईशाक खान, गणेशाराम, जगदीश राजपुरोहित, रामनिवास इन सभी दिव्यांगों ने राष्ट्रगान के साथ एक साथ खड़े होकर राष्ट्रीय ध्वज लहराया और भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जिनमें छात्रों के दोनों पांव या एक पांव नहीं है। इन दिव्यांगों ने बैसाखी से चलकर विशाल पर्वत पर 101 फीट का तिरंगा लहराया और लिम्का बुक रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाएंगे।

दिव्यांगों को यह अवसर जयपुर स्थित कंपनी 14 माउंटेन एडवेंचर के डायरेक्टर सोहन तंवर के नेतृत्व में प्रदान किया गया। सस्थान के निर्देशक विजय सिंह मेड़तिया ने बताया कि इन दिव्यांगों को गाइड करने के लिए खीमीराम, शेर सिंह, दुष्यंत गहलोत आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# पोकरण में रावण के पुतले का दहन नहीं हुआ

**पोकरण,** (निसं)। दशहरा के दिन रावण दहन का नजारा पोकरण शहर की जनता को मंगलवार को देखने को नहीं मिला। नगरपालिका प्रशासन द्वारा दशहरा के दिन रावण दहन कार्यक्रम को लेकर निविदा प्रक्रिया में वर्क आर्डर देने की तारीख के दिन अच्छा संहिता लगने के कारण पालिका प्रशासन द्वारा वर्क आर्डर नहीं दिया जा सका। वहीं शहर एवं आस–पड़ौस के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हर वर्ष की भांति रावण दहन कार्यक्रम एवं आकर्षक आतिशबाजी का नजारा देखने को नहीं मिला।

हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में एक विजयादशमी के दिन शहर के लोग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में रावण दहन का मेला देखने आए तो सही, लेकिन उन्हें यहां आने के बाद हताशा ही हाथ लगी। जिसका कारण नगरपालिका प्रशासन की उदासीनता है।

जानकारी अनुसार इस साल नगर पालिका के प्रशासन ने आचार संहिता से पहले रावण दहन की ऑनलाइन निविदा निकल गई थी। वही निविदा को खोलने एवं कार्य करने की तारीख 9 अक्टूबर को सुबह लगभग 12 बजे आचार संहिता की घोषणा हो गई। वहीं वर्कआर्डर दोपहर 2 बजे देना था, जो कि नियमानुसार आचार संहिता लगने के बाद वर्कआर्डर नहीं दिया जा सकता। जिसके चलते पालिका प्रशासन इस बार विजयदशमी के पर्व पर रावण दहन कार्यक्रम आम जनता को देखने को नहीं मिला। अधिकारियों को आचार संहिता के नियमों का पता नही था और आचार संहिता के बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर को रावण दहन की अनुमति मांगने पर उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। लोगों तक इस साल रावण दहन में नगरपालिका के द्वारा अनुमति मांगने में हुई चूक की जानकारी नहीं थी। जिसके कारण शाम के वक्त आस पास के गांव सहित शहर के कई लोग हर साल की भांति इस साल भी रावण दहन देखने पहुंच गए। बाद में उन्हें पता चला कि इस बार रावण दहन नहीं हो रहा है, तो वे वापस लौट गये।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 25 अक्टूबर, 2023**


आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, शतभिषा नक्षत्र दिन 1:30 तक, वृद्धि योग दिन 12:17 तक, विष्टि करण दिन 12:33 तक, चन्द्रमा गुरूवार प्रातः 5:38 पर मीन राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–तुला, बुध–तुला, गुरू–मेष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।


आज पापाकुशा एकादशी व्रत, भरत मिलाप, पंचक है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:23 तक, शुभ 10:47 से 12:11 तक, चर 2:59 से 4:22 तक, लाभ 4:22 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:35, सूर्यास्त 5:46


### मेष

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।


### वृष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।


### मिथुन

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।


### कर्क

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। यात्रा टालना ठीक रहेगा।


### सिंह

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### कन्या

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन में बना हुआ भय समाप्त होगा। दिनचर्या में सुधार होगा। आर्थिक परेशानियां दूर होने लगेंगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।


### तुला

परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच–विचार होगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### वृश्चिक

घर–परिवार के कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### धनु

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### मकर

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मीन

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

# 105 फीट ऊंचे रावण और 90 फीट ऊंचे कुंभकरण के पुतले का दहन



राजधानी जयपुर के आदर्शनगर में मंगलवार को दशहरा महोत्सव के दौरान हजारों लोग रावण दहन देखने पहुंचे। यहां 105 फीट का रावण और 90 फीट का कुंभकरण का पुतला दूर से ही नजर आ रहा था।

- आतिशी नजारों के बीच राजधानी जयपुर में दिखा विजय दशमी का उल्लास
- विद्याधरनगर स्टेडियम में भी 121 फीट ऊंचे रावण, 111 फीट ऊंचे कुंभकरण और 105 फीट ऊंचे मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया

**जयपुर** (कासं)। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में विजयादशमी (दशहरा) मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। बुराई के प्रतीक के रूप में जगह-जगह रावण के पुतलों का आतिशबाजी के साथ दहन किया गया।

दशहरे पर राजधानी जयपुर में अनुमानतः 10 हजार से अधिक की संख्या में रावण के छोटे-बड़े पुतलों का दहन किया गया। बच्चों में रावण दहन के प्रति खासा उत्साह देखा गया। कॉलोनियों में भी रावण दहन के कार्यक्रम हुए। रावण मंडियों से देर शाम तक रावण के पुतले बिकते रहे। रावण दहन का मुख्य आयोजन आदर्शनगर के दशहरा मैदान और विद्याधरनगर स्टेडियम में हुआ। यहां सौ फीट से भी ऊंचे रावण के पुतलों का दहन किया गया।

विद्याधरनगर स्टेडियम में आयोजित दशहरा मेले में बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित रावण दहन देखने पहुंचे। यहां पर 121 फीट ऊंचे रावण, 111 फीट ऊंचे कुंभकरण और 105 फीट ऊंचे मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। यहां पर विभिन्न व्यंजनों की स्टॉल लगाई गई थी। रावण दहन से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

श्री राम मंदिर प्रन्यास, श्री सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में आदर्शनगर में आयोजित दशहरा महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग रावण दहन देखने पहुंचे। यहां 105 फीट का रावण और 90 फीट का कुंभकरण का पुतला दूर से ही नजर आ रहा था। रावण दहन से पूर्व शानदार आतिशबाजी की गई, जिसमें नियाग्रा फॉल के जैसा नजारा दिखाई दिया। आसमान से रंगीन झरने बहते दिखे। सावन-भादो में जैसे आसमान से पानी की बूंदें बरसती हैं, वैसे ही आतिशी बूंदें बरसी। आसमान में कभी स्टार वार दिखा तो कफी फलक से अशर्फियों की बरसात होती दिखी। जमीन से सुनहरी अनार छूटे। बीच-बीच में धूमकेतु जैसा नजारा नजर आया। आकाश में दौड़ती हवाई मछलियां के बीच आक्टोपस रंगीनियां बिखेर रहे थे। जमीन से रंग-बिरंगी हवाइयां छूटी तो आसमान रंगीन हो उठा। रावण दहन के समय दशानन की आंखों से शोले और मुंह से आग के गोले निकलते रहे। उसकी तलवार से सुनहरी चिंगारियां फूट रही थी। जैसे ही राम ने रावण के पुतले नाभि में अग्नि बाण छोड़ा तो अट्टहास करता हुआ रावण धराशायी हो गया। रावण दहन के बाद राम मंदिर में भगवान राम का राज तिलक किया गया। इससे पूर्व श्रीराम मंदिर से गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रथ में विराजमान भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूपों के साथ भरत मिलाप, ताड़का वध की झांकी बैंडबाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए राम मंदिर पहुंची। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।



जयपुर के जय क्लब में पारंपरिक वेशभूषा में तैयार महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और पूजा की थाली में रखें सिंदूर को लेकर एक-दूसरे को लगाकर सिंदूर खेला की रस्म निभाई।

## लोकरंग में 25 राज्यों से आएंगे ढ़ाई हजार कलाकार

**जयपुर**, (का.सं.)। जवाहर कला केन्द्र की ओर से 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक 26वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले को लेकर तैयारियां जारी है। 11 दिवसीय महोत्सव में भारत का विराट लोक सांस्कृतिक स्वरूप जवाहर कला केन्द्र में साकार होगा। 25 राज्यों के ढ़ाई हजार से अधिक कलाकार लोकरंग में अपने प्रदेश की संस्कृति के रंग बिखेरेंगे। लोकरंग को लेकर केन्द्र की सोशल मीडिया टीम की ओर से एक विशेष कैम्पेन चलाया जा रहा है जिसमें वीडियो के माध्यम से विभिन्न लोक कलाओं की जानकारी कला प्रेमियों तक पहुंचायी जा रही है।

देश के विभिन्न प्रांतों से लोक कलाकारों को महोत्सव में आमंत्रित किया गया है। इनमें राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, तेलंगाना, बिहार, झारखंड, असम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ व अन्य शामिल है। महोत्सव में प्रतिदिन मध्यवर्ती में शाम सात बजे से लोक कलाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दिन केन्द्र से टिकट लेकर इसमें प्रवेश लिया जा सकेगा। मध्यवर्ती में होने वाली प्रस्तुतियों का जवाहर कला केन्द्र के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। शिल्पग्राम में लगने वाले राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में आगंतुक लोक कलाओं की प्रस्तुतियों का आनंद लेने के साथ-साथ दस्तकारों के हुनर को भी निहार पाएंगे।

# अब कांग्रेस में जगह-जगह विरोध के स्वर तेज हुए

- कृषि मंत्री कटारिया के अलग-अलग एफिडेविट भी बने समस्या का कारण

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में अभी तक कांग्रेस ने कुल मिलाकर 76 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं और इसी के साथ अब कांग्रेस में विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। महुआ, कामां ,सवाई माधोपुर ,बीकानेर के बाद अब करौली में भी विरोध के स्वर टिकट घोषित होने से पहले ही उठने लगे हैं। वही राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया की फर्जी मार्कशीटों का मामला भी कांग्रेस के गले की फांस बनता दिख रहा है।

कांग्रेस की ओर से निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुडला को उम्मीदवार बनाए जाने के खिलाफ वहां तमाम कांग्रेसी और निर्दलीय एकजुट हो गए हैं और हुडला के टिकट का विरोध कर रहे हैं। वहीं बीकानेर पश्चिम में शिक्षा मंत्री डॉ बीडी कल्ला को टिकट मिलने के खिलाफ विप्र बोर्ड के सदस्य राजकुमार किराडू ने बगावत करते हुए खुला विरोध की धमकी दी है। अब 2018 में कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने वाले पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने भी कांग्रेस को चेतावनी दी है कि यदि उन्हें टिकट नहीं दिया गया तो वह निर्दलीय ताल ठोकेंगे। दर्शन सिंह गुर्जर ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग धन बल के बल पर उनका टिकट काटना चाहते हैं, जबकि उनके पिता हंसराम गुर्जर 1977 में भी कांग्रेस के साथ रहे थे। वैसे जानकारी के लिए बता दें कि दर्शन सिंह गुर्जर करौली से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे। वहीं उसके बाद कांग्रेस के टिकट पर चुनाव हार चुके हैं। वही उनके पिता हंस राम गुर्जर 1977 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे, वहीं बाद में वह कांग्रेस का छोड़ गए थे।

इधर कृषि मंत्री लालचंद कटारिया की मार्कशीटों का मामला अब कांग्रेस के गले की पास बनता दिख रहा है। दरअसल कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र से लड़े विधानसभा चुनाव के दौरान दो अलग-अलग एफिडेविट में अलग-अलग जानकारी अपनी शिक्षा को लेकर दी है। कटारिया ने चुनाव आयोग में अलग अलग शपथ पत्र दिए हैं। कटारिया ने 2003 के विधानसभा चुनाव में आमेर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में भरे एफिडेविट में खुद को रायबरेली (यूपी) के इंटर कॉलेज से 12वीं पास बताया था। जबकि 2008 के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में भर अपने नामांकन के साथ झोटवाड़ा सीट से भरे एफिडेविट में खुद को 10वीं पास बताया था।

## जयपुर में 37 स्थानों पर पथ संचलन

**जयपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव राजधानी के 29 नगरों में 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख स्वांत रंजन ने तेजाजी नगर में आयोजित कार्यक्रम में संगठित शक्ति के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा भारत की विशेषताओ को सम्पूर्ण विश्व मानता है। हमें भारत की विशेषताओ का अध्ययन करना चाहिए। हमारे ऋषियों द्वारा दिए गए ज्ञान का अध्ययन करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य देश की भलाई के लिए है। हमें सम्पूर्ण हिन्दू समाज का संगठन करना है। प्रत्येक संचलन में तकरीबन डेढ़ सौ से सात सौ तक स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाते हुए, शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। वहीं घोष की स्वर लहरियों ने स्थानीय लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित किया। विभिन्न मोहल्ला विकास समिति, संगठनों एवं नागरिको की ओर से पथसंचलन पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया।

## खोले के हनुमानजी में 41 फीट के रावण के पुतले का दहन

**जयपुर**। श्री खोले के हनुमान मंदिर में विजयादशमी को वाल्मीकि रामायण और रामचरित मानस का विश्राम हुआ। शाम को 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि दोपहर को हवन की पूर्णाहुति हुई। भक्तजनों को हलवा और चने की प्रसादी वितरित की गई।

# महाराव शेखाजी को जयंती पर दीया कुमारी ने नमन किया



विद्याधर नगर प्रत्याशी दीया कुमारी ने मंगलवार को दादी का फाटक में श्री क्षत्रिय सेवा समिति की ओर से आयोजित महाराव शेखाजी की जयंती समारोह में भाग लिया।

**जयपुर**। विद्याधर नगर से भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा के दादी का फाटक में श्री क्षत्रिय सेवा समिति द्वारा आयोजित महाराव शेखाजी की जयंती समारोह में शिरकत की। उन्होंने महाराव शेखा जी को नमन करते हुए कहा कि जिस राजस्थान में महिलाएं अपने घर, शहर, गांव, खेत एवं खलिहान में सुरक्षित नहीं हैं, वहीं हमारे पूर्वज राव शेखा जी ने एक महिला की अस्मिता के लिए लड़ते हुए अपने प्राण दे दिये थे।

जनसम्पर्क के अगले पड़ाव में दीया कुमारी ने मुरलीपुरा में सिंधी पंचायत कार्यक्रम में भाग लिया। उसके पश्चात श्री राजपूत करणी सेना द्वारा आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इससे पूर्व उन्होंने विजयादशमी के उपलक्ष्य पर आयोजित विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 13 में पतंजलि योग समिति जयपुर एवं पतंजलि योगाथन द्वारा आयोजित श्री हनुमान चालीसा पाठ और शास्त्र एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और विश्व के कल्याण की प्रार्थना की। इसी उपलक्ष्य में दीया कुमारी बदल्यो बदल्यो राजस्थान द्वारा आयोजित विजयादशमी कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुईं। संघ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर दीया कुमारी ने ट्वीट करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अनुशासन के साथ राष्ट्रसेवा के मूलमंत्र से करोड़ों भारतीयों को प्रेरित किया है। इस उपलक्ष्य में दीया कुमारी ने विद्यानगर विधानसभा में आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में पुष्प वर्षा की।

# गलत अनुभव प्रमाण पत्र देकर नियुक्ति से वंचित क्यों किया?

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 से जुडे मामले में संविदारत नर्सिंग कर्मचारी को गलत अनुभव प्रमाण पत्र जारी कर नियुक्ति से वंचित करने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक, संयुक्त निदेशक अजमेर मंडल व टोंक सीएमएचओ सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश प्रदीप कुमार चौपदार की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 2013 से टोंक में जीएनएम के पद पर संविदाकर्मी के तौर पर काम कर रहा है। राज्य सरकार ने गत पांच मई को नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। जिसमें एकेडमिक अंकों व अनुभव के अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन करने का प्रावधान किया गया। याचिकाकर्ता ने भर्ती में एससी वर्ग में आवेदन किया। वहीं टोंक सीएमएचओ ऑफिस की ओर से याचिकाकर्ता को 29 मई को अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया गया, लेकिन इसमें याचिकाकर्ता को जीएनएम की बजाय सीएचओ बता दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से गलत अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने की सूचना तुरंत विभाग को दे दी, लेकिन प्रमाण पत्र की गलती सही नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने विभाग में बार-बार आपत्ति पेश की तो सीएमएचओ, टोंक ने जीएनएम का दूसरा अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के बजाए पुराने अनुभव प्रमाण पत्र में ही संशोधन कर दिया, लेकिन भर्ती के लिए इस प्रमाण पत्र को मान्य नहीं माना गया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता के अनुभव व एकेडमिक अंकों के आधार पर कट ऑफ से अधिक अंक बन रहे हैं। इसके बावजूद भी दस्तावेज सत्यापन के बाद 7 अक्टूबर को जारी अंतरिम सूची में याचिकाकर्ता को शामिल नहीं किया गया। विभाग की गलती के कारण उसे चयन से वंचित किया गया है और उससे कम अंक वाले अन्य अभ्यर्थियों को चयन सूची में शामिल किया गया है। याचिका में गुहार की गई है कि याचिकाकर्ता को चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## कांग्रेस के शासन में मुफ्त शिक्षा बनी मजाक : अमित गोयल

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राज्य में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा में आरटीई के तहत मुफ्त प्रवेश पाई बालिकाओं को 12वीं कक्षा तक फ्री शिक्षा का वादा करने वाली गहलोत सरकार अब इनकी फीस चुकाने में नाकाम साबित हुई है। इसके चलते राज्य के अलग अलग स्कूलों में अध्ययनरत बालिकाओं को फीस की दूसरी किस्त नहीं मिल पाने के कारण परेशान होना पड़ रहा है।

# आमेर में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ



आमेर में डॉ. सतीश पूनिया, सांसद राजेंद्र गहलोत और विधायक रामलाल शर्मा ने संतों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया।

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपने जन्मदिन और विजयादशमी के पावन अवसर पर राजधानी जयपुर में मोती डूंगरी श्री गणेशजी मंदिर, आमेर शिला माताजी और जयपुर के आराध्य श्री गोविन्द देवजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की खुशहाली एवं उन्नित की कामना की। सतीश पूनिया ने सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक जयपुर में रानी सती नगर स्थित जनपथ रोड पर अपने जनसंवाद केंद्र पर कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात की।

इसके बाद विधानसभा चुनाव को लेकर आमेर भाजपा कार्यालय का शुभारंभ डॉ. सतीश पूनिया, सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक रामलाल शर्मा ने संतों, कार्यकर्ताओं और आमजन की उपस्थिति में सीकर रोड स्थित टाटियावास टोल प्लाजा के पास किया।

डॉ. पूनिया ने संबोधित करते हुये कहा कि, आमेर का चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है, प्रत्येक कार्यकर्ता जमीन पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा और पिछली बार से अधिक रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करवाकर कमल खिलायेगा।

**खोया पाया**

मेरी मसूरी की ज़मीन देहरादून की 3 राजिस्ट्री खो गई है (.19 acr, .21 acr, .77 acr) जिसको मिले सुचित करने की कृपा करे। अजय गुप्ता, D-160C गंगा पथ, कबीर मार्ग, बानीपार्क, जयपुर 9928035568

**नाम परिवर्तन**

मेरी पत्नी का नाम मेरे आर्मी रिकार्ड में सुष्मिता शुक्ला दर्ज है, जो गलत है। सही नाम सुष्मिता है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना पहचाना जावे। गांव पूरे टीकाराम भेटुआ पो.देवरहा तहसील- अमेठी जिला अमेठी (उ.प्र.) पिन-227413

मैं विकास गुप्ता पुत्र हनुमान प्रसाद गुप्ता ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपनी बेटी का नाम समृद्धि से बदलकर समृद्धि गुप्ता कर दिया है। जरिये शपथ पत्र BL294528, दिनांक 23.10.23 नोटरी, जयपुर

I have changed my name from Anil Kumar Patni to Anil Kumar Jain therefore I will be known or distinguished in public by new name of Anil Kumar Jain, 501 Dher Ka Balaji, Sikar Road, Jaipur 302039 Rajasthan

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन**

(आदेश 5 नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या 1, झुन्झुनूं (राज.)
**आसू सिंह बनाम किशोर सिंह वगैरा**
दावा बाबत शून्य घोषित किये जाने विक्रय पत्र दिनांकित 27.01.2023 घोषणार्थ एवं स्थाई निषेधाज्ञा

मु.नं. 14/2023, C.I.S.No.: 49/2023 प्रेषित
1. किशोर सिंह पुत्र रामबक्स सिंह जाति, बारठ, निवासी श्यामपुरा (दिलोई), पोस्ट पूनिया का बास वाया चुडेला तहसील-बिसाऊ, जिला झुन्झुनूं (राज.) हाल आबाद रावतसर वार्ड नं.1 जोधा का बास, जिला- हनुमानगढ़ (राज.) 2. अशोक कुमार पुत्र सुभाषचन्द्र जाति जाट, निवासी बुढावास, तहसील रामगढ़ जिला चूरू (राज.) 3. मनोज कुमार पुत्र अमरसिंह, जाति जाट निवासी बोला की ढाणी, तहसील चिड़ावा जिला- झुंझुनूं (राज.) 4. बिशन कंवर उम्र-46 वर्ष, पत्नी सज्जन सिंह जाति चारण, निवासी प्लोट नं.100 गिरिराज विहार भूरा पटेल मार्ग, 200 फीट बाईपास, वैशाली नगर जयपुर, तहसील व जिला जयपुर (राज.) 5. सज्जन सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह, जाति चारण, उम्र 54 वर्ष निवासी प्लोट नं.100 गिरिराज विहार भूरा पटेल मार्ग, 200 फीट बाईपास, वैशाली नगर जयपुर, तहसील व जिला जयपुर (राज.)

वादी ने आपके विरूद्ध दावा पेश किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 17.11.2023 को दिन में 1.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हो, पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यह कि उक्त नोटिस आज तारीख 21.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायलय की मोहर लगाकर दिया गया है। (मोहर)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-1 झुन्झुनूं

# तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी में रावण के पुतले का दहन

## वर्ष 2019 में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा के टोडा रोड पर पहुंचने के दौरान हुए पथराव की घटना के साथ शुरू हुआ था विवाद

- सूर्यास्त के 48 मिनट बाद हुआ पुतले का दहन, सनातन धर्म व हिन्दू संस्कृति के विपरीत हुए रावण दहन को लेकर हिन्दू समाज में आक्रोश
- दशहरे के जुलुस के लिए परम्परागत मार्ग से नहीं मिली स्वीकृति, दशहरा महोत्सव समिति ने प्रशासन के नवीन मार्ग को अस्वीकारा

**मालपुरा, (निसं)।** बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में हिन्दू समाज द्वारा मनाये जाने वाले दशहरे के पर्व पर दशहरा महोत्सव समिति को परम्परागत मार्ग से भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकालने की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली। इसके चलते दशहरा महोत्सव समिति ने प्रशासन के नवीन मार्ग को अस्वीकार कर रावण दहन के कार्यक्रम से दूरियां बनाने के बाद एसडीएम मनोज कुमार वर्मा ने सनातन धर्म व हिन्दू संस्कृति की परम्पराओं के विपरीत जाकर विवादों के साये में चार थानों की पुलिस व अतिरिक्त पुलिस बल की निगरानी में रात के अंधेरे में रावण के पुतले का दहन किये जाने के बाद शहरवासियों व हिन्दू समाज में प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी देखी गई।

दशहरा महोत्सव समिति व रामलीला आयोजन समिति द्वारा हिन्दू संस्कृति व सनातन धर्म की परम्पराओं का निर्वहन करते हुए शारदीय नवरात्रा स्थापना के साथ ही केदारनाथ मंदिर प्रांगण में रामलीला का मंचन शुरू किया गया। आजादी के बाद से हिन्दू समाज व दशहरा महोत्सव समिति द्वारा दशहरे का जुलूस निकाल गणगोरी मैदान पर राम-रावण के बीच संवाद के पश्चात भगवान राम के द्वारा रावण के पुतले को अग्नि बाण लगा दहन किया जाता रहा है। वर्ष 2019 में भगवान श्री राम की शोभायात्रा के टोडारोड पर पहुंचने के दौरान हुए पथराव की घटना के साथ ही शुरू हुये विवाद के चलते तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों ने मालपुरा में दोनों ही समुदायों के धार्मिक जुलूस व यात्राओं के परम्परागत मार्गों पर प्रतिबंध लगा नवीन मार्ग निर्धारित किये गये। लेकिन दोनों ही समुदायों ने नवीन मार्गों को अस्वीकार कर दिया। बीते चार साल से जुलूस के मार्ग को लेकर प्रशासन व हिन्दू समाज के बीच चल रहे विवाद के चलते प्रशासनिक अधिकारी ही नगरपालिका के सहयोग से रावण के पुतले का दहन कर रहे हैं।

विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में आचार संहिता व धारा 144 लगी होने के कारण राजनैतिक पृष्ठभूमि के लोगों ने मंगलवार को दशहरा पर्व से दूरियां बनाई रखी। समिति द्वारा पुराने मार्ग से स्वीकृति नहीं मिलने पर शोभायात्रा नहीं निकालने और ना ही रावण दहन कार्यक्रम करने की लिखित में सूचना के बावजूद प्रशासन की सांसें फूली रही। चार थानों की पुलिस सहित अतिरिक्त सुरक्षा बलों की शहर में चप्पे-चप्पे पर तैनातगी की गई। तो अधिकारियों ने जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। वहीं गणगौरी मैदान पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा लगाये रावण के पुतले की सुरक्षा चाकचौबंद की गई।

मंगलवार की देर शाम साढे छह बजे तक भी रावण दहन नहीं होने पर शहर में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। देर शाम गणगौरी मैदान पहुंचे एसडीएम मनोज कुमार वर्मा ने एएसपी पुष्पेन्द्र सिंह, डीएसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़, तहसीलदार व नगरपालिका ईओ की मौजूदगी में कड़ी पुलिस सुरक्षा में 6 बजकर 35 मिनट पर बिना पूजा अर्चना व राम-रावण संवाद के ही रावण के पुतले का दहन किया गया। जबकि भारतीय संस्कृति में सूर्य की साक्षी में ही रावण दहन होना दर्शाया गया है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संविधान व संस्कृति के विपरीत रात के अंधेरे में रावण के पुतले का दहन करना आमजन में कौतुहल का विषय बन गया है।


मालपुरा में अंधेरे में हिन्दु संस्कृति व सनातन धर्म के विपरीत जाकर रावण के पुतले का दहन किया।

# अरड़ावता में प्रियंका गांधी की सभा आज

## शीशराम ओला की मूर्ति का अनावरण होगा


अरड़ावता में सभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

- कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की राजस्थान में यह तीसरी बड़ी जनसभा होगी

**झुंझुनू, (निसं)।** जिले के अरड़ावता गांव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री शीशराम ओला की मूर्ति का अनावरण बुधवार सुबह सवा 11 बजे किया जाएगा। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मूर्ति का अनावरण करेगी। इसके बाद प्रियंका गांधी स्टेडियम में जनसभा को भी सम्बोधित करेंगी।

प्रियंका गांधी की राजस्थान में यह तीसरी बड़ी जनसभा होगी इससे पूर्व 10 सितम्बर को टोंक जिले के निवाई व 20 अक्टूबर को दौसा जिले के सिकराय में जनसभा कर चूकी हैं जहां भारी जन सैलाब उमड़ा था। गांधी की अरड़ावता में यह तीसरी बड़ी जनसभा होगी। सडक़ परिवहन मंत्री एवं झुंझुनू विधायक बृजेन्द्र ओला के नेतृत्व में होने वाली विशाल जनसभा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व राजस्थान सह प्रभारी काजी निजामुदीन भी सम्बोधित करेंगे। सभा में साठ हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई हैं।

पार्किंग की व्यवस्था अरड़ावता से गिडानिया की ओर जाने वाली सड़क की तरफ की गई हैं। मंगलवार को देर रात तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था। इस मौके पर मंत्री ओला सहित पंसस अमित ओला, महेन्द्र झाझडिय़ा, गिडानिया ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष व वरिष्ठ पार्षद अजमत अली, आंकाक्षा ओला, पितराम काला, सुशील पायल, कुरडाराम ओला, पूर्व जिला प्रमुख डॉ राजबाला ओला, पूर्व उप सभापति झुंझुनू विरेन्द्र डारा, राकेश झाझडिय़ा, प्रेम कस्वां, पप्पू पीरजी, महेन्द्र जानू, सुनिल जानू, विनय ठेकेदार, मोहर सिंह सोलाना, सतवीर धतरवाल सहित टीम ओला के अनेक कार्यकर्ताओं ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

# 'सिचांई के लिए पानी नहीं तो होगा बड़ा आन्दोलन'

**टोंक, (निसं)।** पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने एक बयान जारी कर बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सिंचाई के लिए बीसलपुर बांध से पानी नहीं छोड़ा गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व विधायक मेहता ने कहा कि, जिला प्रशासन ने सिंचाई के लिए बीसलपुर बांध से पानी नहीं छोड़ने का निर्णय लिया हैं जो किसानों के हित में नहीं हैं। जबकि किसानों की आजीविका इसी फसल पर निर्भर हैं। उन्होंने बताया कि अभी फसल बुवाई का समय हैं किसानों को फसल बुवाई के लिए पानी की आवश्यकता रहती हैं यदि समय रहते बीसलपुर बांध से सिचाई के लिए पानी नहीं छोड़ा गया तो हजारों हेक्टेयर भूमि बिना बुवाई के रह जाएगी। मेहता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसानों के हित में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बीसलपुर बांध से पानी छोड़ा जाये ताकि किसानों की आजीविका प्रभावित नहीं हो सके।

# तीन टन पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

- 15 लाख रुपए से ज्यादा बताई कीमत

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उदेई मोड थाना पुलिस व डीएसटी की टीम ने सोमवार शाम नहर रोड स्थित धन्वंतरी कॉलोनी में एक गोदाम पर छापा मार कर 3 टन से अधिक पटाखे सहित अन्य सामग्री जब्त की है।

थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि संजय अग्रवाल पुत्र सुरेश चन्द्र अग्रवाल निवासी धन्वंतरी कॉलोनी ने आबादी के बीच अपने रहवासी मकान में भारी मात्रा में अवैध पटाखों का स्टॉक कर रखा था। सूचना मिलने पर उदेई मोड पुलिस व डीएसटी टीम ने दबिश देकर मौके से 3 टन 4 क्विंटल पटाखे जब्त किए। जब्त किए गए पटाखों की कीमत 15 लाख रुपए से ज्यादा है। थानाधिकारी ने बताया कि इस मामले में संजय अग्रवाल पुत्र सुरेश अग्रवाल निवासी धन्वंतरी कॉलोनी नहर रोड को गिरफ्तार किया है। मामले में पकडे गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# पद से रिलीव करने के आदेश पर कलेक्टर व एडीएम आमने-सामने

- कलेक्टर ने पद से किया रिलीव, एडीएम बोले कि न कार्यमुक्त हुआ और न माना जाएगा
- एडीएम ने इसे चुनाव आयोग के आदेश और कार्मिक विभाग के नियमों के विपरीत बताया

**बालोतरा, (निसं)।** चुनाव आचार संहिता के दौरान चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग और कार्यमुक्त करने की प्रक्रिया पर रोक है, लेकिन पिछले दिनों बालोतरा कलेक्टर ने एक आदेश जारी करके ब्यूरोक्रेसी में बवाल मचा दिया।

बालोतरा कलेक्टर राजेन्द्र विजय ने आदेश जारी कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर बालोतरा अश्विन के पंवार को पद से रिलीव करके बाडमेर जिला मुख्यालय भेज दिया। इस आदेश पर अब दोनों ही अधिकारी आमने-सामने हो गए। पिछले सप्ताह 18 अक्टूबर को जारी इस आदेश में उन्होंने पंवार को प्रशिक्षण प्रकोष्ठ का सहायक प्रभारी अधिकारी पद पर कार्य करने के लिए रिलीव किया, क्योंकि 12 अक्टूबर को बाडमेर कलेक्टर ने आदेश जारी करके अश्विन के पंवार को जिला मुख्यालय बाडमेर में उपस्थित रहकर सीईओ जिला परिषद बाडमेर संग समन्वय करके चुनाव प्रशिक्षण संबंधी कार्य में सहयोग देने के निर्देश दिए थे। इन्हीं आदेशों के बाद बालोतरा कलेक्टर ने एडीएम को पद से ही रिलीव करके बाडमेर मुख्यालय में सेवाएं देन के आदेश दे दिए।

**पद से रिलीव करने पर बढ़ा विवाद :-** विवाद की जड़ पद से रिलीव करना है। बालोतरा कलेक्टर ने एडीएम को पद से रिलीव करते हुए बाडमेर में अपनी सेवाएं देने के आदेश दे दिए। इस पर एडीएम ने इसे चुनाव आयोग के आदेश और कार्मिक विभाग के नियमों के विपरीत बताया। एडीएम ने कलैक्टर बालोतरा को ही पत्र लिखकर कहा कि किसी भी आईएएस या आरएएस अधिकारी जो चुनाव कार्य में लगा हो, उसे चुनाव आयोग की बिना अनुमति के पद से रिलीव नहीं किया जा सकता।

पत्र में लिखा न कार्यमुक्त हुआ, न माना जाए पत्र में एडीएम ने लिखा कि मैं मौजूदा पद पर रहते हुए चुनाव का काम कर दूंगा, लेकिन अतिरिक्त जिला कलैक्टर के पद से न तो मैं कार्यमुक्त हुआ हूं और न कार्यमुक्त मुझे माना जाएगा। अगर किसी आरएएस अधिकारी को पद से रिलीव करके चुनाव कार्य में लगाया जाता है तो उसके आदेश कार्मिक विभाग से निकाले जाते हैं।

**ब्यूरोक्रेसी में चर्चा का विषय :-** बालोतरा कलेक्टर का ये आदेश इन दिनों ब्यूरोक्रेसी में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि एक कलेक्टर कैसे एक आरएएस अधिकारी को पद से रिलीव कर दूसरे जिले में भेज सकता है। जबकि नियम ये है कि अगर किसी व्यक्ति को चुनाव कार्य करते हुए अतिरिक्त दूसरा कार्य दिया जाता है तो उस मौजूदा पद पर रहते हुए चुनाव कार्य कर सकता है।

# ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी

- व्यवसायी को ऑनलाइन ठगों ने मुनाफा कमाने का झांसा दिया था

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर के एक व्यवसायी से ऑनलाइन ठगों ने स्टॉक ट्रेडिंग में राशि लगाकर मुनाफा कमाने का झांसा देकर करीब डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी कर ली। साइबर थाना पुलिस ठगों का पता लगा रही है और राशि रुकवाने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि पवन कुमार बंसल पुत्र ओमप्रकाश निवासी डी ब्लॉक ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीमारी की वजह से घर पर ही चार माह से आराम कर रहा था। इसी दौरान तीन अगस्त फेसबुक मैसेंजर पर इन्वेस्ट नोट नाम की आईडी से मैसेज आया कि स्टॉक ट्रेडिंग कराएंगे, जिससे अच्छा लाभ हो सकता है। इस पर क्लिक करते ही उनके वाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया। ठगों ने लाइव एक्सेस भेजकर सुबह-शाम एक-एक घंटे ऑनलाइन क्लास भी दी। इसके बाद जिरोधा फाइनेंसल ब्रोकर में खाता खुलवाया लिया और उनके बताए अनुसार खरीद व बेचान करता रहा। एक व्यक्ति जो खुद को आर्यन गुप्ता बता था। जो ग्रुप में मैसेज करता था। उसने मैसेज किया कि उसके दोस्त अमेरिका में है, जहां सब इंस्टीट्यूशनल अकाउंट खुलवा देता हूं। इससे ज्यादा फायदा होगा।

पीड़ित उसके झांसे में आ गया। मैसेज करके बताया कि इस खाते में कम से कम 40 लाख रुपए जमा कराने होंगे। इस पर एक एप का लिंक भेजा, जिसको डाउनलोड करने के बार जिरोधा एक स्टॉक विड्रा कर दिया और नए में 63 लाख 50 हजार रुपए डाल दिए। उसके बताया गया कि जो भी लाभ होगा, उसमें से बीस प्रतिशत देना होगा। इस पर 4 अक्टूबर को 50 हजार रुपए निकाले तो 48525 रुपए आ गए।

11 अक्टूबर को 25 लाख विड्रा करना चाहा लेकिन राशि नहीं आई। कस्टमर केयर पर बात की तो बताया कि आर्यन गुप्ता को 20 प्रतिशत राशि 14 लाख 50 हजार देने होंगे। उसने यह राशि जमा करवा दी। इसके बाद भी राशि उसके खाते में नहीं आई। इसके बाद बहानेबाजी करने लगे। संदेह होने पर उसकी ओर से राशि जमा नहीं कराई, तो सभी विड्रॉल रोक दी गई। इस तरह आरोपियों ने एक करोड़ 45 लाख 25 हजार 942 रुपए, जिसमें लाभ की राशि भी शामिल है, जिसकी ठगी कर ली। पुलिस ने धारा 419, 420 व 66 डी आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच इंस्पेक्टर महेश शीला को सौंपी है। पुलिस राशि रुकवाने का प्रयास कर रही है।

सीओ सिटी प्रशांत कौशिक का कहना है कि ऑनलाइन ठग ठगी करने के लिए नित नए तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में लोग ठगों की ओर से लाभ के लिए दिए जाने वाले झांसे में नहीं आएं। किसी भी अज्ञात व्यक्ति की ओर से भेजी गई किसी लिंक पर क्लिक नहीं करें। अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल या मैसेज पर रियेक्ट नहीं करें। इसके बाद भी कोई व्यक्ति लगातार मैसेज या लिंक भेज रहा है, तो उसकी पुलिस को सूचना दें।

# युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** नोहर थाना पुलिस ने नशे में इस्तेमाल होने वाले 544 कैप्सूल बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार नोहर पुलिस थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में रात को गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम साहवा मार्ग पर पहुंची तो हाथ में प्लास्टिक की थैली लेकर खड़े एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। शक होने पर युवक को काबू कर थैली खोलकर देखी तो उसमें ट्रॉमाडोल के 544 कैप्सूल मिले। पुलिस ने नशीले कैप्सूल बरामद कर मौके से फिरोज खां उर्फ गुड्डू (30) पुत्र मुंशी खां निवासी वार्ड 28, नोहर को गिरफ्तार कर लिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## दुष्कर्म से आहत पीड़िता ने आत्महत्या कर ली थी

**बौंली, (निसं)।** घर से भाग कर आए एक प्रेमी व प्रेमिका युगल को अपने घर में शरण देकर नाबालिग से जबरदस्ती दुष्कर्म करने पर पीड़िता को आत्महत्या के लिए विवश कर देने के आरोपी राजकुमार उर्फ पप्पू लाल मीणा उम्र 36 वर्ष को बौंली पुलिस ने मुखबरी की सूचना पर उसके गांव घर से ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

बौंली सर्किल इंस्पेक्टर हरलाल सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर 2022 को मुकदमा नंबर 504/2022 में नाबालिग मृतका के प्रेमी के पर्चा बयान के आधार पर दर्ज मुकदमे के अनुसार बताया था कि मैं व मेरी नाबालिग प्रेमिका एक गांव से घर से भाग कर राजकुमार उर्फ पप्पू लाल के यहां आकर शरण ली।

पप्पू लाल के यहां हम 22 दिसंबर से लेकर 26 दिसंबर तक रहे इसी दौरान मेरी अनुपस्थिति में आरोपी पप्पू लाल ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया इससे आहत होकर मेरी नाबालिग प्रेमिका ने आत्महत्या करने के लिए हम दोनों ने जहर पी लिया एवं सड़क के किनारे जाकर पड़ गए। जिससे नाबालिग की मौत हो गई और मुझे चिकित्सकों ने बचा लिया। नादौती पुलिस ने भगाकर लाने वाले खुशीराम को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था और यह शरण देकर नाजायज फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला 10 माह से फरार चल रहा था।

# यात्रियों से भरी बस बेकाबू होकर खाई में गिरी, एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल

## पांच की स्थिति गंभीर बनी हुई है, भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल रेफर किया

- प्राईवेट बस यात्रियों को लेकर भीलवाड़ा से कोटड़ी आ रही थी, बस की स्पीड काफी तेज थी
- सड़क पर गड्ढे होने से बस बेकाबू हो गई और पलटी खाकर खाई में गिर गई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में सवारियों से भरी हुई प्राइवेट बस मंगलवार सुबह बेकाबू होकर खाई में गिर गई। अचानक से हुए हादसे के चलते मौके पर सनसनी फैल गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने बस के यात्रियों की मदद की। इधर हादसे की सूचना मिलने के बाद कोटडी सीओ श्याम सुंदर विश्नोई व थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण गुर्जर सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। हादसे में एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। इनमें से पांच की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। जिन्हें भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

कोटड़ी सीओ श्याम सुंदन विश्नोई ने बताया कि मंगलवार सुबह एक प्राईवेट बस यात्रियों को लेकर भीलवाड़ा से कोटड़ी आ रही थी। बस की स्पीड काफी तेज थी और सड़क पर काफी गड्ढे हो रखे थे। इसके चलते सांतोला खेड़ा के पास बस बेकाबू हो गई और पलटी खाकर सड़क के किनारे खाई में गिर गई। इस हादसे में सब में सवार सुवाणा निवासी जगदीश (35) पुत्र नारायण गाड़री, कुवाड़ा खान निवासी अन्नु (25) पत्नी संदीप ढोली, नवीन (6) पुत्र संदीप ढोली, धानमंडी निवासी राजेश (50) पुत्र गुलाबचंद कंसारा, नेहरू नगर निवासी गीता (50) पत्नी कालूलाल तेली, मारूती नगर निवासी नाजिया बानो (77) पत्नी अजीज हुसैन, कोदू कोटा निवासी नंदिनी (16) पुत्री राजूलाल लखारा, कृष्णा (60) पत्नी मुकेश कुचबंदा, पारोली निवासी तन्नु (7) पुत्री शंकरलाल धोबी, भिनाया बांदवाड़ा निवासी मंजू (45) पत्नी अशोक सांसी, नीम का खेड़ा मांडलगढ़ निवासी शंकरलाल (32) पुत्र गोपाललाल प्रजापत व पारोली निवासी सबाना (32) पत्नी हबीद हुसैन घायल हुए है। वही रोपा पारोली निवासी ग्यारसी देवी (30) पत्नी शंकरलाल धोबी व आमली हमीरगढ़ निवासी नारायण पुत्रसत्तूधोबी की मौत हो गई।


हादसे में घायल हुये यात्रियों का अस्पताल में उपचार किया।

# ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार 11 श्रद्धालु घायल

## राजगढ़ थानान्तर्गत एनएच-52 श्योपुरा के पास हुआ हादसा, पांच गंभीर, हिसार रैफर किया

- ट्रैक्टर में सवार होकर हिसार से सालासर जा रहे थे श्रद्धालु
- राजगढ़ थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थानान्तर्गत एनएच-52 श्योपुरा के पास एक ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर में सवार होकर हिसार से सालासर जा रहे 11 लोग घायल हो गये, जिनमें पांच लोगों की गंभीर हालत होने पर हिसार रेफर कर दिया।

राजगढ़ थाने में श्यामलाल पुत्र अमरसिंह सैनी उम्र 31 साल निवासी विनोद नगर जिला हिसार हरियाणा ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि वह अपने परिवार के साथ ट्रेक्टर पर सवार होकर 22 अक्टूबर को सवार होकर हिसार से सालासर बालाजी के धोक लगाने जा रहे थे तथा अपनी सही दिशा में चल रहे थे। जब वे गांव श्योपुरा के पास पहुंचे तो पीछे से एक ट्रक के चालक ने लापरवाही, गफलत से चलाकर उनके ट्रेक्टर के टक्कर मारी, जिससे ट्रेक्टर में सवार त्रीलाक, रेनू, राजपाल, बबीता, रजनी, सपना, मुकेश, दिपीका, सजना, मनू व श्यामलाल के चोट लगी तथा चोट लगने के बाद एम्बुलेंस से राजगढ़ के श्रीनाथ हस्पताल में लेकर आये, जहाँ रेनू, बबीता, रजनी, दिपीका, सपना के सिर व शरीर पर गंभीर चोटे होने के कारण हिसार रेफर कर दिया, जिनका जिन्दल हॉस्पीटल में ईलाज चल रहा है और अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुटटी दे दी गई है। बताया गया है कि रेणु व रजनी की हालत गम्भीर है एवं बबिता, दीपिका व सपना के गले में फ्रेक्चर है। आरोप है कि ट्रक के चालक ने तेजगति व गफलत से दुघर्टना कारित की है। राजगढ़ थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# मंदिर माफी की जमीन पर बसी ''श्रीनाथ एनक्लेव'' कॉलोनी के नियमन में बड़ी तत्परता दिखाई जे.डी.ए. ने

## सिरसी रोड पर 17 हजार वर्गमीटर भूमि पर काटी गई है आवासीय स्कीम, बसावट से पहले ही कर दिया नियमन

- कार्यालय संवाददाता -

**जयपुर**। सिरसी रोड पर मंदिर माफी की 17 हजार वर्गमीटर जमीन पर बसाई गई ''श्रीनाथ एनक्लेव'' आवासीय कॉलोनी का नियमन करने में जेडीए के अफसरों ने बड़ी तत्परता दिखाई है। कॉलोनाइजर नरेशचंद पूनियां और अजय कासलीवाल ने जैसे-जैसे जेडीए के अफसरों को कहा, वैसे-वैसे ही अफसर काम करते गए। फिर चाहे 90-ए के जरिए भू-उपयोग आवासीय करने बात हो या नियमन शिविर लगाने की। उपायुक्त से लेकर तहसीलदार और बाकी अफसरों ने तुरंत फाइल निकाली और नियमन शिविर लगा दिया।

सूत्रों की मानें तो सिरसी ग्राम के खसरा नंबर 5, 528, 535 और 831 की भूमि, जो कि मंदिर माफी में दर्ज थी। उसके संबंध में 4 अप्रैल 2022 को जयपुर ए.डी.एम. द्वितीय ने एक फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने इन 4 खसरों में से 2 खसरों (528 व 535) की जमीन को जागीरदारी की भूमि मानते हुए इस पर पुजारी परिवार का हक माना और शेष 2 खसरों की जमीन का प्रकरण राजस्व मंडल अजमेर को भेजने की सिफारिश कर डाली। मजेदार बात यह हैं कि जिन 2 खसरों की भूमि को उन्होंने पुजारी परिवार की माना, उस पर आनन-फानन में ''श्रीनाथ एनक्लेव'' के नाम से कॉलोनी कटी और तुरंत नियमन भी हो गया।

जैसे ही जयपुर अतिरिक्त कलेक्टर द्वितीय का यह फैसला आया, उसके चंद दिनों बाद 10 जून को नरेशचन्द पूनियां और अजय कासलीवाल ने खसरा नंबर 528 की 9864 वर्ग मीटर भूमि तथा खसरा नंबर 535 की 7208 वर्ग मीटर भूमि का आवासीय उपयोग के लिए जेडीए में 90ए के लिए आवेदन किया। इसके बाद 23 जून को जोन 12 के तत्कालीन उपायुक्त ने तहसीलदार से इन दोनों खसरों के संबंध में तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी। इस पत्र पर तहसीलदार ने अगले ही दिन जवाब भेजते हुए कहा कि, इन दोनों खसरों की जमीन मंदिर माफी की नहीं हैं। इसके बाद 6 जुलाई को इस 17 हजार वर्गगाज भूमि की 90ए की कार्यवाही कर दी गई।

तत्पश्चात 8 जुलाई को नरेशचन्द और अजय कासलीवाल ने जोन उपायुक्त को आवेदन कर ''श्रीनाथ एन्क्लेव'' कॉलोनी का नक्शा पास करने के लिए कहा। उनकी मांग पर जेडीए के अफसरों ने मेहरबानी दिखाकर तुरंत जेड.एल.सी. की बैठक बुलाकर 87 आवासीय, 4 कमर्शियल और 20 रिटेल कमर्शियल भूखंडों वाली इस कॉलोनी का नक्शा भी पास कर दिया। इस काम में उपायुक्त, तहसीलदार और उप नगर नियोजक ने इतनी जल्दबाजी दिखाई कि एजेंडा नोट पर तारीख डालना भी भूल गए।




**सिरसी रोड पर मंदिर माफी की विवादित भूमि पर बसी ''श्रीनाथ एन्क्लेव'' आवासीय कॉलोनी में अधिकांश भूखंड खाली पड़े होने के बावजूद जेडीए प्रशासन ने इस स्कीम का नियमन कर दिया।**

- **मजेदार तथ्य यह है कि जयपुर ए.डी.एम. द्वितीय ने अप्रैल 2022 में फैसला सुनाते हुए मंदिर माफी के 4 खसरों में से 2 खसरों की भूमि को जागीरदारी की भूमि मानते हुए इस पर पुजारी परिवार का हक माना और शेष 2 खसरों की जमीन का प्रकरण राजस्व मंडल अजमेर को भेजने की सिफारिश की**
- **उधर कॉलोनाइजर नरेशचंद पूनियां ने 17 नवंबर 2022 को एसडीएम कोर्ट में ''मंदिर रघुनाथजी'' के साथ आपसी राजीनामा दिखाकर केस विड्रा कर लिया, जिसके बाद जेडीए अधिकारियों ने मात्र 10 दिन में ''श्रीनाथ एनक्लेव'' कॉलोनी का नियमन कैंप लगा दिया**

इस कारनामे के बाद कॉलोनाइजर नरेशचंद पूनिया ने 17 नवंबर को जयपुर एस.डी.एम. कोर्ट में जाकर ''मंदिर रघुनाथ जी'' के साथ आपसी राजीनामा दिखाकर केस विड्रो कर लिया। उधर कॉलोनाइजर पर मेहरबानी दिखा रहे जेडीए के अफसरों ने भी इस राजीनामे को आधार बनाते हुए 29 नवंबर को इस कॉलोनी का नियमन कैंप लगाने की घोषणा कर डाली। आनन-फानन में 3 दिन बाद ही 1 दिसंबर को ''श्रीनाथ एन्क्लेव'' का नियमन कैंप लगा दिया, जबकि मौके पर कोई बसावट ही नहीं थी। जबकि जेडीए द्वारा उन्हीं कॉलोनियों का नियमन किया जाता है, जिनमें 60 फीसदी से ज्यादा बसावट हो चुकी हो। इसके बावजूद जेडीए के अधिकारियों को इस कॉलोनी के नियमन की इतनी जल्दबाजी थी कि उन्होंने मौके पर जाकर बसावट देखी तक नहीं।

उधर जोन उपायुक्त सुनील पूनिया का कहना है कि निजी खातेदारी की स्कीम का नियमन कैंप बिना बसावट भी लगाया जा सकता है, हालांकि वह यह नहीं बता पाए कि अगर जमीन मंदिर माफी से बाहर थी तो फिर कॉलोनाइजर ने एसडीएम कोर्ट में कैसे मंदिर श्री रघुनाथजी के साथ समझौता किया। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि, मुझे मामले की ज्यादा जानकारी नहीं है, ऑफिस में प्रकरण की फाइल देखकर ही जानकारी दे सकूंगा।

# मजदूर की हत्या कर फरार हुए कार सवार बदमाश

- **कालवाड़ कस्बे में गंगा माता मंदिर के पास की घटना**
- **युवक की हत्या के विरोध में परिवार के लोगों और स्थानीय निवासियों ने थाने का घेराव किया**

**जयपुर**। कालवाड़ इलाके में आपसी झगड़े का बदला लेने के लिए एक मजदूर की हत्या कर दी गई। दरअसल, कालवाड़ कस्बे स्थित बीयर बार में हुई कहासुनी के बाद आरोपियों ने गाड़ी से टक्कर मारकर और सिर पर डंडे से वार कर मजदूर की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं, जबकि पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं, मंगलवार सुबह सुबह घटना से आक्रोशित लोगों ने थाने पर प्रदर्शन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने जल्द वारदात के खुलासे का आश्वासन दिया तो मामला शांत हुआ।

थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया घटना सोमवार रात 11 बज कर 45 मिनिट की कालवाड़ कस्बे में गंगा माता मंदिर के पास की है। यहां कार सवार युवकों ने पैदल चल रहे रामलाल गुर्जर (40) पुत्र गोपी राम गुर्जर निवासी गांव मूंडोता को गाड़ी से टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गया। उस पर लाठी डंडो से हमला बोल दिया। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में रामलाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि रामलाल रात करीब 8 बजे अपने दोस्तों के साथ कालवाड़ स्थित बीयर बार गया था, जहां उसकी कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। तब आपस में हल्की हाथापाई के बाद मामला शांत हो गया। इसके करीब ढाई घंटे बाद युवक वापस आए और रामलाल की हत्या कर फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कालवाड़ कस्बे में सीवरेज लाइन का काम चल रहा है। मृतक रामलाल गुर्जर इस प्रोजेक्ट में ही मजदूरी कार्य कर रहा था। मृतक के चार बच्चे है। वह परिवार में इकलौता कमाने वाला था, जिसकी मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है।

एसीपी झोटवाड़ा सुरेन्द्र सिंह राणावत का कहना है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया है। घटनास्थल के आस-पास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# झोटवाड़ा की फैक्ट्री में बनाई जा रही थी नामी कंपनियों की नकली बीड़ी

## झोटवाड़ा के संजय नगर में थी यह अवैध फैक्ट्री

**जयपुर (कासं)**। पुलिस मुख्यालय की सीआईडी क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम की सूचना पर बिंदायका इलाके के सिरसी गांव के पास नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री के खुलासे के बाद अब झोटवाड़ा के संजय नगर में नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई है। मौके से नामी कंपनियों की तैयार बीड़ी के बंडल, खाली रैपर, टेप व 50 सील मोहर बरामद किये गए। कार्रवाई के दौरान मौके पर फैक्ट्री मालिक व कोई कर्मचारी नही मिला।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल रामनिवास, शंकर दयाल शर्मा व कमल सिंह को जयपुर के झोटवाड़ा क्षेत्र में नामी कंपनियों की बीड़ी बनाने की फैक्ट्री संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना को एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में विकसित किया गया।

एडीजी एमएन ने बताया कि सूचना की पुष्टि होने पर झोटवाड़ा एसएचओ को सूचना दी गई। उन्होंने इलाके के संजय नगर क्षेत्र में संचालित नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पर दबिश दी। मौके से नामी कंपनियों के करीब 20 हजार बीड़ी के तैयार बंडल व इतने ही बण्डल बनाने का कच्चा माल, करीब 50 हजार बीड़ी के बंडल बनाने के खाली रेपर, पैकेट पर लगाने के लिए नामी कंपनियों की चिपकाने की टेप व पैकेट पर लगाने वाली कंपनियों की 50 सील मोहरे जप्त की।



- **मौके से नामी कंपनियों की तैयार बीड़ी के बंडल, खाली रैपर, टेप व 50 सील मोहर बरामद किये**
- **कार्रवाई के दौरान मौके पर फैक्ट्री मालिक और कोई भी कर्मचारी नहीं मिला**

एमएन ने बताया कि दबिश की भनक लगते ही फैक्ट्री मालिक नितेश अग्रवाल पुत्र गोपाल लाल और फैक्ट्री संभालने वाला नवाज नाम का व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर मिला माल जब्त कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, कमल सिंह, रामनिवास, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, देवेंद्र, कांस्टेबल चालक विश्राम की विशेष भूमिका रही।

# लॉकर से लाखों की नकदी और सोना निकला

**जयपुर (कासं)**। राजधानी के एमआई रोड पर गणपति प्लाजा स्थित रोयरा सेफ्टी वॉलेट के एक लॉकर में करीब बीस लाख रुपए और सोना मिला है।

सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की कार्रवाई के चलते प्लाजा स्थित रोयरा सेफ्टी वॉलेट में एक महिला के लॉकर की जांच की गई। लॉकर में करीब बीस लाख रुपए और सोना मिला है। पूछताछ में महिला इस नकदी और सोने के बारे में इनकम टैक्स विभाग की टीम को संतोष जनक जबाव नहीं दे पाई। सूत्रों के अनुसार टीम ने सोने की वैल्यूएशन के लिए मौके पर सुनार को बुलाया। लॉकर धारक से कई घंटें पूछताछ की गई। उधर, आयकर विभाग का नोटिस मिलने के बाद लॉकर धारक गणपति प्लाजा पहुंच रहे हैं। इनकम टैक्स विभाग कुल 56 संदिग्ध लॉकर धारकों को नोटिस जारी कर चुका हैं। नोटिस पाने वालों में से अब तक करीब 40 लोग पहुंच चुके हैं। शेष बचे लॉकर धारक विभाग के नोटिस का जवाब देने के लिए समय मांग रहे हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने समय सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले शनिवार को इनकम टैक्स विभाग की टीम को एक लॉकर की जांच करने पर उसमें से दो करोड़ 46 लाख रुपए मिले थे। वहीं 17 अक्टूबर को भी यहां से तीन लॉकरों में 1 करोड़ 60 लाख की नकदी, कुल 2 किलो 400 ग्राम सोना भी मिला था। इसमें से 400 ग्राम सोना जब्त किया जा चुका है।

# राक्षसी ताड़का, मारीच व सुबाहु के वध का मंचन



**विजयादशमी पर जगतपुरा स्थित श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर में नाटक के जरिए राक्षसी ताड़का और मारीच-सुबाहू वध का मंचन किया गया।**

**जयपुर (कासं)**। जगतपुरा के हरे कृष्ण मार्ग स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में मंगलवार को दशहरा पर्व की धूम रही। मंदिर परिसर के मथुरा गार्डन में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन किया गया और बुराई पर अच्छाई के विजय के प्रतीक दशानन के 45 फुट लंबे और कुंभकरण के 35 फुट लंबे पुतलों का दहन किया गया। रामलीला में वाल्मीकि रामायण के प्रथम भाग से ''राक्षसी ताड़का का वध और मारीच-सुबाहु वध'' का शानदार मंचन करते हुए 30 से भी अधिक कलाकारों ने मन मोह लिया । मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी की झालरों से भव्य सजावट कर सजाया गया ।

कार्यक्रम की शुरुआत हरे कृष्ण मूवमेंट राजस्थान के अध्यक्ष अमितासन दास एवं राज्य के चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने की । मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि ऐतिहासिक रामलीला का मंचन भव्य रूप से किया गया । शुरुआत में नालंदा कला केंद्र के कलाकारों ने दक्षिण भारतीय नृत्यभरतनाट्यम की विशेष भाव भंगिमाओ में शानदार प्रस्तुति दी । इससे पूर्व मुख्य मंदिर से भगवान की पालकी यात्रा भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके बाद ऐतिहासिक रामलीला के इंचार्ज गरुड़ पंडित दास के संयोजन में वाल्मीकि रामायण का मंचन शुरू हुआ । बालकांड के प्रसिद्ध लव-कुश से रामजी का संवाद और रामायण काल की ऐतिहासिक राक्षसी ताड़का के वध और मारीच सुबाहु वध का शानदार मंचन मंत्रमुग्ध कर गया । शानदार संवाद अदायगी से रामायण का बालकांड सजीव हो उठा ।

## सार-समाचार

### 'गहलोत राज में युवतियों पर तेजाब अटैक'

**जयपुर** । राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि नवरात्रा में जहां पूरा राजस्थान कन्या पूजन कर माता की भक्ति कर रहा है, वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज में युवतियों पर केमिकल अटैक किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस राज में लचर कानून व्यवस्था की बर्बरता का आलम ये है कि दुष्कर्मियों ने 5 साल तक की अबोध बालिकाओं और 60 वर्ष से अधिक उम्र की बुजुर्ग महिलाओं तक को नहीं छोड़ा। इसका सजीव उदाहरण जयपुर के बगरू इलाके में देखने को मिला है। यहां एक युवती पर बदमाश केमिकल अटैक कर भाग गया और घटना के दो दिन बाद भी पुलिस उस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। लचर कानून व्यवस्था का इससे बड़ा उदाहरण पूरे देश में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले के बाद एक बार फिर कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति उजागर हुई। कांग्रेस नेताओं की ओर से कोई बयान तक जारी नहीं किया गया, ना ही पुलिस प्रशासन की ओर से आरोपी को गिरफ्तार किया। बगरू में 21 वर्षीय पीड़िता को बदमाश शहजाद कुरैशी पिछले लंबे समय से परेशान कर रहा था। वह उस पर जबरन शादी का दबाव बना रहा था। जब युवती ने युवक से शादी करने से साफ इनकार कर दिया तो इससे नाराज होकर बदमाश ने 22 अक्टूबर को युवती पर ज्वलनशील केमिकल फेंक दिया। इससे युवती की कमर का बड़ा हिस्सा जल गया। घटना के 48 घंटे बाद भी प्रशासन की ओर से पीड़िता के लिए कोई मदद की घोषणा नहीं की।

### गायत्री परिवार ने रैली निकाली

**जयपुर** । गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैल बाला के आव्हान पर मंगलवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ से व्यसन मुक्ति रैली निकाली गई। इस मौके पर रावण, कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। साथ ही दुर्व्यसनों को जड से निकाल फेंकने का आ ान किया गया। पीत वस्त्रधारी कार्यकर्ताओं ने हाथ में व्यसन मुक्ति के विभिन्न नारे की पट्टी के साथ व्यसन मुक्ति रैली का शुभारंभ किया। रैली ब्रह्मपुरी के विभिन्न मार्गों से होते हुए लोगों को जागरूक करते हुए पुनः शक्तिपीठ पहुंची। यहां लोगों को अपने-अपने परिवार, संबंधी, दोस्तों सहित परिचितों को दुर्व्यसनों से दूर रहने के लिए संकल्पित कराया गया। वहीं नशा मुक्त भारत बनाने की दिशा में सार्थक पहल करने की शपथ दिलाई गई। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि नशा करना एक ऐसी बीमारी है जिसे करता तो एक व्यक्ति है, पर उसकी सजा सारा समाज भुगतता है।

### राजपूत सभा भवन में किया शस्त्र पूजन

**जयपुर** । श्री राजपूत सभा के तत्वावधान में दशहरा पर्व पर क्षित्रयों का परंपरागत शस्त्र शास्त्र पूजन कार्यक्रम राजपूत सभा भवन में संपन्न हुआ। मां भगवती की प्रतिमा के समक्ष शस्त्रों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सभाध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने शस्त्रों पर तिलक लगकार रक्षा सूत्र बांधा। सभी ने मां भगवती की आरती उतारी। इस अवसर पर संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अजयपाल सिंह, गजराज सिंह, वी पी सिंह, श्री राजपूत सभा जिला इकाई जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष मोती सिंह, श्री राजपूत सभा जिला इकाई झुंझुनूं महामंत्री कैप्टन नरेन्द्र सिंह, समाजसेवी शंकर सिंह, अभय सिंह शेखावत, लक्ष्मण सिंह राठौड़, भानुप्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 200 कन्या व बटुकों को भोजन कराया

**जयपुर** । गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा की ओर से विकास नगर-ए स्थित श्री राधा कृष्ण शिव मंदिर में विजयादशमी को पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ शारदीय नवरात्र की पूर्णाहुति हुई। चार पारियों में करीब तीन सौ श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित की। यज्ञ की पूर्णाहूति के बाद 150 कन्याओं और 50 बच्चों को भोजन कराकर नौ उपहार भेंट किए गए। उपहार में बच्चों को स्टेशनरी और बाल निर्माण की कहानी, मंत्र लेखन की पुस्तक विशेष रूप से भेंट की गई। हाकिम सिंह, देवेंद्र शर्मा, व्यास सेवा संस्थान के नरेन्द्र व्यास, राजेंद्र अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, विक्रम सिंह, नरेंद्र चौधरी, प्रदीप कुमार गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, शिव कुमार माहेश्वरी ने प्रारंभ में देव पूजन किया। इससे पूर्व भगवती जागरण हुआ। माता रानी का दरबार सजाकर मां भवानी को भजनों से रिझाया गया।

### दो लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी

**जयपुर** । वैशाली नगर इलाके में एक व्यक्ति से करीब 2 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया प्रेमपुरा, वैशाली नगर निवासी जय सिंह राजपूत (49) ने मामला दर्ज करवाया है कि बैंक खाते में से इंडोमनी में पैसे ज्यादा कट गए थे, जिस पर गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर कॉल किया था। इस दौरान जालसाज ने एनी डेस्क ऍप डाउनलोड करवा दिया और 4 बार में करीब 2 लाख रुपए बैंक खाते से पार कर लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### क्रेन चालक की लापरवाही से मजदूर मरा

**जयपुर** । झोटवाड़ा थाना इलाके में क्रेन चालक की लापरवाही से हुए हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया मूलतः जिला जौनपुर यूपी हाल इंड्रस्टियल एरिया झोटवाड़ा निवासी फूलचंद चौहान (60) इलाके में मजदूरी कार्य करता था, जोकि रविवार शाम करीब 7 बजे इंडस्ट्रियल एरिया में पानी पीने के लिए टंकी पर जा रहा था। इस दौरान क्रेन ने फूलचंद को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में फूलचंद को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे दिनेश ने क्रेन चालक चांद के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

- **करधनी में अश्लील फोटो और वीडियो बना कर एक युवती से ब्लैकमेलिंग**

**जयपुर**। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित विक्रम सिंह (35) ए-26, अंबेडकर कॉलोनी थाना एयरपोर्ट का रहने वाला है। आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं करधनी थाना इलाके में अश्लील फोटो और वीडियो बना कर एक युवती से ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि सुरेश सैनी परिचित है, जिसने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना रखी है। आरोप है अब सुरेश सैनी उस पर मिलने और बात करने का दबाव बनाता है। ऐसा नहीं करने पर अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति

**जयपुर (कासं)**। चेतना केन्द्र दुर्गापुरा में 15 अक्टूबर से चल रहे नवरात्रि अनुष्ठान की मंगलवार को पूर्णाहुति हुई। कन्याभोज कार्यक्रम पूर्ण उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। युग संगीत ने वातावरण को और अधिक आनंदमय बना दिया। राजस्थान जोन प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि 2026 तक प्रदेश के हर शहर और गांव में गायत्री परिवार के विचारों को पहुंचाना है। इस मौके पर 38 कार्यकर्ताओं ने 2026 तक सक्रियता से समयदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बाद कन्याभोज का कार्यक्रम हुआ जिसमे करीब 350 परिजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# भट्टा बस्ती थाने के घूसखोर रीडर और हैड कांस्टेबल को जेल भेजा

**जयपुर (कासं)**। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गिरफ्त में आए भट्टा बस्ती थाने के रीडर संजय कुमार व हेड कांस्टेबल बुद्धाराम को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया। ब्यूरो ने सोमवार शाम को भट्टा बस्ती थाने के एसएचओ राजेन्द्र खंडेलवाल के रीडर संजय कुमार व हेड कांस्टेबल बुद्धाराम को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

आरोपी रिश्वत की राशि थाने में ही बैठकर तब वसूल रहे थे, जब डीजीपी उमेश मिश्रा व जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ संदिग्धों व बदमाशों की धरपकड़ के लिए सख्त नाकाबंदी करवा रहे थे। एसीबी के कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि तीन दिन पहले परिवादी ने शिकायत दी, जिसमें बताया कि उसके भाई के खिलाफ भट्टा बस्ती थाने में महिला उत्पीडऩ से संबंधित मामला दर्ज है। रीडर संजय व हेड कांस्टेबल बुद्धाराम एसएचओ के नाम से मुकदमे में भाई को बचाने की एवज में रिश्वत मांग रहे हैं। एसीबी के एएसपी आहद खान को मामला सौंपा गया। आरोपियों ने सोमवार शाम को परिवादी को रिश्वत की राशि थाने में लेकर बुलाया। परिवादी ने थाने में जाकर आरोपियों को रिश्वत की राशि दी, तभी एसीबी टीम ने आरोपियों को पकड़ लिया। गौरतलब है कि परिवादी के भाई के खिलाफ भट्टा बस्ती थाने में बलात्कार का मामला दर्ज है और इस मामले में पुलिस आरोपी को बचाने के लिए रिश्वत ले रही थी।

# निर्वाचन विभाग और प्रवर्तन एजेंसियों ने इस वर्ष जब्त की एक हजार करोड़ रु. की अवैध सामग्री

## पिछले दो वर्षों की तुलना में नकदी, शराब, ड्रग्स और सोना-चांदी जब्ती का यह आंकड़ा तीन गुणा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। निर्वाचन विभाग और प्रवर्तन एजेंसियों ने वर्ष-2023 में अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री जब्त की है। इसमें नकदी, शराब, ड्रग्स और सोना-चांदी शामिल है। जबकि यह आंकड़ा वर्ष 2022 में मात्र 347 करोड़ और वर्ष 2021 में 322 करोड़ रुपये तक सीमित था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव-2023 को देखते हुए पुलिस, आबकारी, आयकर व अन्य प्रवर्तन एजेन्सियों द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई है, इन एजेंसियों की मुस्तैदी का नतीजा है कि इस वर्ष में अब तक एक हजार करोड़ की जब्ती कर रिकॉर्ड कायम किया है। जो कि अवैध नकदी, शराब, ड्रग्स और सोना-चांदी की जप्ती का यह रिकॉर्ड बन गया है।

प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बीते जून माह से निर्वाचन विभाग सभी एन्फोर्समेंट एजेन्सियों के साथ सीधा समन्वय रखते हुए कार्य कर रहा है, तब से 648 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य सामग्री जब्त की गई है। गत 9 अक्टूबर से अब तक बीते 15 दिनों में 244 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है।

- **यह आंकड़ा वर्ष 2022 में मात्र 347 करोड़ और वर्ष 2021 में 322 करोड़ रुपये तक सीमित था**

गुप्ता ने बताया कि इस अवधि में पुलिस, आयकर सहित अन्य एजेन्सियों द्वारा 39 करोड़ 30 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। इसी प्रकार आबकारी विभाग, पुलिस, जीएसटी विभाग और आरपीएफ द्वारा 20.12 करोड़ मूल्य की 10 लाख 60 हजार 855 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, पुलिस और अन्य एजेंसियों द्वारा 46 करोड़ 76 लाख रुपए के ड्रग्स एवं मादक पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस, आयकर, कस्टम, जीएसटी और आरपीएफ ने 30 करोड़ 40 लाख रुपए का सोना-चांदी एवं अन्य बहुमूल्य धातुएं जब्त की हैं। विभिन्न एजेंसियों द्वारा 84 करोड़ 22 लाख रुपए की फ्रीबीज़ तथा अन्य सामान भी जब्त किए गए हैं।

# पांच साल से फरार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । साइबर सेल जयपुर उत्तर व पुलिस थाना विद्याधर नगर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुरानी कारें बेचने के मामले में लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पांच साल से फरार 10 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशी डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर नगर थाना और साइबर सेल जयपुर उत्तर ने कार्रवाई करते हुए पुरानी कारें बेचने के मामले में लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पांच साल से फरार 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी पवन अग्रवाल निवासी पवन विहार कॉलोनी गजसिंहपुरा अजमेर रोड को गिरफ्तार किया है।

#SKIN-CARE

## Towards Healthy & Radiant Skin

Listen to your skin's changing needs, and be prepared to adjust your routine as required.





Crafting an effective skincare routine in India's diverse and often challenging climates is a journey towards healthy, radiant skin. From the humid coastlines to the arid interiors and the ever-changing seasons, the Indian subcontinent offers a unique set of conditions. To navigate this skincare terrain, we must understand the importance of adaptability and a well-structured regimen.

Listen to your skin's changing needs, and be prepared to adjust your routine as required. Healthy, radiant skin is achievable in the diverse climates of India, with a mindful and adaptable approach to skincare.



### Cleansing

A fresh start to your skincare routine, cleansing is crucial in removing accumulated dust, pollutants, and excess oils. "For Indian climates, a gentle, sulfate-free cleanser works wonders. Over-cleansing can strip your skin of essential oils, so find the right balance to maintain a healthy lipid barrier.

### Hydration

India's heat and humidity often lead to dehydration, making hydration a priority. Look for lightweight, non-comedogenic moisturisers, which provide essential hydration without clogging your pores. Hyaluronic acid is an excellent choice, as it holds moisture effectively.

### Sun protection

The Indian sun can be relentless, making sun protection a non-negotiable step. According to Dr Kapoor, it is essential to opt for a broad-spectrum sunscreen with an SPF of at least 30. Reapply every few hours, especially if you're out in the sun. Sunscreen helps shield your skin from harmful UV rays and prevents premature ageing and skin damage.

### Antioxidants

Pollution and UV radiation can cause oxidative stress on your skin, leading to premature ageing. "Antioxidants are your allies here. Products with vitamin C, vitamin E, and niacinamide can help counteract this damage and keep your skin looking youthful.

### Exfoliation

Regular exfoliation is essential to remove dead skin cells, promote cell turnover, and maintain a glowing complexion. In India's humid conditions, you might want to exfoliate 2-3 times a week, depending on your skin type. Opt for a chemical exfoliant with AHAs or BHAs, which are gentler on the skin.

### Night-time recovery

Night-time is when your skin regenerates. A quality night-time moisturizer, along with skin-repairing treatments like retinoids, can work wonders. These ingredients help combat issues like acne, fine lines, and uneven skin tone. Remember, consistency is key with these treatments.

### Adaptability

Your skin's needs change with the seasons. During the hot summer months, a lightweight routine might be all you need. However, in the winter, you might require more intensive hydration. Pay attention to your skin and adjust your products accordingly.

### Diet and hydration

Remember that skincare is not just about products; it's also about what you consume. A balanced diet rich in antioxidants, vitamins, and minerals can significantly impact your skin's health. Staying well-hydrated is equally important.

### Consult a professional

While a general skincare routine can be beneficial, consider consulting a dermatologist for personalised guidance. They can help you identify your skin type, address specific concerns, and recommend products tailored to your skin's unique needs.

# CAPTIVITY-A STATE OF NON EXISTENCE

PART-2

As we settled down, fresh challenges confronted us. Jail had a claustrophobic effect on many. Being a hodgepodge of different arms and services, we lacked cohesion, which sometimes led to friction between individuals and groups. During the initial days of imprisonment, a large number amongst us, especially those who had not been of notable sober conduct when free, quickly turned about and joined the God-fearing and I joined a prayer group. To soften us the Indians tried to brainwash us by quoting the example of prominent Muslims as examples of our common origins, cultural affinity and common language and tolerance of all religions were frequently harped upon. In service matters, the behavior of our custodians was quite predictable. Having a common origin, both our armies have similar psyches. Soldiers away from home are not the best behaved species. The physical needs of the young are well recognized but our current predicament precluded any accommodation in this regard. It was a matter of great amusement when a young fellow prisoner was heard seeking favours from another prisoner in the darkness of the night, on the promise of a watch. Soldiers will be soldiers.



Gen Sagat escorting Niazi to POW Camp.




Maj. Chandrakant Singh VrC *(Retd)*
*Military Historian*


#BANGLADESH LIBERATION WAR



Pakistani Soldiers who tried to escape, handcuffed.



Niazi handing his pistol to Aurora.

Ranchi in Jharkand is an old cantonment town, first built by the East India Company to keep the local tribal population under control, but it really gained in importance later when it became the headquarters of Eastern Command which is now in Calcutta. Being an old and large cantonment it had accommodation for several thousand troops. After the surrender of the Pakistan Army the army camp at Ranchi and nearby Ramgarh were turned into prisoner of war camps to house the thousands of war prisoners. Lt Col Quereshi along with many others were sent to POW Camp 95. What follows is Col Quereshi's account:-

"We had reached a maze of barbed wire which, in daylight, turned out to be a number of POW cages. Open fields could be seen stretching for miles around the perimeter fence. The officers were segregated from other ranks, though some were allowed to stay with us as administrative staff. In our enclosure there were over a hundred officers from different units. We had Col Howze, an Indian Christian as the Camp Commandant, Capt Daka a Hindu as adjutant and a Sikh JCO in charge of administration. This unity in diversity was intended to influence us morally. We were lodged in the hutted accommodation of an old officers' mess. Although the buildings were old it had a dining hall, separate bathrooms with running water and modern flush systems. There was sufficient space around the barracks for a mosque, volley ball court and open ground for a stroll. It took us several days to settle down but the Indians had already started interrogating us. Their purpose was more sinister than that of eliciting information. With a large number of turncoats on their payroll, there was hardly anything of military value that was not already in their knowledge. Their aim was to spot the weaklings amongst us for future use. Their methodology was simple - browbeat the subject into submission by threatening him by a public trial for committing genocide, rape and other offences against the Bengalis. Once the subject had been demolished to, he was to be rebuilt as a sub continental person who believed in the idea of an undivided greater India. (Akhand Bharat)

### ESCAPE ATTEMPT FOILED

It was through such persons that sensitive information was passed on to Indians. In one case of an escape project, in which we had invested hundreds of man hours of work. At a gathering of officers, the proposed scheme was brought up for considerations. We managed to acquire a shovel for the upkeep of the camp- we indulged in gardening by day and dug a tunnel at night. At first the earth dug out was concealed in the false ceiling of the barracks and then in the flower beds. The prime mover was Capt Hussain, when the project was nearing completion, it was time to start finalizing the escape plans. Information on the communications infrastructure and security arrangements outside the camp was gathered as well as areas of muslim population concentration areas was gleaned from newspapers and other sources. Labour working in the camp was a useful source of information and where necessary information was bought by disposing watches and gold rings and chains.

Finally the day before getaway night dawned. Morning roll call was held on schedule, then we dispersed and got on the daily routine of reading newspapers, playing cards, group discussions and the like. We had lunch and then suddenly in the afternoon, contrary to normal routine and normal practice we were asked to 'fall in' at a central place. A heavily armed guard was posted around us, look outs were doubled and additional foot patrols with tracker dogs prowled the perimeter fence. The Camp Commandant, Col Howze with an armed escort entered the camp and made a beeline for the room from where the tunnel started. He asked our administrative NCO to shift his bed and pulled out the ground sheet exposing the tunnel opening. Twenty nine of us were selected by him for being involved in the escape attempt. We had been betrayed. The enemy had succeeded in penetrating our ranks. Months of hardwork had been wasted. Why is it that the Muslims of the sub-continent seem to have more than their fair share of traitors. As a punishment, charpoys were withdrawn, personal baggage was collected and stored, mess facilities were discontinued, after dinner walks were disallowed, purchases from outside the camp banned. Camp life became more difficult, frequent searches and roll calls at odd hours became the norm.

> To lie fully clothed on a hard wooden bench with both hands tied is not a nice way to catch a nap, but we did the best under the circumstances. I must have dozed off for when I woke up I realized it was well past dawn. Visibility was poor due to dust, in this depressing setting, out of the haze drifted a greyish-white building. Suddenly it dawned on me that I was seeing one of the wonders of the world the 'Taj Mahal'. We had reached Agra or destination. It was 21 June 1972, the longest and hottest day in India. We trooped out of the railway station by a side exit.

It must be remembered here that that the Indians had, a couple of months after the surrender started paying us a stipend, as required under the Geneva Convention. It came in the form of paper coupons of different denominations for purchase of necessities. A few days later we were shifted from Camp 95 to Camp 93. Our new abode was rather uncomfortable and the rules were very strictly implemented. Our sojourn in Camp was rather brief for soon after our arrival orders for the 29 'undesirables' who had attempted to escape.

### CAMP 88. WHERE GANDHI LIVED

On 20 June 1972 we were summoned outside the camp perimeter with bag and baggage. We were handcuffed, put in a vehicle and driven to a railway station. To be fettered like ordinary criminals was humiliating. At the railway station, we were marched to the carriage reserved for us under close scrutiny of a large crowd. They watched us with contempt, some passing nasty remarks. But a few amongst them appeared visibly nervous and seemed to be sharing our disgrace silently. They were Bihari Muslims. We were shoved into a compartment specially modified for the transportation of prisoners. Half of it was blocked off by a metal grill, reinforced by metal stakes at regular intervals, with an entrance that could be locked from outside. It was a seemingly endless journey. Travelling in a third class compartment, during the summer heat, in the semi desert with both hands firmly secured under the close scrutiny of armed guards was a real torture. The journey took more than a day and night to complete.

To lie fully clothed on a hard wooden bench with both hands tied is not a nice way to catch a nap, but we did the best under the circumstances. I must have dozed off for when I woke up I realized it was well past dawn. Visibility was poor due to dust, in this depressing setting, out of the haze drifted a greyish-white building. Suddenly it dawned on me that I was seeing one of the wonders of the world the 'Taj Mahal'. We had reached Agra or destination. It was 21 June 1972, the longest and hottest day in India. We trooped out of the railway station by a side exit. A hermetically sealed steel frame mounted on a truck chassis, meant for transporting dangerous criminals, was parked outside. We filed into the prison van and the door was slammed shut. The cabin was very small and suffocating. The minutes ticked by but there was no movement. We started shouting, cursing, beating the sides of the cabin but it was of no avail. At long last the vehicle started moving and we reached our destination-Agra Jail. A statue of Gandhi stood inside the jail. We were told that he had spent some time here. A reception of sorts had been laid on for us by the camp authorities-a couple of cups of tea and jars of water helped to revive us.

As we settled down, fresh challenges confronted us. Jail had a claustrophobic effect on many. Being a hodgepodge of different arms and services, we lacked cohesion, which sometimes led to friction between individuals and groups. During the initial days of imprisonment, a large number amongst us, especially those who had not been of notable sober conduct when free, quickly turned about and joined the God-fearing and I joined a prayer group. To soften us the Indians tried to brainwash us by quoting the example of prominent Muslims as examples of our common origins, cultural affinity and common language and tolerance of all religions were frequently harped upon. In service matters, the behavior of our custodians was quite predictable. Having a common origin, both our armies have similar psyches. Soldiers away from home are not the best behaved species. The physical needs of the young are well recognized but our current predicament precluded any accommodation in this regard. It was a matter of great amusement when a young fellow prisoner was heard seeking favours from another prisoner in the darkness of the night, on the promise of a watch. Soldiers will be soldiers.

Old timers in the camp collectively developed a mania for losing weight. One of them, a senior colonel who had to have two webbing belts sewn together to go around his ample waist, took it in his head to reduce overnight. He decided to organize a fat free diet-as if the Indians had not already taken care of that. He did so much of exercise that all the fat melted away, which left him with a loose skin hanging all over-a most ungainly sight. We were allowed to write letters twice a month. For ease of censorship, special stationery was provided so- we did not write anything that we did not want the enemy to know. Receiving mail was always exciting and for us they were nourishment for our deflated egos. We looked forward to mail days with great expectations. Letters from home gave a sense of belonging. During those days of turmoil when a new, truncated Pakistan was taking shape, Zulfikar Ali Bhutto started emerging as a leader of consequence. He was a sensitive man, highly responsive to the feelings of his electorate, and a strong personality. His concern about wellbeing of prisoners' families evoked an emotional response from us all. His public resolve to sleep on the floor while in India for the Shimla talks, identifying himself with our discomfort, endeared him to all of us.

It was on one mail from home that I learnt that I had been awarded the 'Sitara-i-Jurat' for gallantry. I was thrilled to the core. The validity of gallantry awards has been frequently questioned in various quarters. Are they necessary? Are soldiers not expected to be brave? Many acts of bravery go un-noticed, but it is a fact that acknowledgement of an act of bravery does encourage others to perform well. Bravery is nothing more than overcoming fear. Some men are brave when confronted with physical danger, but buckle under moral pressure. Others are made of strong moral fibre and refuse to give in.

### RETURN TO PAKISTAN

In due course of time we settled down to a life of endless routine. We understood that a long incarceration lay ahead and the Agra Jail with its seven concentric walls and wire fencing was escape proof. Confinement became a way of life. As the year 1972 marched on and came to an end we followed the progress of Indo-Pak talks but little progress seemed to have been made, till the Shimla talks in July 1972 but it took almost a year of hard bargaining to clear the decks for the return of prisoners of war. The news in October 1973 that a few amongst us would be in the first train to Pakistan was a pleasant surprise. When the names of the first batch of repatriates, was announced there was celebration in the camp. In mid-October when the second train from Agra was announced my name was in the list, and the procedure for my journey home was set in motion.

It was my third train journey in captivity. The first was from Malda to Karachi as a unit. The second was from Ranchi to Agra in handcuffs as punishment for a failed escape attempt. Now it was the third. No armed sentries, no handcuffs as we were returning home there was no need to attempt to escape. I was so engrossed in my thoughts that I failed to notice the train slowing down. We were approaching journey's end and then the train stopped. We were told to detrain and after a personal search we were directed to march towards the border. Just short of the border we were marshalled into a single file and a headcount taken. After the formal exchange of documents we were allowed to cross the border.

The moment the first soldier crossed the border, a brass band struck a welcome tune and some of us prostrated ourselves and thanked Allah for our return. We were ushered into a shamiana where hot tea and snacks were served. It was gorgeous. The smell of freshly baked items of confectionery was over powering to hungry nostrils. After the dal-roti, interspersed by bones and scraps of meat, that had been our daily fare for the last two years it was a royal feast. We were home. I was taken to see my family in a brand new jeep, quite a change from a jail van. From a two winged country to a country 'cut to size' as Indira Gandhi was fond of proclaiming-from a whole to a half.

**Concluded.**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Pakistanis coming to surrender. The photographer is Jay Ulal.




Pakistani officers including medical officers assembling to surrender.

#TRENDS

## YouTube gets a new 'You' tab

Some of the recently added features includes the ability to lock the screen when watching a video, option to cancel scrub, and a new stable volume to minimize ear damage.




YouTube is adding several new features to its mobile app that were previously limited to Premium users. The video-sharing platform also introduced a new 'You' tab that combines the existing 'Library' tab and account page.

In a recent blog post, YouTube said that the decision to merge the account page and Library tab was made to make it easy for users to find all their stuff in one place. The new 'You' tab replaces the 'Library' tab that resides in the right corner of the bottom navigation bar. YouTube also made some changes to the 'Like' and 'Subscribe' buttons, which now glow and have a fancy sparkle animation when you tap on them.

### Lock screen while watching videos

As for the new features, YouTube users will now be able to avoid accidental taps with the new lock screen feature. Available on both mobile and tablets, it can be used to prevent unintentional taps and swipes during video playback.

To lock the screen, go to the video you want to watch, press the gear icon on the top right and tap on 'Screen lock'. Unlocking is fairly easy as the lock icon can be made visible by tapping anywhere on the screen. However, Google notes that some in-app notifications or ads might temporarily disable the feature.

### Search songs by humming or singing

YouTube will now let users search for a song by singing, humming or playing. The recently introduced functionality makes use of AI to match the sound of the original recording. It will be rolling out to everyone in the next few weeks and will be available exclusively on Android for now.

### Stable volume

As the name suggests, the 'stable volume' feature helps users by automatically balancing the sound in a video. This is really helpful if a video has a huge difference in volume. Google says it will be enabled by default but it might take some time to appear on your phone.




### Enhanced video player

YouTube also seems to be improving the video player experience, with users now able to long press anywhere on the player to change the video playback speed to 2x speed. The preview thumbnails are also bigger now, and you can now cancel scrubbing by moving your finger back to the part where you started.


### New formats for video descriptions

YouTube is making the video descriptions scrollable and giving creators greater ability to format them. New formatting for social media links will make them easier to find and click, and even include the social media platform's logo for better scannability. This is a big change for creators, but it'll also make it easier for viewers to find the host's information and other creators through the video description.

### New 'live' animations

YouTube is also adding more visual features. During a video, if a host asks viewers to like or subscribe, these buttons will animate in sync with the words on the video. The activity will also look more lively, with top comments that automatically rotate below the video description as well as real-time view and like counts within the first 24 hours after a video is uploaded.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जंगल में युवक का शव मिला, ग्रामीणों ने जाम लगाया

## मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाये

**मालपुरा,** (निसं)। टोडारायसिंह कस्बे से बीसलपुर रोड पर लाडपुरा बालाजी के पास जंगल में मंगलवार को सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गुस्साए ग्रामीणों ने मृतक के परिजन व समाज के लोगों के साथ जाम लगा प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार टोडारायसिंह कस्बा निवासी अंकुश धौबी पुत्र नाथू लाल धौबी जो कि सोमवार की शाम से घर से लापता था, परिजन तलाश कर रहे थे। मंगलवार की सवेरे थाना पुलिस को लाडपुरा बालाजी के पास जंगल में एक लावारिस शव पड़ा होने की मिली सूचना पर थानाधिकारी मौके पर पहुंचे व मामले को उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया।



टोडारायसिंह में युवक की हत्या के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगा दिया।

शव को पुलिस सुरक्षा में ले मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने 50 मीटर की परिधि से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये। युवक के शव पर चोटों के निशान देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव लेने से इंकार कर दिया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों व समाज के लोगों के साथ जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया।

जाम व प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे एसडीएम नेहा मिश्रा, एएसपी निरंजन आर्य, डीएसपी संजय सिंह केकडी ने परिजनों व ग्रामीणों से समझाइश कर जल्द मामले का खुलासा करने का विश्वास दिलाया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से परिजनों की हुई वार्ता में प्रशासन ने एक संदिग्ध को डिटेन करने की जानकारी दी तथा 25 लाख रूपये की आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी के दिये जाने के आश्वासन के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम करवा शव सुपुर्द लिया।

## तीन जनों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**सूरतगढ़,** (निसं)। मां-बाप को इसी बात की चिंता रहती है, विशेषकर लड़कियों के बारे में कि कहीं ऊंच नीच न हो जाए। नाबालिग लड़की के गर्भवती होने पर पीड़ित अभिभावकों के पैरों के तले से जमीं खिसक गई। अभिभावक ने जब पूछा तो नाबालिग लड़की ने आप बीती सुनाई। अब पीड़ित मां ने तीन युवकों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। मामला सूरतगढ़ कस्बे का बताया जा रहा है। जिसमें पीड़ित मां ने पीड़िता की सहेली के घर पर नशीला पदार्थ पिलाकर पीड़िता से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही अश्लील वीडियो वायरल कर देने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई।

## एक लाख का गांजा जब्त

**टोंक,** (निसं)। पीपलू वृताधिकारी इंदू लोदी व थानाधिकारी बरोनी ओमप्रकाश के सुपरविजन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गांव नटवाडा के निवासी केदार जाट पुत्र नारायण जाट निवासी नटवाडा के मकान में दबिश देकर, अवैध मादक पदार्थ 2 किलोग्राम गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा जप्त किये गांजे की कीमत 1 लाख रूपये आंकी गई है।

# मुआवजे की मांग को लेकर एम.जी. हॉस्पिटल में हंगामा

## स्टेयरिंग फेल होने की वजह से खाई में पलटी बस में एक महिला और युवक की मौत हो गई थी



परिजनों ने एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के कोटडी थाना इलाके के सातोला का खेड़ा गांव में स्टेरिंग फेल होने की वजह से मंगलवार की सुबह खाई में पलटी बस में एक महिला और युवक की मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजन और समाज के लोगों ने एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर मुआवजे की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह मेवात ट्रेवल्स की बस सतोला का खेड़ा के निकट पहुंची थी कि इस दौरान चालक ने सड़क पर गड्ढे को बचाने के लिए कट मार तभी स्टेरिंग फेल होने की वजह से बस सड़क से उतरकर खाई में पलट गई हादसे में 15 लोग गंभीर घायल हुए जिसमे दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में शामिल रोपा, पारोली की रहने वाली ग्यारसी देवी पत्नी शंकर लाल के परिजनों ने एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया खबर लिखे जाने तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में समझाइए इसका दूर जारी था।

# तस्करी के तीन दोषियों को सजा सुनाई

## दस-दस साल के कारावास और एक-एक लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया

**हनुमानगढ़,** (निसं)। नशीली दवा तस्करी के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया। विशेष जज एनडीपीएस प्रकरण रूपचंद सुथार ने नशीली दवा तस्करी के मामले में फैसला सुनाते हुए 3 आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना नहीं भरने पर 6-6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतने की सजा सुनाई।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने पैरवी की। प्रकरण के अनुसार 12 दिसम्बर 2021 को हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना के तत्कालीन प्रभारी ने नाकाबंदी के दौरान एसटीजी नहर पर एक लड़के

- **कोडिन फास्फेट की 90 शीशियां बरामद की थी**

को रोक कर उसके में हाथ में लिए सफेद रंग के प्लास्टिक के थैले को चैक किया तो उसमें 90 शीशियां कोडिन फास्फेट कफ सिरप की मिली, जो एनडीपीएस घटक की होनी पाई गई। नाम-पता पूछा तो युवक ने अपना नाम शिफतुला उर्फ इमरान उर्फ लाला पुत्र इशाक अली निवासी पुलकित स्कूल के पास, वार्ड 4, नई खुंजा हनुमानगढ़ जंक्शन बताया। शिफतुला के पास कोई लाइसेंस इत्यादि नहीं होने से उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

गोलूवाला पुलिस थाना की ओर से प्रकरण में अनुसंधान किया गया। अनुसंधान में कृष्ण लाल एवं रामकुमार की ओर से शिफतुला के साथ मिलकर नशीली दवाइयां दिल्ली से खरीद कर लाना पाया गया। तीनों आरोपियों का आपराधिक षड्यंत्र अनुसंधान में साबित हुआ। इसके संबंध में तीनों आरोपियों की आपस में हुई मोबाइल पर वार्ता के संबंध में संबंधित कंपनी से रिकॉर्ड प्राप्त कर पत्रावली के साथ पेश किया गया। अनुसंधान बाद शिफतुला उर्फ इमरान उर्फ लाला पुत्र इशाक अली के खिलाफ जुर्म धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट और रामकुमार उर्फ रामू उर्फ दिलीप पुत्र पूर्णपाल गरेरी निवासी केवटना, पोस्ट बलहा, पीएस सुपोल बिहार हाल किराएदार शास्त्री पार्क, दिल्ली एवं कृष्ण लाल पुत्र भागीरथ मेघवाल निवासी वार्ड 6, पक्का भादवां, पीएस सदर हनुमानगढ़ के खिलाफ जुर्म धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट में आरोप पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया गया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 8 गवाह पेश किए गए।

सुनवाई के पश्चात और दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद कोर्ट विशिष्ट न्यायाधीश रूपचंद सुथार की ओर से शिफतुला उर्फ इमरान लाला, रामकुमार उर्फ रामू एवं कृष्ण लाल को बिना लाइसेंस के अवैध नशीली दवाइयां अपने कब्जे में रखने बाबत धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध किया गया। सजा के बिंदु पर सुनवाई की गई। दोनों पक्षों की सुनवाई के पश्चात विशेष जज एनडीपीएस प्रकरण रूपचंद सुथार ने शिफतुला उर्फ इमरान उर्फ लाला, रामकुमार उर्फ रामू एवं कृष्ण लाल को धारा 8/22,29 एनडीपीएस एक्ट में 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं भरने पर 6-6 महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतने की सजा सुनाई।

# 28 घंटे बाद रात 12 बजे महिला के शव का पोस्टमार्टम हुआ

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। शहर के एक निजी अस्पताल में पित्त की थैली में पथरी के ऑपरेशन के बाद महवा के शिव कॉलोनी निवासी विधवा महिला प्रेमवती सैनी (51) पत्नी खेमचंद सैनी की जयपुर में उपचार के दौरान मौत पर यहां रविवार को हुए प्रदर्शन में देर रात को सहमति बनी।

वहीं प्रशासन व पुलिस ने कलेक्टर के आदेश पर मौत के 28 घंटे बाद रात 12 बजे जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया। जिसमें जिला अस्पताल के 3 चिकित्सकों की गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसी के साथ निजी अस्पताल के मुख्य द्वार पर शव रखकर 14 घण्टे चले

- **पथरी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत का मामला**

प्रदर्शन में एसडीएम ने मृतका के परिजनों को स्वास्थ्य मां योजना के तहत मदद दिलाने व निजी अस्पताल के खिलाफ जांच कार्यवाही करने आश्वासन दिया।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच के लिए जिला स्तरीय चिकित्सकों की टीम गठित करने के भी आदेश दिए है। इधर पोस्टमार्टम के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान एसडीएम सुरेश कुमार हरसोलिया, डीएसपी प्रवेन्द्र सिंह प्रदर्शन स्थल के पास देर रात तक मौजूद होकर समझाईश के प्रयास करते रहे। उन्होंने सैनी समाज द्वारा महिला की मौत के बाद प्रदर्शन में प्रतिनिधित्व कर रहे सैनी समाज के प्रमुख लोगो से कई बार अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लिखित शिकायत देने के लिए समझाईश करते रहे। जिसके बाद रात करीब 11.30 बजे श्याम सुंदर सैनी, मृतका के दामाद भीमसिंह सैनी, लखनलाल सैनी, मोहनराज सैनी, महेंद्र सिंह सैनी ने मुख्य मांगो को लेकर एक पत्र एसडीएम को सौंपा।

इस घटना क्रम में रविवार रात 12 बजे जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम कार्यवाही के लिए गठित मेडिकल बोर्ड में जिला अस्पताल के मेडिकल ज्यूरिष्ट डॉ जयेंद्र देशवाल, सर्जन डॉ. जेपी मीना व डॉ. एसपी सोलंकी ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही की। निजी अस्पताल में भर्ती रोगियों को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल में शिफ्ट किया गया। बताया गया कि जिला स्तरीय चिकित्सकों की जांच के बाद ही सीज की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान निजी अस्पताल में सिजेरियन प्रसव की 5 महिलाओं, सामान्य प्रसव की 3 महिला व बच्चादानी ऑपरेशन के बाद भर्ती 9 महिलाओं को जिला अस्पताल के पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड व पीएनसी वार्ड में भर्ती किया गया। अधिकांश महिलाएं हिंडौन व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की निवासी है।

# चैक अनादरण प्रकरण में एक वर्ष की सजा सुनाई

**जोधपुर,** (कासं)। विशिष्ठ महानगर मजिस्ट्रेट (एन.आई. एक्ट प्रकरण) संख्या 04, जोधपुर महानगर मजिस्ट्रेट सुमन चौधरी द्वारा गणेश गहलोत बनाम महेन्द्र सिंह गहलोत के प्रकरण में अभियुक्त महेन्द्र सिंह गहलोत को अलग-अलग पांच प्रकरणों में एक वर्ष की सजा व कुल ग्यारह लाख रूपए का जुर्माना की सजा सुनाई है। परिवादी की ओर से पीडी दवे, बालकिशन भादू, रूचि परिहार ने पैरवी की।

परिवादी द्वारा न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत कर बताया कि महेन्द्र सिंह गहलोत द्वारा ऋण चुकाने, घरेलू व व्यापारिक आवश्यकता बताकर रूपये मांगे जो 8.80 लाख रूपए नगद प्रदान किए, इस संदर्भ में एक एग्रीमेन्ट भी दोनों पक्षों के बीच लिखा गया। इस संदर्भ में कुल पांच चैक परिवादी को दिये गए जो तय समय पर रूपए न देने

- **जोधपुर महानगर मजिस्ट्रेट ने ग्यारह लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

पर बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गए। इसके पश्चात् विधिवत नोटिस देने पर भी भुगतान न करने पर न्यायालय के समक्ष अलग-अलग कुल पांच प्रकरण प्रस्तुत किए गए। न्यायालय द्वारा अलग-अलग प्रकरणों सुनवाई कर महेन्द्र सिंह गहलोत को 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम में एक वर्ष का साधाराण कारावास तथा ग्यारह लाख रूपए जुर्माने से दण्डित करने का आदेश पारित किया। साथ ही अदम अदायगी जुर्माना में तीन माह का साधारण कारावास भी अलग से भुगतने का आदेश पारित किया है।

# विधायक जाहिदा खान का पुतला फूंका

**जुरहरा,** (निसं)। कस्बे में मंगलवार को जिला पार्षद प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद के नेतृत्व में लोगों ने कामां विधायक जाहिदा खान का विरोध जताते हुए उनका पुतला फूंका गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जाहिदा खान को

- **जाहिदा खान को कांग्रेस का टिकट दिए जाने का विरोध**

कांग्रेस का टिकट दिए जाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया।

कस्बे के बस स्टैंड पर मंगलवार की दोपहर को जिला पार्षद प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद के नेतृत्व में काफी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने कामां विधायक जाहिदा खान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए उनका पुतला फूंका गया। जिला पार्षद प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद ने बताया कि वे आलाकमान तक इस बात को पहुंचाना चाहते हैं



जुरहरा कस्बे में लोगों ने कामां विधायक जाहिदा खान का पुतला फूंका।

कि कामां से जाहिदा खान को टिकट नहीं दिया जाए और यदि उन्हें कांग्रेस का टिकट दिया जाता है तो इस बार उन्हें हार का सामना करना पड़ सकता है इस दौरान काफी संख्या में लोग एकत्रित थे।

## 'कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए अल्पसंख्यकों का इस्तेमाल किया'

**पोकरण,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी सांसद राज्यसभा (मनोनीत) इं. गुलाम अली खटाना ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए अल्पसंख्यकों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

भाजपा मिडिया प्रभारी भोमराज माली ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार महंत प्रतापपुरी के लिए प्रचार करने के लिए पोकरण विधानसभा क्षेत्र के भणियाणा, जीयासर, भीखोदाई, फलसुंड, पदमपुरा और बांधेवा क्षेत्रों के दौरे में सांसद गुलाम अली खटाना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से विभाजनकारी रणनीति अपनाई है, जो पहचान की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमती है। अल्पसंख्यक समुदायों से वोट हासिल करने के लिए। उन्होंने कहा कि अब इस वास्तविकता को स्वीकार करने का समय आ गया है कि कांग्रेस सहित कुछ राजनीतिक दलों ने अक्सर अपने चुनावी लाभ के लिए अल्पसंख्यक समुदायों की भावनाओं और आकांक्षाओं का इस्तेमाल किया है। वोट बैंक की राजनीति के इस रूप ने भले ही वोट हासिल कर लिए हो, लेकिन इसने वास्तव में इन समुदायों की चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित नहीं किया है।

गुलाम अली ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब वंचित लोगों और पिछडे क्षेत्रों के उत्थान पर विशेष ध्यान देते हुए दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। सड़क बुनियादी ढांचे, व्यापार के अवसर, स्वास्थ्य सेवा, सडक, रेलवे और अन्य क्षेत्रों में पूर्ण परिवर्तन देखा गया है। भारत सरकार ने 82 करोड़ आत्माओं को मुफ्त राशन प्रदान किया है, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप जैसे नए और अभिनव विचारों को पेश किया है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और भ्रष्टाचार काफी हद तक कम हुआ है।

# 15 लाख की नगदी और आठ किलो चांदी जब्त

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस लगातार नाकाबंदी कर अपराधियों की धरपकड़ और अवैध राशि व सामान जब्त कर रही है। जैसलमेर के नाचना थाना और पोकरण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 15 लाख रुपए और 8 किलो 330 ग्राम चांदी बरामद की है। अलग-अलग जगह कार्रवाई में निजी बसों और निजी गाड़ियों की जांच की गई। नगदी और अन्य सामान को जब्त किया गया। एफएसटी टीम और आयकर विभाग नगदी आदि के कागजों की जांच करेगा।

जैसलमेर एसपी विकास सांगवान ने बताया कि नाचना थाना पुलिस व एफएसटी टीम ने अवाय गांव के पास बीकानेर रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 13 लाख 5 हजार 300 रुपए बरामद किए है। थानाधिकारी अजीत सिंह चंपावत के नेतृत्व में पुलिस व एफ़एसटी टीम के साथ नाकाबंदी कर गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इस दौरान बीकानेर की

- **नाचना थाना पुलिस व एफएसटी टीम ने अवाय गांव के पास नाकाबंदी में कार्रवाई की**
- **अलग-अलग जगह निजी बसों और निजी गाड़ियों की जांच में कार्रवाई की**

तरफ से आ रही एक एसयूवी को रुकवाकर तलाशी ली गई। जिसमें 13 लाख 5 हजार 300 रुपए मिले। युवक से पूछताछ करने पर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। नकदी और गाड़ी को जब्त किया गया।

एसपी विकास सांगवान ने बताया कि पोकरण थाना इलाके में कार्रवाई कर करीब 2.7 लाख रुपए और 8 किलो 330 ग्राम चांदी को पकड़ा है। थानाधिकारी दिनेश लखावत के नेतृत्व में लवां गांव के पास चैक पोस्ट लगाई गई है। यहां वाहनों की जांच करने के साथ संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति, वाहनों पर नजर रखी जा रही है। नाकाबंदी के दौरान एक बस में सवार बाड़मेर के मंडली थाना के कोरणा गांव के निवासी माधूसिंह राजपुरोहित को पकड़ा। उसके पास मिली 8 किलो 330 ग्राम चांदी जब्त की गई। पूछताछ में उसके पास कोई वैध कागजात नहीं मिले। जिस पर एफएसटी को मौके पर बुलवाकर चांदी व व्यक्ति सुपुर्द किए गए।

इसी तरह 3 अलग-अलग कार्रवाई करते हुए नगदी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मांगोलाई निवासी रहमतुल्ला के कब्जे से 50 हजार रुपए, जोधपुर के बावरली निवासी मोहम्मद खां के कब्जे से 67 हजार रुपए और जोधपुर के चौचलवा इस्लामनगर निवासी हैदर खां के कब्जे से 1 लाख रुपए बरामद किए गए। तीनों युवकों व नकदी को एफ़एसटी को सुपुर्द किया गया है और जांच की जा रही है।

# व्यापारी की कार में मिली 16.51 लाख की नगदी

## दस्तावेज भी नहीं मिले, इनकम टेक्स विभाग को सूचना दी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में विधानसभा चुनाव में अवैध मादक पदार्थ, कैश व अन्य वस्तुओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में बजरंगगढ़ चौराहे पर नाकाबंदी की गई। चैकिंग के वक्त एक कार से तलाशी में 16 लाख 51 हजार 20 रुपए जब्त किए गए।

पुलिस ने मामले की सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी, जिस पर इनकम टेक्स विभागने मंगलवार को रकम को लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। कार में सवार व्यापारी थावरदास गुरनानी व दीपक गुरनानी कवंडसपुरा से वैशाली नगर स्थित घर जा रहे थे। पूछताछ में दोनों लोग रकम के बारे में कोई जवाब नहीं दे पाए। सीओ उत्तर भोपालसिंह भाटी के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

कोतवाली थानाधिकारी वीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जब्त की गई राशि के बारे में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सूचना भिजवा दी गई है। पुलिस टीम में सीओ ऑफिस से एएसआई सतपाल, हैड कांस्टेबल गोपाल गौड़, कांस्टेबल सीताराम मीणा शामिल रहे।

**सिविल लाइन में दो लाख 84 हजार रुपए जब्त :-** विधानसभा चुनाव में आचार संहिता की पालना में सिविल लाइन पुलिस थाना ने चैकिंग के समय टीटीई कॉलेज के सामने एक कार को रुकवाया। उसमें सवार लोगों की चैकिंग की गई।

कार में बैठी पाली जिले की चंदा देवी के पास से दो लाख 84 हजार रुपए बरामद हुए। उक्त राशि को लेकर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। तत्पश्चात राशि को धारा 102 सीआरपीसी के तहत बतौर वजह सबूत जब्त कर लिया गया।

## 17 किलो डोडा-पोस्त बरामद

**बीकानेर,** (निसं)। महाजन स्थानीय पुलिस ने चुनाव आचार संहिता में बरती जा रही सख्ती के तहत सोमवार को राजमार्ग संख्या 62 पर अरजनसर नाके पर एक व्यक्ति के कब्जे से 17 किलो अवैध डोडा- पोस्त बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है।

महाजन सीआई गणेश कुमार बिश्नोई ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर इधर उधर छिपने लगा। जिसे पकड़कर उसके पास मिले थैले की तलाशी ली तो उसमें 17 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम भादरा निवासी विष्णु बिश्नोई बताया। सीआई बिश्नोई ने बताया कि आरोपी डोडा-पोस्त अरजनसर में किसी को बेचने या भादरा क्षेत्र में ले जाने की फिराक में था। पुलिस ने डोडा-पोस्त जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच लूणकरणसर पुलिस कर रही है। सीआई बिश्नोई ने बताया कि आचार संहिता के चलते पुलिस 24 घंटे सक्रिय होकर कार्यवाही कर रही है।

# कार से 5.62 लाख की संदिग्ध राशि बरामद

**हनुमानगढ़,** (निसं)। विधानसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सघन नाकाबंदी में एफएसटी के साथ मिलकर 5 लाख 62 हजार रुपए की संदिग्ध राशि जब्त की। एसपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि जिले में प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर सघन नाकाबंदी कर जांच अभियान जारी है। अंतर्राज्यीय सीमा पर पुलिस की निगरानी बढ़ाने के साथ ही चारपहिया वाहनों और बसों आदि पर निगरानी के साथ सघन तलाशी ली जा रही है। इस दौरान संदिग्ध राशि को भी जब्त किया जा रहा है।

इस बीच पल्लू टोल नाका पर दो कारों की तलाशी में साढ़े चार लाख रुपए की संदिग्ध राशि जब्त की गई। इसमें एक में दो लाख और दूसरी गाड़ी में ढ़ाई लाख रुपए बरामद हुए। पूछताछ में कार सवार राशि को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। यह दोनों कारें सरदारशहर की तरफ से हनुमानगढ़ आ रही थी। इस कार्रवाई में एफएसटी टीम, रावतसर सीओ, रावतसर सीआई अरुण चौधरी और पल्लू एएसएचओ विजेंद्र शर्मा शामिल थे। वहीं, पीलीबंगा पुलिस ने अमरपुरा फाटक के पास वाहनों की जांच में एक कार से एक लाख 12 हजार रुपए संदिग्ध राशि जब्त की। इस संबंध में चुनाव आयोग को सूचना दी गई है। इस कार्रवाई में सीओ अरुण कुमार, पीलीबंगा सीआई विक्रम चौहान व एफएसटी शामिल थी।

**दूदू में 23 किलो डोडा-पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार :-** निकटवर्ती मौजमाबाद थाने की पुलिस ने जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाडोता के पास कार्यवाही कर 23 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त व 235 ग्राम अफीम बरामद कर एक जने को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार सैनी ने बताया कि, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीणा के निर्देशानुसार अभियान चलाया जाकर डीएसटी टीम प्रभारी छाजूराम के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ बेचते हुए गाडोता से केवल कुमार विश्नोई निवासी मजुओ की ढाणी को गिरफ्तार कर माल जब्त कर पूछताछ की जा रही है।

## स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला

**पावटा, ( निसं )।** आदर्श विद्या मंदिर पावटा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का स्थापना दिवस एवं विजयादशमी के अवसर पर पथ संचलन व शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आदर्श विद्या मंदिर पावटा परिसर में स्वयंसेवकों ने भारत माता की पूजा अर्चना की। शस्त्र व दंड की पूजा के पश्चात युवा स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिला सामाजिक समरसता संयोजक जयराम जाट ने बौद्धिक कार्यक्रम में कहां देश की एकता और अखंडता के लिए राष्ट्रभक्ति जरूरी है। इसे लेकर मंगलवार को स्वयंसेवकों ने शहर में पथ संचलन किया। पूर्ण गणवेश पहने स्वयंसेवक सुबह 9.30 बजे आदर्श विद्या मंदिर पावटा से रवाना हुए। संघ के विभाग कार्यवाहक कैलाश कल्ला व कोटपुतली जिला संघ चालक पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित पंथ संचलन में स्वयंसेवक मुख्य मार्गों से होकर गुजरे। हाथ में दण्ड लिए स्वयंसेवक घोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए आगे बढ़ रहे थे। नगर के मुख्य मार्गों से स्वयंसेवकों के गुजरने पर शहरवासियों ने भारत माता, वंदेमातरम के जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदुत्व पर बल दिया। कहा कि भारती संस्कृति और सभ्यता के उत्थान के लिए युवा आगे आएं। राष्ट्र निर्माण में सभी आहुति दें। कहां की हिंदुओं को संगठित करने के लिए आरएसएस अहम भूमिका निभा रहा है। राष्ट्र निर्माण के लिए युवा संघ से जुड़े। स्वयंसेवको ने पूर्ण अनुशासित तरीके से पथ संचलन निकालकर एकता व राष्ट्रीयता का परिचय दिया।

# पुलिस द्वारा युवकों की पिटाई के विरोध में किरोड़ी लाल मीणा ने थाने में प्रदर्शन किया

**दौसा/लालसोट, ( निसं )।** सवाई माधोपुर के विधायक दानिश अबरार की गाड़ी पर पथराव एवं हमले के बाद शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस द्वारा प्रकरण में संदिग्ध युवकों को पकड़ने के लिए पीछा करने के दौरान जिले के लालसोट थाना क्षेत्र स्थित डीडवाना इंडस्ट्रियल एरिया में युवकों को पड़कर उनके साथ बेरहमी से पिटाई करने के मामले में राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा द्वारा नागल राजावतान थाने पहुंचकर हाई वोल्टेज विरोध प्रदर्शन किया गया।

वहीं इस मामले को लेकर लालसोट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र नेहरा द्वारा पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं वहां मौजूद राज्यसभा सांसद व कार्यकर्ताओं से समझाइस के प्रयास किए गए लेकिन राज्यसभा सांसद एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस के वार्ताओं का गहरा विरोध करते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

राज्यसभा सांसद के बिखरे हुए तेवर एवं हाई वोल्टेज विरोध प्रदर्शन को देखकर पुलिस प्रशासन के होश उड़ गए। राज्यसभा सांसद मीणा द्वारा मौके से ही जिला पुलिस अधीक्षक एवं राजस्थान प्रदेश पुलिस डीजीपी को दूरभाष पर मामले से अवगत कराते हुए दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की गई। मामला सवाई माधोपुर विधायक दानिश अबरार की गाड़ी पर पथराव एवं हमले से जुड़ा हुआ था जहां सवाई माधोपुर की मलारना डूंगर थाना पुलिस के थाना अधिकारी लखन खटाना कुछ संदिग्ध युवकों को पकड़ने के लिए लगातार उनकी गाड़ी का पीछा कर रहे थे। पुलिस द्वारा लगातार पीछा करने के बाद युवकों को डीडवाना स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में पकड़ लिया गया। इस दौरान युवकों द्वारा खुद की स्कॉर्पियो गाड़ी से जिस गाड़ी में थाना अधिकारी लखन खटाना बैठे थे पीछे से टक्कर मारी जाने की बात भी सामने आ रही है।



नागल राजावतान थाने पर राज्यसभा सांसद ने उनके कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

- विधायक दानिश की गाड़ी पर हमले से जुड़ा मामला, युवकों का पीछा कर रही थी पुलिस
- युवकों ने पुलिस के खिलाफ मारपीट का एवं पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज करवाया

दोनों क्षतिग्रस्त गाड़ियों को लालसोट थाने में खड़ा किया गया है। इसके बाद पुलिस द्वारा पकड़े गए युवकों को लालसोट थाने ले जाया गया जहां पर उन युवकों द्वारा लालसोट थाने में मलारना डूंगर थाना अधिकारी लखन खटाना एवं लालसोट थाने की पुलिस द्वारा उनके साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया गया। इसके बाद लालसोट थाने से पुलिस द्वारा नागल राजावतान थाने ले जाया गया। जहां पर सूचना पाकर राज्यसभा सांसद डॉक्टर कोड़ी लाल मीणा द्वारा इस मामले का विरोध दर्ज कराया एवं मामले को लेकर आला अधिकारियों से शिकायत की गई एवं पीड़ितों द्वारा पुलिस पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने के साथ विभिन्न गंभीर धाराओं में प्रकरण लालसोट थाने मे दर्ज कराया गया है।

राज्यसभा सांसद द्वारा पीड़ित युवकों को जिला अस्पताल दौसा ले जाकर उनका मेडिकल कराया एवं उपचार कराया गया। इस मामले को लेकर पूरी रात एवं पूरे दिन गहमागहमी चलने के साथ प्रकरण को लेकर मामला गरमाता रहा। साथ ही मामले से पीड़ित युवक अबरार मलारना द्वारा चुनाव आयोग को भी पुलिस के वार्ताओं एवं चुनाव के दौरान हुई इस घटना की शिकायत की गई है।

वहीं पूरे मामले को लेकर दौसा जिला मुख्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया एवं जानकारी जुटाई गई। वही पूरा मामला राजनेताओं से जुड़ा एवं हाई प्रोफाइल होने के कारण पुलिस व प्रशासन भी फूंक-फूंक कर कदम रखते नजर आ रहे हैं। फिलहाल दोसा जिला पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने में लगी हुई है।

पुलिस ने बताया कि मलाना डूंगर थाना पुलिस द्वारा प्राप्त मैसेज पर नाकेबंदी कराई गई थी जहां पर इन युवकों के वाहन द्वारा नाकेबंदी तोड़ भगाने के चलते इनका पीछा किया गया था वहीं पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस पूरे प्रकरण को लेकर लालसोट के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रामचंद्र नेहरा ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ परस्पर मामले दर्ज कराए गए हैं यूवको द्वारा पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है तो दूसरी और मलारना डूंगर थाना अधिकारी लखन खटाना द्वारा राजकार्य में बाधा एवं जानलेवा हमले का मामला थाने में दर्ज कराया गया है।

## सार-समाचार

### कर्मचारी से मारपीट का विरोध



**लालसोट, ( निसं ) ।** थाना क्षेत्र के देवली गांव में स्थित बिजली निगम के जीएसएस पर कार्यरत संविदा बिजली कर्मी के साथ बीती रात्रि अज्ञात युवकों ने मारपीट करने से गुस्साए ग्रामीणों ने जीएसएस पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन करने के साथ नारेबाजी की गई। जानकारी के अनुसार पूरा मामला शटडाउन से जुड़ा हुआ था इसी मामले को लेकर अज्ञात युवकों को द्वारा संविदा पर कार्यरत बिजली कार्मिक से नोक झोक हुई थी एवं मामला बढ़ने के बाद उसे अज्ञात बदमाश युवकों द्वारा संविदा पर कार्यरत बिजली कर्मी के साथ जमकर मारपीट की गई थी। साथ ही संविदा पर कार्यरत बिजली कर्मी के साथ मारपीट करने वाले अज्ञात बदमाशों को भी गिरफ्तार करने की मांग की गई। वही विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों द्वारा घटना के विरोध में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और जीएसएस से बिजली सप्लाई भी बंद करवा दी। सूचना पर लालसोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लालसोट थाने के एसआई अनिल कुमार मीणा ने बताया कि हमें सूचना मिली कि देवली के जीएसएस पर कार्यरत संविदा कर्मी मुकेश मीणा के साथ कुछ युवकों ने बीती रात को मारपीट कर दी है इसे लेकर ग्रामीणों का जीएसएस पर घटना के विरोध में प्रदर्शन चल रहा है। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से समझाइश की। ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जल्द ही संविदा कर्मी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अनुज कुमार जिला महामंत्री बने

**पावटा, ( निसं )।** तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला महामंत्री पद पर अनुज कुमार शर्मा बजरंगपुरा को नियुक्त किया। भामाशाह अनुज कुमार शर्मा को माला साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा समाज के उत्थान के लिए व परशुराम भवन लाइब्रेरी हेतु विचार विमर्श करते हुए समाज की एकता का संदेश दिया। इस दौरान तहसील ब्राह्मण महासभा महामंत्री गजानंद टीलावत, विष्णु पटेल, ओमप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश बजरंगपुरा, धीरज वशिष्ठ सुनील शर्मा, दीपक शर्मा, ललित, सुरेश हलकारा, विमल कुमार शर्मा, राहुल शर्मा, कैलाश पारासर, बनवारी लाल शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दुर्गादत्त भारद्वाज, प्रमोद शर्मा, अशोक शर्मा, रवि शर्मा सहित विप्रजन मौजूद रहे।

### मेला व भण्डारा आयोजित

**शाहपुरा, ( निसं )।** शाहपुरा के बिदारा गांव में पहाड़ी पर स्थित वैष्णो माता मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल मेला एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मेले में गायक कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मेले में दूर दराज से पधारे हुए श्रद्धालुओं ने वैष्णो माता के दर माथा टेक कर मन्नत मांगी। जगदंबा सेवा समिति ने वैष्णो माता के मंदिर में मेला व भण्डारे सहयोग किया। संयोजक कमलेश यादव ने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक मेले में कार्यकर्ताओं ने कार्य करके सहयोग दिया। इस मौके पर जगदम्बा सेवा समिति के कमलेश यादव, जनारायण यादव, मुकेश यादव, बाबूलाल यादव, बनवारी यादव, कैलाश यादव, अर्जुन यादव, विक्रम यादव, रोहिताश यादव, संजय मीणा, सुरेन्द्र, दिनेश, रामसिंह यादव, विनोद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रावन के पुतले का दहन किया

**शाहपुरा, ( निसं )।** शहर में मंगलवार को दशहरे पर बुराई के प्रतीक रावन के एक दर्जन से अधिक पुतले निकालकर पुलिस थाने के पास स्थित नारायण पार्क में दहन किया गया। मुख्य बाजार चौपड़, खातेड़ी मोहल्ले, पीपली बस स्टैड, जोगियों के बास से रावन के पुतले निकाले गये जिनका सामूहिक रूप से दशहरा मैदान में दहन किया गया। इस दौरान भगवान राम, लक्षमन, सीता, हनुमान जी की सजीव झांकी व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज कारनामें दिखाये। बैण्ड बाजे व डीजे के भजनों पर लोगों ने झूमकर आनंद उठाये।

### 7 जोड़ों का हुआ पंजीयन

**पीपलू, ( निसं )।** जांगिड समाज के तृतीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर कस्बे के श्री विश्वकर्मा मंदिर में तहसील सभा अध्यक्ष एडवोकेट हनुमानप्रसाद जांगिड रानोली व सम्मेलन अध्यक्ष शंकरलाल जांगिड बनवाडा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में 27 नवंबर को होने वाले तृतीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर अधिक से अधिक जोडा पंजीयन पर जोर दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार जांगिड पीपलू ने बताया कि अब तक 7 जोडों का पंजीयन हो चुका हैं। 51 जोडों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर पदाधिकारी गांवो मे जाकर समाज बंधुओ से संपर्क कर रहे है। जोडा पंजीयन 31 अक्टूबर तक किया जाएगा।

### गोपाल बैरवा अध्यक्ष बने

**पीपलू, (निसं)।** जिला बैरवा कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था टोंक के तत्वाधान में तहसील पीपलू की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बाबा रामदेव मंदिर झिराना में संस्था वित्तीय सलाहकार चिरंजीलाल बैरवा, वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष सुदर्शन जोनवाल की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी पीपलू का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें संरक्षक रामफूल सिसोदिया, अध्यक्ष गोपाल बैरवा, मंत्री प्रहलाद बैरवा, कोषाध्यक्ष रमेशचंद बैरवा को मनोनीत किया गया। इस मौके पर मदनमोहन गोठवाल, बाबूलाल सौंदीफल आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की सहायता करेंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**खैरथल, ( निसं )।** जिले में मतदान केंद्र पर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता को मत का प्रयोग करने में असुविधा नहीं हो इसको मध्यनजर रखते खैरथल तिजारा कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने मतदान केंद्रों पर दो-दो स्वयंसेवी छात्र एवं महिला मतदाताओं के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

- जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सूची तैयार करने के दिए निर्देश

जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया कि 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केंद्र में लाने की सहायता के लिए स्वयं सेवी दो - दो छात्र एवं महिला मतदाताओं के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाया जाएगा। जिससे वृद्ध जन एवं दिव्यांग मतदाता आसानी से अपना मत दे सकें।

इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी की सूचियां तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पोलिंग के दिन वरिष्ठ मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए एनसीसी के 15 से 17 वर्ष के छात्र - छात्राओं को लगाया जाएगा। वहीं महिला मतदाताओं की सहायता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा सहयोगिन की नियुक्ति की जाएगी। यह सभी मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी एवं बीएलओ के निर्देशन पर मतदाताओं को सहयोग प्रदान करेंगे।

दूसरी और किशनगढ़ बास में निर्वाचन अधिकारी एसडीएम डॉ धीरज कुमार के निर्देशन में टीम ने चुनाव आयोग की ओर से शुरू किए गए हेल्पलाइन एप जागरूकता को लेकर दशहरा उत्सव कार्यक्रम में हेल्प डेस्क लगाकर मतदाताओं को एप से मिलने वाली सुविधाओ व जानकारी के बारे में अवगत कराते हुए एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया।

## सामूहिक विवाह समारोह 12 मार्च को

**अलवर, ( निसं )।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति अलवर की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को दोपहर 12 बजे काशीराम चौराहे के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धारा भाई) ने की।

समिति प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने 27वां अखिल भारतीय सैनी समाज सामूहिक विवाह समारोह 12 मार्च 2024 फुलेरा दोज को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष प्रताप सैनी ने नवगठिक कार्यकारिणी में इस बार अधिक से अधिक सामाजिक वरिष्ठ एवं युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से 50 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में सामूहिक विवाह हेतु अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 10 दिसम्बर 2023 को प्रथम सैनी विवाह योग्य युवक-युवती परिचयन सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा।

# बैंड बाजों के साथ भगवान राम की शोभायात्रा निकाली

**किशनगढ़ बास, ( निसं )।** बुराई पर अच्छाई का प्रतीक विजयदशमी पर्व पर कला मंच की ओर से शहर के मुख्य मार्गों व बाजारों से होते हुए बैंड बाजों के साथ निकाली गई भगवान राम और रावण की यात्रा अलवर रोड दशहरा मैदान पर पहुंची। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

दशहरा मैदान पर कला मंच के कलाकारों ने भगवान राम और रावण के संवाद एवं लंका दहन की लीला दिखाई और अहंकारी रावण के पुतले का भगवान राम के हाथों दहन किया गया। लंका दहन की लीला को देखने के लिए हजारों की तादाद में महिला पुरुष बच्चे दशहरा मैदान पहुंचे। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक दीपचंद खेरिया पूर्व विधायक रामहेत यादव प्रधान बद्री प्रसाद सुमन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सिंघल एवं पार्षद नगर पालिका सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



किशनगढ़ बास में रावण दहन देखने जन सैलाब उमड़ा।

दूसरी और किशनगढ़ बास के गंज गांव में रावण दहन के साथ लंका दहन की लीला दिखाई गई।

समिति की ओर से भगवान राम लक्ष्मण हनुमान रावण की बैंड बाजों के साथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान यात्रा में ऊंट घोड़ी शामिल किए गए।

इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शहर के मुख्य मार्ग से पथ संचलन निकाला गया।

मुख्य बाजार में पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# चार महिने पहले शिलान्यास होने के बाद भी सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ

**किशनगढ़ बास, ( निसं )।** खैरथल तिजारा जिले की विधानसभा किशनगढ़ बास के गांव तहनोली से इच्छाका तक मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत विधायक दीपचंद खेरिया द्वारा मंजूर की गई सड़क का शिलान्यास कर 4 महीने पहले पट्टिका तो लगा दी गई पर सड़क का काम अभी तक शुरू नहीं हो सका है। जबकि विभाग की ओर से वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है।

- विभाग की ओर से वित्तीय स्वीकृति भी जारी हो चुकी है

गांव तहनोली में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, स्वायत मंत्री शांति धारीवाल, सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव, विधायक दीपचंद खेरिया, नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल के नाम की शिलान्यास पट्टी तहनोली से इच्छाका की सड़क पर लगी है। आने जाने वाले ग्रामीणों की नजर अक्सर पट्टीका पर पड़ती है और एक दूसरे से यही सवाल करते हैं की 4 महीने से पट्टी लगी है यह पट्टी ही लगी रहेगी या फिर सड़क भी बनेगी।

सड़क शिलान्यास पट्टी को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता भूरी सिंह से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि किशनगढ़ बास नगर पालिका पैरा फैरी क्षेत्र में 10 सड़क स्वीकृत की गई है। चार महीने पहले से लगी शिलान्यास पट्टी के सवाल पर अधिकारी ने कहा बजट घोषणा के साथ शिलान्यास पट्टी लगवा दी लेकिन कार्य वर्क आर्डर होने के बाद ही शुरू होते हैं। सड़कों पर काम किया जा रहा है जल्द ही तहनोली से इच्छाका सड़क का कार्य शुरू कर बनवाया जाएगा।

## नाटक के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया

**पावटा, ( निसं )।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के महत्व को रविवार को आदर्श रामलीला मण्डल पावटा के स्थानीय कालाकारों ने नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से समझाया कि मजबूत राष्ट्र निर्माण में हर एक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझकर मतदान करने जाना होगा। तभी देश में लोकतंत्र को मजबूत व सशक्त बनाया जा सकेगा। मतदाता अधिक से अधिक मतदान करके एक स्वस्थ और मजबूत जनतंत्र का निर्माण कर सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करें। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को संदेश देते हुये बताया कि विधानसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। जिसमें सभी लोगों की भागीदारी अहम है। इसे हमलोग अन्य पर्वो की तरह उत्साह पूर्वक मनाये। हमलोग अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

# रावण दहन से पूर्व राम की शोभायात्रा निकाली

**पावटा, ( निसं )।** बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा मंगलवार को पावटा उपखंड सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया।

आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वावधान में दिन में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, विभीषण व हनुमानजी की शोभायात्रा निकाली गई। वहीं गोपाल भैया मंदिर के सामने दशहरा मैदान पर भगवान श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर रावण के साथ उसके अहंकार का दहन किया। विजयदशमी पर पावटा व प्रागपुरा में रावण के पुतले जलाए गए। इसे देखने के लिए कस्बेवासियों के साथ ही बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण पहुंचे। भगवान राम की सवारी आदर्श रामलीला रामलीला स्थल से शुरू होकर दशहरा मैदान जाकर सम्पन्न हुई। शाम करीब पांच बजे शुरू हुई इस शोभायात्रा में श्री राम और उनके भाई लक्ष्मण के अलावा लंकेश के छोटे भाई विभीषण और रामभक्त हनुमान को जलाया गया।

सवारी का जगह जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा के आगे नाचते-गाते आदर्श रामलीला मंडल पावटा के कार्यकर्ताओं ने लोगों का मनोरंजन किया। रावण दहन का दृश्य देखने के लिए नगर और गांव के हजारों स्त्री-पुरुष और बच्चे एकत्रित हुए। सभी ने रावण दहन से पूर्व की जाने वाली आतिशबाजी का जमकर आनंद उठाया। दशहरा पर लंकेश रावण, उसके भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाद के पुतले चलाए जाने के साथ ही करीब पंद्रह दिन से शहर के विभिन्न हिस्सों के अलावा कस्बों व बड़े गांवों में चल रही रामलीलाएं भी संपन्न होने वाली हैं। बुधवार को श्री राम के राज्याभिषेक के साथ ही रामलीलाएं संपन्न हो जाएंगी। वहीं सोमवार रात रामलीला के मंच पर अहिरावण वध का मंचन किया गया।



राम दरबार की शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया।

## धूं-धूं कर जला दशानन

**उनियारा /चौरु, ( निसं )।** चौरू सागर का विशाल तालाब अद्भुत नजारा से चकाचौंध हो उठा है जब लंका रुपी सागर के बीचों बीच प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रावण के पुतले का भव्य आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण का दहन हुआ।

उनियारा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौरू में दशहरा पर्व पर लंका रूपी सागर के बीच डेकोरेशन के अद्भुत नजारे में रावण का दहन देखने को मिलता है। जिसको देखने के लिए आस-पास के दर्जनों गांवों से महिला-पुरूषों का हुजूम उमड़ पडता है। इस दौरान मंगलवार को चौरू सागर बीच स्थित लंका रूपी टापू पर दशहरा मेले का आयोजन किया गया। दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार लंका रूपी सागर में रात के पलों में निराले रूप देखने को मिले। इस अवसर पर पर्व पर देर शाम को भगवान राम-लक्ष्मण, हनुमान जी की शोभायात्रा पप्पू दयाल कृषि फार्म से होकर चौरू बस स्टैंड होकर गुजरी और आतिशबाजी के बीच युवाओं ने अखाड़े के करतब दिखाए। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए आतिशबाजी के साथ सागर की पाल पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची और वहां पर भगवान राम-लक्ष्मण एवं हनुमान का पूजन किया गया। चौरू सागर के बीचों-बीच स्थित लंका रूपी टापू पर रावण दहन किया गया।

# रंगीन आतिशबाज़ी के बीच 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

**निवाई, ( निसं )।** असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व को देखने के लिए दशहरा मैदान में हजारों लोगों की भीड उमड पडी। दशहरे मेले में 51 फीट ऊंचे रावण व कुंभकरण के पुतलों का भगवान श्रीराम ने तीर से दहन किया। इससे पूर्व सुप्रसिद्व आतिशबाजों द्वारा खुले आसमान में आतिशबाजी की छटाएं बिखेरी।

बस स्टैंड पर नगरपालिका के पुराने भवन के समीप विशाल स्वागत द्वार से पुष्प वर्षा कर भगवान राम के विजयी जुलूस का स्वागत किया गया। स्वागत द्वार पर उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा घोष बैण्ड बजाकर भगवान श्रीराम के विजय जुलुस का अभिनन्दन किया। दशहरा महोत्सव को लेकर विजय जुलुस से पूर्व दोपहर में बडा बाजार में रावण-जटायु युद्ध का मंचन हुआ। पुतला दहन से पूर्व दशहरा मैदान में अंगद-रावण संवाद का भव्य मंचन हुआ। भगवान श्रीराम का विजय जुलुस गणगौरी बाजार से करीब 3 बजे आकर्षक झांकियों के साथ रवाना हुआ। जुलुस में भगवान श्रीराम व लक्ष्मण हाथी पर सवार होकर चल रहे थे। जुलुस में दादूदयाल अखाडा जमात व हनुमान व्यायामशाला के पट्टेबाजों ने कई हैरतंगेज करतब दिखाए। जुलुस में स्ट्रीट कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। जुलूस के आगे ऊंट पर सवार तोपची तोप चलाते हुए चल रहा था। भगवान भोले शंकर का ताण्डव नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। विजय जुलूस में ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई। साथ ही कच्ची घोडी नृत्य व शहनाई वादक शहनाईयां बजाते हुए चल रहे थे एवं पंजाबी कलाकारों ने पंजाबी बेंड से लोगों का अभिनन्दन किया। जुलूस करीब 5 बजे बस स्टेण्ड पर स्थित पालिका भवन के समीप पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी व उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया ने भगवान श्रीरामजी की भव्य आरती कर अतिथियों का राजस्थानी परम्परा के अनुरूप चुनरी का साफा बंधवाकर स्वागत किया। जुलूस में धार्मिक सामाजिक संगठनों के अतिरिक्त करीब तीन दर्जन से भी अधिक निजी-शिक्षण संस्थाओं की आकर्षक झांकियां शामिल थी।

- विजय जुलूस को देखने के लिए उमड़ा जन सैलाब



भगवान राम के विजय जुलूस में सजीव झांकी सजाई गईं।

## संक्षिप्त

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, ( निसं )।** घाड थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक टोंक राजर्षि राज वर्मा के निर्देशों की पालना में अवैध शराब भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए घाड थानाधिकारी प्रभाती लाल ने मय जाप्ता व डीएसटी टीम के साथ सूचना पर क्षेत्र के सरोली मोड पर स्थित भंडारण किये गये अवैध देशी व अंग्रेजी शराब के 21 कार्टन जिनकी कीमत 1 लाख रूपये आंकी गई, आरोपी महेन्द्र पुत्र रामनिवास जाति खटीक निवासी संथली थाना दूनी को गिरफ्तार किया गया है।

### डॉ. आर. सांवरिया सम्मानित

**चाकसू, ( निसं )।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से दुर्गापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड समारोह में चाकसू कस्बे में संचालित सांवरिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आर सांवरिया को ग्रामीण इलाके में सराहनीय चिकित्सकीय सेवाओं एवं कोरोना काल में सभी संसाधनों, भोजन एवं आवास निशुल्क मानव सेवा को समर्पित कर उत्कृष्ट योगदान देने पर डॉ. विधान चन्द्र राय समर्पण समाज गौरव 2023 अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

### केशवराज चौहान अध्यक्ष बने

**दूदू, ( निसं )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला दूदू की कार्यकारिणी के चुनाव मंगलवार को सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्ष केशवराज चौहन, सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश, उप सभाअध्यक्ष कैलाश चन्द, राजेन्द्र कुमार, वरिष्ठ भानुप्रताप सिंह, मंत्री गुरूप्रसाद, महिला मंत्री माया गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकाश जैन को चुना गया।

### शिविर के पोस्टर का विमोचन

**कोटपूतली, ( निसं )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 5 नवम्बर को प्रतिवर्ष की भांति पूर्व सरपंच व समाजसेवी स्व. सूरजमल यादव की पुण्य स्मृति में आंखों का नि:शुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसका पीठाधीश्वर बलदेवदास महाराज द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया।

# रावण दहन व आतिशबाजी का लोगों ने जमकर आनंद उठाया

**सांभरझील, ( निसं )।** सांभर में मंगलवार को मेला ग्राउंड पर हजारों लोगों ने रावण दहन में भाग लिया। मेला स्थल पर रावण दहन देखने के लिए आसपास से गांवों से भी भारी तादाद में लोग पहुंचे। दशहरा पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उल्लास देखा गया।

मेला ग्राउंड के बाहर चाट पकौड़ी, खेल खिलौने व अनेक सामग्री बेचने वालों की भी अच्छी खासी मौजूदगी रही। पालिका प्रशासन की ओर से ऑर्गेनाइज किए गए इस मेले में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई। रावण का पुतला हालांकि लोगों के लिए खास आकर्षण नहीं बन सका क्योंकि लोगों का कहना है कि रावण का पुतला हर साल कमजोर होता जा रहा है और रावण के पुतले में जो रूप नजर आना चाहिए था वह भी नहीं दिखा लेकिन इसके बावजूद भी हजारों लोगों ने अपनी उमंगता को बनाए रखा। जैसे ही रावण के पुतले का दहन किया गया कुछ पल में ही थूधूकर पुतला समाप्त हो गया। मौजूद हजारों लोगों ने प्रभु श्री राम का उद्घोष किया तो समूचा मेला स्थल गूंज उठा। इससे पहले चारभुजा नाथ मंदिर से अनेक वर्षों से जारी परंपरा के अनुसार भगवान चारभुजा नाथ मंदिर से राम जानकी का रथ खींचा गया। मंदिर पुजारी राजेंद्र प्रसाद व्यास व पार्षद गौतम सिंघानिया ने भी रथ को खींचा। निर्धारित रास्तों से हुए भगवान चारभुजा नाथ मंदिर से राम



सांभर में रावण दहन देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठे हुए।

जानकी का रथ मेला स्थल पर पहुंचा जहां पर सैकड़ो लोगों ने प्रतिमा के दर्शन किए तथा आरती में भी भाग लिया। पालिका प्रशासन की ओर से आतिशबाजी कोई खास असर नहीं छोड़ सकी। मेला स्थल पर नवगठित सांभर टेंट एसोसिएशन, फोटोग्राफर, बैंड बाजा, घोड़ी संगठन के अलावा अनेक समाजसेवियों की ओर से भी शीतल जल का इंतजाम किया गया।

**31 फीट के रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन :** चाकसू संवाददाता अनुसार बुराई पर अच्छाई की जीत का विजयादशमी पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। चाकसू नगर पालिका मण्डल दशहरा की ओर से दशहरे मैदान में 31 फीट रावण के पुतले का दहन हुआ।

शाम 5 बजे जोगाबाड़ी रोड स्थित रावण टीले दशहरा मैदान पर लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध, राम-रावण युद्ध के साथ रंगारंग कार्यक्रम, रंगीन आतिशबाजी के उपरान्त विशालकाय रावण के पुतले का दहन भगवान राम द्वारा किया गया। इससे पूर्व नगर पालिका कार्यालय से दोपहर को परम्परागत रूप से भगवान श्रीराम दरबार की शोभायात्रा निकाली, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सायंकाल दशहरा मैदान मेला स्थल पहुंची, जहां भगवान श्रीराम के राजतिलक का कार्यक्रम आयोजित किया। रावण दहन के पूर्व राम रावण संवाद की जीवन्त प्रस्तुति की गई। इस बार विजय जुलूस व दशहरे मैदान में आचार सहिंता का पूरा असर देखने को मिला जिसके तहत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति पूरी तरह नगणय सी रही। इस बार पालिका के ही कमर्चारी ही दिखे ।

## रावण दहन देखने उमड़ा सैलाब

**कोटपूतली, ( निसं )।** जिले में मंगलवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस दौरान श्रीराम लीला मण्डल कोटपूतली के तत्वावधान में नागाजी की गौर स्थित दशहरा मैदान पर रावण के पुतले का दहन किया गया। शाम करीब 5 बजे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण तथा हनुमान जी की लवाजमे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। वहीं रावण की भी सवारी शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली। इस दौरान जगह-जगह भगवान श्रीराम व उनकी सेना का स्वागत किया गया। बीडीएम अस्पताल के पूर्व पीएमओ डॉ. अश्वनी गोयल व एडवोकेट विमल गोयल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बड़ाबास मौहल्ले में भगवान श्रीराम की आरती उतारी।

दूसरी ओर केशव मन्दिर, कल्याणजी व सीताराम जी मन्दिर सहित विभिन्न मन्दिरों से भगवान पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंचे जहां रावण अंगद संवाद तथा श्रीराम रावण युद्ध के मंचन के पश्चात् श्रीराम ने विभिक्षण के इशारे पर अग्नी बाण से रावण की नाभी कुंड में बाण मारा बाण लगते ही लगभग 61 फीट ऊंचा रावण का पुतला धमाकों के साथ धडाम हो गया। इस दौरान मण्डल के अध्यक्ष कमलेश मीणा, महेन्द्र शर्मा, प्रकाश भगत जी, राजेश ढोडु, पवन कंसल, सुमित शर्मा, कुलदीप जोशी, आन्नद भरद्वाज, जगदीश बसीठा, बालमुकुन्द बंसल, मनोज पंडित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


## सार-समाचार

### दो जनों से आठ लाख बरामद



**कोटपूतली, ( निसं )।** विधानसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए आचार संहिता के तहत कार्यवाही करते हुए पनियाला थाना पुलिस ने हरियाणा सीमा पर बनी चैक पोस्ट पर दो लोगों से आठ लाख रूपये बरामद किये हैं। कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक डॉ. रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज उमेश चन्द्र दत्ता के निर्देशन में विधानसभा चुनाव 2023 को मध्यनजर रखते हुए अन्तर्राजीय सीमा पर नाकाबंदी एवं सम्पूर्ण जिले में स्पेशल व माइनर एक्ट एवं आर्म्स एक्ट में प्रभावी कार्यवाही व वांछित अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पनियाला थाना पुलिस ने गोनेड़ा चैक पोस्ट एनएच 148 बी पर नांगल चौधरी की ओर से आ रहे एक वाहन को रोक कर पूछताछ की तो उसमें बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रामनिवास पुत्र झूथाराम प्रजापत निवासी अटेली मण्डी जिला महेन्द्रगढ़ बताया। पुलिस ने वाहन को चैक किया तो उसमें सात लाख रूपये मिले जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। इसी तरह दूसरी कार्यवाही एक अन्य वाहन को रोक कर पूछताछ की तो उसमें बैठा व्यक्ति योगेश पुत्र भालचन्द शर्मा निवासी बरेली खुर्द थाना जाटुसाना जिला रेवाड़ी पुलिस को देखकर शखपकाने लगा पुलिस ने वाहन को चैक किया तो योगेश कुमार के कब्जे से एक लाख रूपये मिले। सही जवाब नहीं देने पर पुलिस ने रूपये जप्त कर लिये।

### पथ संचलन निकाला



**दूदू, ( निसं )।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन मुख्य मार्गों से होते हुए गणेश मंदिर पहुंचा। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भारी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे। इस दौरान उपपुलिस अधीक्षक रूप सिंह व थाना निरीक्षक इमरान मौहम्मद पुलिस कर्मियों के साथ रहे।

### अवैध शराब के साथ 3 जने पकड़े

**फुलेरा, ( निसं )।** फुलेरा जंक्शन पर स्थानीय जीआरपी एवं आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए गए संयुक्त अभियान के तहत पुलिस ने करीब 85 लीटर अवैध शराब जब्त की है। जीआरपी थाने के थानाधिकारी सीआई गुलजारी लाल ने बताया कि राज्य में वर्तमान विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आगे बताया कि सोमवार की शाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में गस्त के दौरान तीन व्यक्तियों को अपने साथ 4 बडे बैग लेकर गाड़ी की तरफ आते देखा तो वह पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस ने तीनों व्यक्तियों का पीछा कर साजिद खान पुत्र खान मोहम्मद निवासी सरसपुर अहमदाबाद, अंसारी मोहम्मद रिजवान पुत्र इश्तियाक निवासी गोमतीपुर अहमदाबाद, रंगरेज ईदी भाई पुत्र सही निवासी अमदुपुरा अहमदाबाद गुजरात को हिरासत में लेकर उनके थैलों की तलाशी लेने पर उनमे रखी अवैध देशी व अंग्रेजी 85.920 लीटर शराब जब्त की गई।

### धारदार छुरा सहित एक जना गिरफ्तार

**कोटपूतली, ( निसं )।** जिले के पनियाला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए धारदार छुरा सहित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा के निर्देश पर अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए एएसपी दिनेश यादव व डीएसपी मदनलाल जैफ के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त टीम मुखबीर की सूचना पर करवास मोड़ स्थित बस स्टेण्ड पर खड़े संदिग्ध व्यक्ति के पास पहुंची तो उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसको पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस ने सोनू पुत्र कैलाश कंजर निवासी करवास की तलाशी ली तो उसकी जेब में एक धारदार छुरा बरामद हुआ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पनियाला, कोटपूतली, प्रागपुरा, रानोली, नवलगढ़, मुकुन्दगढ़ व उदयपुरवाटी सहित विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## दो पक्षों में मारपीट, 9 जने गंभीर घायल

**कोटपूतली, ( निसं )।** कस्बे की ढ़ाणी सुरदासवाली में सोमवार शाम एक ही परिवार के दो पक्षों में लम्बे समय से चल रहे विवाद को लेकर आपसी कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई।

जिसमें 9 जने गंभीर घायल हो गये। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

पुलिस के अनुसार मारपीट में एक पक्ष के महेन्द्र पुत्र पप्पूराम, लोकेश पुत्र रघुवीर, विजेन्द्र, सोनू दोनों पुत्र सुभाष चंद, रघुवीर पुत्र हजारी लाल व दुसरे पक्ष के राजेश पुत्र भैंरूराम, जितेन्द्र पुत्र महेश, महेश व भागीरथ दोनों पुत्र धन्नाराम समस्त जाति सैनी घायल हो गये। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# डांडिया नाइट में महिलाओं ने मां दुर्गा की आराधना की

**चाकसू, ( निसं )।** कस्बे में स्काईलार्क वेलफेयर फॉउंडेशन की निदेशक सुमन कुमावत एवं ओम हॉस्पिटल के डॉ. राशि अग्रवाल की ओर से नवरात्रि डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सनातन, परंपरा एवं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत रहा।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक रामकरण ने भारतमाता को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात कार्यक्रम में आयी हुई सभी मातृशक्ति द्वारा मां दुर्गा की सामूहिक आरती की गई। शस्त्र पूजन कर प्रांत घुमन्तु कार्यप्रमुख महेंद्र ने शस्त्र पूजन की प्रासंगिकता को



चाकसू में नवरात्रि डांडिया महोत्सव का आयोजन किया।

समस्त मातृशक्ति को बताया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी रखी गयी जिसमें बेस्ट कॉस्ट्ययूम, बैस्ट डांस, बैस्ट रैंप वॉक आदि में विजय हुई महिलाओं और बहिनों को पारितोषिक स्वरूप गिफ्ट कार्यक्रम संयोजक सुमन कुमावत ने दिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुशीला विभाग संयोजिका महिला समन्वय सांगानेर, सुषमा सह विभाग संयोजिका महिला समन्वय सांगानेर, अरविन्द विभाग व्यवस्था प्रमुख सांगानेर कैलाश एवं नगर कार्यवाह मोहित डॉ सुषमा अटल,विजयलक्ष्मी शर्मा, चंचल जोशी, कोमल शर्मा, मंजू जोशी का सहयोग रहा ।

# पुजारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

**जयपुर, ( निसं )।** दौसा जिले के कालाखो में एक पुजारी की लाठी से वारकर हत्या के मामले में सर्व ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने रोष व्यक्त करते हुए इसे ब्राह्मण समाज पर हमला बताया है।

उन्होंने कहा कि, कांग्रेस सरकार के पांच वर्ष के शासनकाल में एक दर्जन से अधिक पुजारियों की हत्या कर दी गई वहीं मंदिर की जमीनों पर कब्जे के लिए पुजारियों को परेशान करने के दो

> ■ सर्व ब्राह्मण समाज राजस्थान ने दौसा में हुई पुजारी की हत्या पर आक्रोश जताया

दर्जन से अधिक प्रकरण सामने आ चुके हैं। इसके बाद भी राज्य सरकार ने पुजारियों की सुरक्षा के लिए कोई कडे कदम नहीं उठाए।

प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने एक बयान जारी कर कहा कि, कालाखो में पुजारी के घर के बाहर शराब पी रहे एक शराबी को मना करने पर उसने लाठी से पीट पीटकर पुजारी की हत्या कर दी। पुजारी को इतने वीभत्स तरीके से मारा गया कि उसकी एक आंख ही बाहर निकल आई और उसने इलाज के दौरान जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में दम तोड़ दिया।

पुजारी रामजीलाल शर्मा वर्षों से अकेले ही निवास करते थे और वहीं मंदिर में पूजा पाठ किया करते थे। उनकी हत्या के बाद अब तक राज्य सरकार की ओर से कोई राहत या मुआवजे की घोषणा नहीं की गई है जबकि पिछले दिनों ही जयपुर में एक रोडरेज में समुदाय विशेष की युवक की हत्या के बाद राज्य सरकार आनन फानन में 50 लाख रूपए देने की घोषणा की थी। पाठक ने कहा कि मृतक पुजारी को परिवार को जल्द ही मुआवजा देने की घोषणा नहीं की गई तो आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पडेगा और ब्राह्मण समाज इसका विरोध करेगा।

## स्काउट गाइड टीम सम्मानित


**बहरोड़/नीमराना, ( निसं )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ बहरोड़ के करीब 100 स्काउट व रोवर की टीम को मनसा माता मंदिर पर भरने वाले लक्खी मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं मेले की सुचारू व्यवस्थाओं में लगातार दिन रात की गई सेवा सुश्रुषा के चलते प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मेले के आखिरी दिन समापन समारोह आयोजित कर डीएसपी तेज कुमार पाठक बहरोड़ के द्वारा स्काउट विभाग बहरोड़ के कार्यों के प्रशंसा की गई।

वहीं उनके सेवा कार्य और गुरुजनों को सैल्यूट करने की बात करते मेला कमेटी और सरपंच द्वारा स्काउट विभाग को धन्यवाद दिया गया। वहीं सभी उपस्थित लोग उनके कार्यों से प्रसन्न दिखाई दिए।

इस दौरान रामचंद्र, होशियार सिंह, घनश्याम योगाचार्य और सचिन यादव, प्रवीण यादव आदि के साथ ही स्काउट गाइड की टीम मेला कमेटी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



लालसोट में भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय के शुभारंभ पर भारी भीड़ मौजूद रही

**लालसोट**, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र लालसोट से भाजपा जनता पार्टी के प्रत्याशी रामविलास मीणा के प्रधान चुनावी कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर प्रत्याशी मीणा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि साहब जी कहलवाएंगे ना किसी के सामने अफसर बनेंगे ना किसी को गेट आउट बोलेंगे किसान का बेटा हुं बेटा ही बनकर रहूंगा।

कार्यालय के शुभारंभ के दौरान भाजपा प्रत्याशी मीणा ने जन समूह से कहा कि, वे किसान के बेटे हैं एवं आम लोगों से किस तरह का बर्ताव होना चाहिए यह कार्य जन भावना के अनुरूप करेंगे। भाजपा प्रत्याशी मीणा ने कहा कि, पिछले पांच साल में कांग्रेस के कुशासन से लोग त्रस्त हैं। भाजपा प्रत्याशी मीणा ने कहा कि जनता ने पिछले 5 सालों में देखा है कि यहां के जनप्रतिनिधि द्वारा किस तरह कैसे उनके

> ■ किसान का बेटा हुं बेटा ही बनकर रहूंगा : रामविलास मीणा

साथ बुरा बर्ताव किया है एवं गेट आउट जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर यहां की आम जनता को प्रताड़ित करने के साथ बेइज्जत करने का कार्य किया है। प्रत्याशी मीणा ने विभिन्न जगहों पर किए गए जनसंपर्क के दौरान लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर उनको मौका मिलता है तो उनके द्वारा जो पिछले साल में लोगों को प्रताड़ित एवं गेट आउट जैसे शब्दों का इस्तेमाल करें बेइज्जत करने का कार्य किया गया है ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कभी नहीं किया जाएगा एवं आम जनता को पलको पर बिठाकर उनका सम्मान के साथ सुशासन का एहसास कराया जाएगा।

इस भाजपा के चुनाव कार्यालय शुभारंभ को कार्यक्रम को भाजपा चुनाव कार्य समिति केनारायण पचारिया ने संबोधित करते हुए कहा कि इस जन समूह को देखते हुए भाजपा का जीतना तय है। भाजपा चुनाव कार्यालय कार्यक्रम के दौरान भीड़ होने के चलते लोग सड़कों पर डटे रहने के कारण लंबे समय तक जाम लग रहा है जिसको खुलवाने के लिए पुलिस कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजमोहन मीणा, पूर्व प्रधान बद्री लाल मीणा, पूर्व चेयरमैन प्रेम चौधरी, एडवोकेट बाबूलाल हाड़ा, भाजपा नेता सतपाल मीणा, हरकेश मटलाना विकास गौतम सोनू बिनोरी शिव शंकर जोशी दीपक चौधरी रूप सिंह बेपलावत चंद्रशेखर आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टोंक लिटरेचर फेस्टिवल समिति की बैठक

**टोंक, ( निसं )।** मंगलवार को डाइट रोड स्थित सेंट जोसेफ कॉलेज में टोंक लिटरेचर फेस्टिवल आयोजन एवं प्रबन्ध समिति की बैठक निदेशक गोरधन हिरोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

साहित्य से जुड़े सुरेश बुंदेल ने बताया कि बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद फेस्टिवल के आयोजन से जुड़ी पंजीयन समिति, अतिथि आमंत्रण एवं स्वागत-सत्कार समिति, मंच सज्जा, पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र वितरण समिति, यातायात एवं आवास व्यवस्था समिति, क्रय एवं वित्त प्रबन्ध समिति, भोजन एवं अल्पाहार प्रबन्ध समिति, मीडिया कवरेज एवं मैनेजमेंट समिति, मंच संचालन समिति, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और ऑल इण्डिया मुशायरा आयोजन समिति, आर्ट गैलेरी प्रदर्शनी आयोजन समिति, बुक स्टॉल, बुक फेयर, बुक संग्रह एवं बुक सेलर आमंत्रण समिति, थिएटर शो एवं नाट्य मंचन आयोजन समिति, टॉक शो आयोजन समिति, चार बैत आयोजन समिति, कैलीग्राफी प्रदर्शनी आयोजन समिति, बाल साहित्य मेला आयोजन समिति, विद्यार्थी सम्मान समारोह समिति, क्लासिकल म्यूजिक शो आयोजन समिति, पुस्तक प्रकाशन एवं विमोचन समारोह समिति, सेमिनार आयोजन समिति, पुरस्कार चयन समिति, उद्घाटन एवं समापन समारोह समिति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर रमेश कुमार चौधरी, कमलेश सिंगोदिया, रियाज राना, सैयद शाहीन अफरोज, शब्बीर नागौरी, डॉ. सैयद बदर अहमद, मो. गयास खुर्रम आदि मौजूद रहे।

# फुलेरा में 50 फीट के रावण का पुतला धूं-धूं कर जला

**फुलेरा, ( निसं )।** कस्बे की रेलवे कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान पर मंगलवार को सायं 5 बजे श्री रेलवे रामलीला एवं सांस्कृतिक कमेटी के तत्वावधान में दशहरे मेले का आयोजन हुआ।

जबकि कमेटी के तत्वाधान एवं निर्देशक राजेश शर्मा तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा 11 अक्टूबर से लगातार रामलीला रंगमंच पर रामलीला का मंचन किया गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा राम और रावण के घोर संग्राम का अभिनय किया गया। तत्पश्चात भगवान श्री राम ने विभिषण के बताये अनुसार रावण की नाभि में स्थित अमृत कुण्ड में अग्नि बाण लगाकर अभिमानी रावण का वध करते हुए 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस तरह रावण का पुतला दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। इसी बीच उडान निर्देशक मदन मोहन बब्बू व मनोहर वर्मा के नेतृत्व कलाकारों द्वारा आकाश मार्ग से शिव पार्वती की झांकी का दृश्य दिखाया गया।

गौरतलब है कि वहीं दूसरी ओर हलवाई बाजार स्थित कुकू बाबा की बगीची से इस बार भी मां काली व भैरू की सवारी निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र में सवारी का जगह जगह पर पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके चलते हलवाई बाजार में निर्मल नागा, मुकेश गगरानी,भूपेन्द्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, महेश सिंह बडगुर्जर, गोविन्द सिंह बडगुर्जर, कन्नू, रतन चौधरी सहित अन्य लोगों के द्वारा सवारी का स्वागत कर आरती की। वहीं



श्री रेलवे रामलीला कमेटी के द्वारा दशहरे मेले का आयोजन हुआ।

गणगौरी बाजार में पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, गांधी चौक पर राजकुमार सांखला,कमल शेखावत,राज बाजार में भाजपा प्रत्याशी निर्मल कुमावत,नगर भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजेश रावका, सीताराम सहित अन्य लोगों के द्वारा सवारी का भव्य स्वागत कर किया गया। इसी क्रम में गांधी चौक स्थित शिव मन्दिर से महादेव की भव्य सवारी निकाली गई।

**30 फीट के रावण का दहन किया :** दूदू संवाददाता अनुसार जिला मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में दशहरे के पर्व पर करीब 30 फीट के रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर भगवान राम, हनुमान की शोभायात्रा रावण दहन स्थल पर पहुंची पश्चात दहन किया गया।

**रावण दहन देखने उमड़ा सैलाब:** राजगढ़ संवाददाता अनुसार कस्बे के प्रताप स्टेडियम दशहरा महोत्सव समिति की ओर से आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को देखने जन सैलाब उमड़ा। रावण दहन के दौरान विद्युत निगम की अंतरिक्ष के कारण करीब5-6 बार विद्युत गुल हो जाने के कारण लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। विद्युत व्यवस्था बाधित होने के कारण नगर पालिका अध्यक्ष एवं जागरूक लोगों सहित दशहरा महोत्सव समिति मैं नाराजगी जताई।

पूर्व कस्बे के तहसील परिसर बाहर से से राम दरबार की शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ प्रारंभ हुई। पंडित जगदंबिका व उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश मीणा, दशहरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा को रवाना किया। आकर्षक झांकी एवं उत्साह उल्लास के साथ निकली शोभा यात्रा का प्रमुख बाजारों में धर्म प्रेमी लोगों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्रताप स्टेडियम में दशहरा महोत्सव समिति की ओर से 56 फुट के रावण दहन से पूर्व श्री राम ने अग्निबाण से रावण के पुतले को अग्नि प्रज्वलित की। इस दौरान भगवान श्री राम के जयकारों से समूचा माहौल गूंज उठा।



मुझे लगता है कि चेन्नई में पाकिस्तान-अफगानिस्तान मैच के दौरान दिल-दिल पाकिस्तान सॉन्ग नहीं बजा। - माइकल वान

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, पाकिस्तानी टीम पर कटाक्ष करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## क्विंटन डी कॉक

**दक्षिण अफ्रीका** के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने बांग्लादेश के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के 23वें मुकाबले में 174 रनों की धुआंधार पारी खेल इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पहला स्थान हासिल कर लिया है। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा समेत स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पछाड़ा है। वर्ल्ड कप 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में डिकॉक, कोहली और रोहित के अलावा फिलहाल पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## नीदरलैंड के गेंदबाज का चलका दर्द क्रिकेट मैच 9 से 5 की नौकरी जैसा, लोग उड़ाते हैं मजाक

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। नीदरलैंड के वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद स्वदेश में लोग प्रभावित नहीं हैं लेकिन गेंदबाज लोगन वान बीक को विश्वास है कि कुछ और जीत के बाद लोग उनका मजाक उड़ाना बंद करके उन्हें गंभीरता से लेने लगेंगे। नीदरलैंड ने दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज को बाहर करके विश्व कप में जगह बनाई। उसने इस टूर्नामेंट में भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दक्षिण अफ्रीका को उलटफेर का शिकार बनाया। वान बीक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को दिल्ली में होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, मैं सुबह नीदरलैंड का खेलों से जुड़ा एक कार्यक्रम देख रहा था। वे क्रिकेट पर बात कर रहे थे तथा मजाक उड़ा रहे थे कि कैसे यह नौ से पांच बजे तक की नौकरी की तरह है। उन्होंने इसी तरह से कुछ अन्य मजाक किए। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि कुछ और जीत के बाद वे नीदरलैंड में क्रिकेट का मजाक उड़ाना बंद कर देंगे और इस पर गंभीर चर्चा करेंगे कि वास्तव में यह देश की सर्वश्रेष्ठ खेल टीम में से एक है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम नीदरलैंड के खिलाफ आगामी मैच में आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी की खामियों को दूर करने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में डेविड वार्नर (163) और मार्श (121) ने शानदार शतक जमाते हुए पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी की थी। टीम एक समय आसानी से 400 रन से अधिक के स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन आखिरी ओवरों में उनकी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर 367 रन बनाए थे। मार्श ने कहा, मुझे लगता है कि व्यक्तिगत रूप से हर किसी ने इस पर ध्यान दिया होगा।



## एशियाई पैरा खेलों में भारत ने दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

हांगझोउ 24 अक्टूबर। चीन में चल रहे एशियाई पैरा खेलों में भारत ने प्राची यादव के कैनो महिला केएल 2 स्पर्धा का स्वर्ण और दीप्ति जिवांजी ने महिलाओं की 400 मीटर-टी20 में स्वर्ण सहित मंगलवार को पांच पदक जीते है। एथलीट प्राची यादव ने पैरा कैनो महिला केएल2 स्पर्धा में 54.962 समय के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। पदक और गजेंद्र सिंह ने कैनो पुरुष वीएल2 में कांस्य पदक जीता है। दीप्ति जिवांजी ने महिलाओं की 400 मीटर-टी20 में 56.69 के समय के साथ एक नया एशियाई पैरा रिकॉर्ड बनाते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। वहीं दिन में, अजय कुमार ने पुरुषों की टी 64 400 मीटर में रजत पदक जीता। उन्होंने 54.85 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और वह सऊदी अरब के आसन नूर से कुछ सेकंड पीछे रहे जिन्होंने 52.81 सेकंड दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता। इस बीच, महिलाओं की टी12 100 मीटर में सिमरन कौर ने 12.68 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता। आज के इन पांच पदकों के साथ भारत चौथे एशियाई पैरा खेलों में कुल 23 पदक जीत चुका है। एथलीट प्राची यादव ने पैरा कैनो महिला केएल2 स्पर्धा में 54.962 समय के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। प्राची का एशियन पैरा खेल 2022 में यह दूसरा पदक है। गजेंद्र सिंह ने कैनो पुरुष वीएल2 स्पर्धा में 1:01.084 का समय लेते हुए भारत के लिए कांस्य पदक जीता। इससे पहले सोमवार को प्राची यादव ने पैरा डोंगी चालन महिला वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीता था।

## सरबजोत ने एशियन निशानेबाजी चैम्पियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

चांगवोन, 24 अक्टूबर। भारतीय पिस्टल निशानेबाज सरबजोत सिंह ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 के 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक का कोटा हासिल किया है।

निशानेबाजी में यह भारत का आठवां कोटा है और पिस्टल स्पर्धा में पहला कोटा है। सरबजोत सिंह ने दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आज खेले गये फाइनल में 221.1 प्वाइंट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं चीन के झांग यिफान और लियू जिन्याओ ने 243.7 और 242.1 अंक हासिल करते हुए क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किया।

एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एक क्वालीफाइंग स्पर्धा है। इस स्पर्धा में कुल 24 ओलंपिक कोटा के लिए एथलीट अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, जिसमें 12 ओलंपिक निशानेबाजी स्पर्धाओं में से प्रत्येक में शीर्ष दो फिनिशर (प्रति देश एक) अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए कोटा स्थान सुरक्षित करेंगे। चीन ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पहले ही क्वालीफाइंग स्पर्धाओं से अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर लिया था, सरबजोत सिंह ने पदक राउंड में तीसरे स्थान पर रहकर भारत के लिए कोटा हासिल किया।

भारतीय निशानेबाज सरबजोत ने 48 सदस्यीय एथलीटों के क्वालीफाइंग राउंड में 581 अंक हासिल करते हुए आठवां स्थान हासिल किया और मेडल राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि एशियाई खेल 2023 में सरबजोत सिंह ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम के साथ स्वर्ण पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

एशियन खेल में भारत की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम के सदस्य शिव नरवाल 576 अंक के साथ 20वें स्थान पर रहें और क्वालीफाई नहीं कर सके। वरुण तोमर (578) और कुणाल राणा (577) क्रमश: 16वें और 17वें स्थान पर रहे। 2018 एशियाई खेल के चैंपियन सौरभ चौधरी ने 569 अंक हासिल किया और 35वें स्थान पर रहे। वरुण तोमर और सौरभ चौधरी के बीच केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा हुई। महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मौजूदा एशियन गेम्स की चैंपियन पलक गुलिया सहित कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी।

रिदम सांगवान 577 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहीं और उनके बाद एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ईशा सिंह 13वें स्थान पर रहीं, जिनका स्कोर 576 रहा। सुरभि राव 575 अंक के साथ क्वालीफाइंग राउंड में 15वें स्थान पर रहीं। रुचिता विनेरकर (571) और पलक गुलिया (570) क्रमश: 22वें और 25वें स्थान पर रहीं। एशियन खेल में रजत पदक जीतने वाले अनंतजीत सिंह नरुका बुधवार को पुरुष स्कीट स्पर्धा में भारत के लिए पहला पेरिस ओलंपिक कोटा सुरक्षित करने की कोशिश करेंगे।

# द. अफ्रीका चौथी जीत से नंबर-2 पर पहुंचा

## बांग्लादेश को 149 रन से हराया, डी कॉक ने 174 रन बनाए



मुंबई, 24 अक्टूबर । साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप 2023 के 23वें मुकाबले में बांग्लादेश को 149 रन से हरा दिया। टीम से क्विंटन डी कॉक ने 174 रन की पारी खेली, वहीं बांग्लादेश से महमूदुल्लाह ने सेंचुरी लगाई। दोनों खिलाड़ियों का वर्ल्ड कप में तीसरा शतक रहा। बांग्लादेश पर जीत से साउथ अफ्रीका पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच गई। टीम ने 4 ही मैच जीतने वाली न्यूजीलैंड टीम को तीसरे नंबर पर धकेल दिया। दोनों टीमों के 8-8 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण साउथ अफ्रीका आगे हैं।

मुंबई के वानखेडे मैदान पर मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 382 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 46.4 ओवर में 233 रन ही बना सका।

अफ्रीकी टीम की ओर से ओपनर क्विंटन डी कॉक के अलावा कप्तान ऐडन मार्करम ने 60 और हेनरिक क्लासन ने 90 रन की पारियां खेलीं। जबकि डेविड मिलर ने 15 बॉल पर नाबाद 34 रन बनाए। गेंदबाजों में मार्को यानसन, कगिसो रबाडा और जेराल्ड कूट्जी ने दो-दो विकेट लिए।

शुरुआती 10 ओवर में 3 विकेट गंवाने के बाद महमूदुल्लाह रियाद ने बांग्लादेश की पारी आगे बढ़ाई। टीम ने अगले 20 ओवर में 90 ही रन बनाए, लेकिन जल्दी विकेट नहीं गंवाए। हालांकि लिट्टन दास 22, मेहदी हसन मिराज 11 और नसुम अहमद 19 रन बनाकर आउट हो गए। कगिसो रबाडा, केशव महाराज और जेराल्ड कूट्जी को 1-1 विकेट मिला।

बांग्लादेशी ओपनर्स ने संभलकर बल्लेबाजी की। तंजिद हसन और लिट्टन दास ने धीमी शुरुआत की। दोनों बड़े स्कोर के जवाब में नापे-तुले शॉट खेल रहे थे। शुरुआती 6 ओवर में बगैर नुकसान के 30 रन बनाने के बाद टीम ने अगले 4 ओवर में 5 रन बनाने में तीन विकेट गंवा दिए।

7वां ओवर लेकर आए मार्को यानसन ने लगातार दो बॉल पर दो विकेट झटके। उन्होंने तंजिद हसन को 12 और नजमुल हसन शांतो को 0 रन पर पवेलियन भेजा। अगले ही ओवर में लिजाड विलियम्स ने कप्तान शाकिब अल हसन को एक रन पर चलता किया। टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 35 रन बनाए।

साउथ अफ्रीकी टीम ने वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 8वीं बार 350 का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ओपनर क्विंटन डी कॉक ने 174, कप्तान ऐडन मार्करम ने 60 और हेनरिक क्लासन ने 90 रन की पारी खेली। हसन महमूद को 2 विकेट मिले। वहीं मेहदी हसन मिराज, शोरिफुल इस्लाम, शाकिब अल हसन को एक-एक विकेट मिले।

## मैक्लोडगंज में दलाईलामा से मिले न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी

शिमला, 24 अक्तूबर। हिमाचल के धर्मशाला में पहुंचे क्रिकेट विश्वकप के मैच खेलने आई न्यूजीलैंड की टीम ने मंगलवार को तिब्बती अध्यात्मिक गुरु दलाईलामा से मुलाकात की। मुख्य बौद्ध मंदिर मैक्लोडगंज में टीम के खिलाड़ी कप्तान टॉम लैथम के नेतृत्व में पहुंचे थे। इस दौरान दलाईलामा ने खिलाड़ियों के साथ हल्की-फुल्की बातचीत भी की। दलाईलामा से मिलने के बाद खिलाड़ी फिलहाल अपने होटल में वापस चले गए।

आज दोपहर न्यूजीलैंड की टीम ने स्टेडियम में वर्कआउट किया। उधर, भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और ईशान किशन मंगलवार सुबह ही होटल से निकल गए थे। उन्होंने मॉर्निंग वर्कआउट मैक्लोडगंज के धर्मकोट में किया। गौरतलब है कि बुधवार को भारतीय टीम धर्मशाला से वापस लौट जाएगी जबकि न्यूजीलैंड टीम अभी 28 अक्तूबर तक धर्मशाला में ही रहेगी। आगामी 28 अक्तूबर को न्यूजीलैंड टीम का ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला होना है। इससे पहले टीम के खिलाड़ी धर्मशाला में आसपास के क्षेत्र घूमना चाहते हैं। इसी के चलते न्यूजीलैंड टीम के कुछ खिलाड़ी सोमवार शाम को पालमपुर की ओर परिवार सहित गए थे।



## स्टोक्स ने ईसीबी के साथ सलभर का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया

### एंडरसन का नाम भी लिस्ट में, वर्ल्ड कप स्क्वाड में शामिल विली को कॉन्ट्रैक्ट नहीं

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को प्लेयर्स के साथ मल्टी ईयर कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की। इसमें इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने आश्चर्यजनक रूप से सिर्फ एक साल कॉन्ट्रैक्ट साइन किया हैं।

पहले सालभर के कॉन्ट्रैक्ट ही साइन कराता था, लेकिन दुनियाभर में प्रोफेशनल लीग के चलते कई खिलाड़ियों ने से अनुबंध तोड़ दिए हैं। इसलिए इस बार ने 3 साल तक के कॉन्ट्रैक्ट साइन किए हैं। इंग्लैंड के 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भी के साथ 1 साल का अनुबंध किया है। जबकि, वर्ल्ड कप स्क्वाड में शामिल डेविड विली को कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला।

हैरी ब्रूक, जो रूट और मार्क वुड ने तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया हैं। लेकिन टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने सिर्फ 1 साल का अनुबंध किया। स्टोक्स पिछले 9 साल से कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा हैं। पिछले हफ्ते स्टोक्स ने बदलते क्रिकेट पर बोला था कि, मैं इंग्लैंड के लिए ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट खेलना चाहता हूं। चाहे वह टेस्ट हो, वनडे हो या टी-20 क्रिकेट। मुझे इंग्लैंड से प्यार है। पिछले महीने स्टोक्स ने कहा था कि, पैसे कमाने के लिए क्रिकेट बोर्ड के साथ कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने में कोई बुराई नहीं हैं।

ब्रूक, रूट और वुड तीन खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया हैं। अगस्त में वुड ने 20 में दुबई कैपिटल्स के साथ भी एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। इंग्लैंड के साथ कॉन्ट्रैक्ट में वुड ने यह बात साझा की और कहा कि वह इंग्लैंड के भारत के आगामी टेस्ट दौरे को छोड़ने पर विचार कर सकते हैं। 41 साल के एंडरसन ने 1 साल का अनुबंध किया

15 खिलाड़ियों ने दो साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया हैं। जबकि स्टोक्स उन आठ खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने एक साल का अनुबंध किया। 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 36 साल के मोइन अली और डेविड मालन के साथ 1-1 साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है।

विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, डैन लॉरेंस, फिल साल्ट और डेविड विली को कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला। हालांकि जैक्स ने पिछले साल तीनों फॉर्मेट में इंग्लैंड टीम में जगह बनाई हैं।वर्ल्ड कप के बाद भी वह वाइट बॉल क्रिकेट में नजर आ सकते हैं।जबकि डेविड विली इस साल वर्ल्ड कप स्क्वाड में शामिल होने के बावजूद कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से गायब हैं। मैथ्यू फिशर, साकिब महमूद और अनकैप्ड जॉन टर्नर तीन तेज गेंदबाज हैं जिन्हें डेवलप्मेंट कॉन्ट्रैक्ट मिला हैं। इसके तहत तीनों को काउंटी सैलरी के ऊपर टॉप-अप सैलरी देगा।

## मुख्यमंत्री सुक्खू से विराट कोहली ने की भेंट

शिमला, 24 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से धर्मशाला में भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भेंट की। इस दौरान दोनों के मध्य क्रिकेट को लेकर चर्चा हुई। सुक्खू ने सोमवार को मुलाकात के दौरान पूर्व कप्तान विराट कोहली को न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में निर्णायक पारी खेलने के लिए बधाई दी। उन्होंने विश्व कप में भारतीय टीम के विजय अभियान जारी रखने पर प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय टीम बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इस बार विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। हर भारतीय की भी कामना है कि भारतीय टीम एक बार फिर विश्व कप जीते। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजीव शुक्ला, सह प्रभारी तेजिंद्र बिटटू, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा और विधायक सुधीर शर्मा भी उपस्थित थे।

## आंकड़ों में वर्ल्ड कप 2023 पाक पॉइंट्स टेबल में पिछड़ा, इंग्लैंड नंबर-10 पर पहुंचा

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में तीसरा उलटफेर देखने को मिला। सोमवार को अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हरा दिया। अफगानिस्तान ने इससे पहले इंग्लैंड को भी हराया था। चेन्नई में मिली इस हार से पाकिस्तान का रन रेट माइनस में चला गया। टीम पॉइंट्स टेबल में अब भी 5वें नंबर पर है, लेकिन अफगानिस्तान 4 पॉइंट्स लेकर नंबर-6 पर पहुंच गया। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड वनडे वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार 4 मैच खेलने के बाद पॉइंट्स टेबल में आखिरी पोजिशन पर है। उधर, भारत के विराट कोहली और रोहित शर्मा अब भी टॉप रन स्कोरर में पहले और दूसरे नंबर पर हैं। जबकि न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर 12 विकेट लेकर बॉलर्स में टॉप पर हैं।

# लीजेंड्स क्रिकेट लीग में खेलेंगे क्रिस गेल

## गुजरात जायंट्स टीम में शामिल, लीग की शुरुआत 18 नवम्बर से



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। वेस्टइंडीज दिग्गज खिलाड़ी क्रिस गेल लीजेंड्स क्रिकेट लीग आएंगे। गेल सोशल मीडिया पर मैसेज शेयर कहा कि, वें क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। गेल भारत में होने वाली लिजेंड्स क्रिकेट लीग का हिस्सा होंगे। गेल गुजराट जायंट्स टीम से खेलेंगे। 18 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट का आयोजन होगा।

क्रिस गेल ने टी20 में अब तक 1056 छक्के लगाए हैं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज यह कारनामा नहीं कर सका है। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के ही किरोन पोलार्ड है। उन्होंने 828 छक्के लगाए हैं। टी20 की एक पारी में सबसे अधिक 18 छक्के का रिकॉर्ड भी गेल के ही नाम है। उन्होंने 2017 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग के एक मुकाबले में रंगापुर राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह कारनामा किया था।

इस साल लीजेंड्स लीग का दूसरा सीजन खेला जाएगा। पहला सीजन गौतम गंभीर की कप्तानी में इंडिया कैपिटल्स ने जीता था। इंडिया कैपिटल्स ने भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से हराकर ट्रॉफी जीती थी। इस साल टूर्नामेंट की शुरुआत 18 नवंबर को रांची में गौतम गंभीर की कप्तानी वाली इंडिया कैपिटल्स और इरफान पठान की कप्तानी वाली भीलवाड़ा किंग्स के बीच उद्घाटन मैच के साथ होगी। 22 दिन के टूर्नामेंट के दौरान कुल 19 मैच होंगे। इसमें सचिन तेंडुलकर, वीरेंद्र सहवाग, गौतम गंभीर, इरफान पठान, क्रिस गेल, शाहिद अफरीदी जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल होंगे।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट का यह सीजन भारत के पांच शहर रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में होगा। सीजन की शुरुआत रांची में जेएससीए स्टेडियम में पहले पांच मैचों से होगी। सीजन में नॉकआउट स्टेज के मुकाबले सूरत में होंगे, इसमें सेमीफाइनल 5 दिसंबर और 6 दिसंबर को होंगे। सीजन का ग्रैंड फिनाले 9 दिसंबर को होगा। पिछले सीजन के 15 मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों में खेले गए थे। लेकिन इस साल वर्ल्ड कप के आयोजन के चलते टियर-2 शहरों को मौका मिला हैं।

एलएलसी 2023 सीजन में इंडिया कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, भीलवाड़ा टिगर्स और मणिपाल किंग्स के अलावा दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया है। इनमें से एक अर्बन राइजर्स हैदराबाद की कप्तानी पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना करेंगे। दूसरी टीम साउदर्न सुपरस्टार्स है, जिसकी कप्तानी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच करेंगे।

# आज से शुरू होगा 40वां इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट

जालंधर, 24 अक्टूबर। पंजाब में जालंधर के ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क में बुधवार से 40वां इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट का आगाज किया जाएगा। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के अध्यक्ष विशेष सारंगल मंगलवार को कहा कि टूर्नामेंट का 40वां संस्करण नॉकआउट-कम-लीग आधार पर खेला जाएगा।

पिछले साल की चैंपियन इंडियन रेलवे नयी दिल्ली, आर्मी-इलेवन दिल्ली और पंजाब नेशनल बैंक नई दिल्ली की टीमों को पूल-बी में रखा गया है, जबकि पिछले साल की उपविजेता इंडियन ऑयल, मुंबई, पूर्व चैंपियन पंजाब एंड सिंध बैंक नई दिल्ली और भारतीय वायु सेना दिल्ली टीम को पूल-बी में रखा गया है। नॉकआउट चरण से दो टीमें क्वालिफाई करेंगी, जिसमें बी.एस.एफ. जालंधर, पंजाब पुलिस, भारतीय नौसेना मुंबई, सी.ए.जी. नई दिल्ली और एफ.सी.आई नई दिल्ली की टीमें शामिल है। एफ.सी.आई. नयी दिल्ली की टीम ने सुरजीत प्री-क्वालीफाइंग राउंड जीत कर प्रवेश किया है जबकि इस राउंड में सीआरपीएफ, दिल्ली, आर्मी (ग्रीन), बेंगलुरु, आर.सी एफ. कपूरथला, आई.टी.बी.पी. चंडीगढ़ और सी.आई.एस.एफ. नई दिल्ली की टीमें शामिल थीं। पाकिस्तानी टीमों का टूर्नामेन्ट में भाग लेना भारत सरकार की और से मंजूरी पर निर्भर है।

टूर्नामेंट का आयोजन सुरजीत हॉकी सोसायटी, जालंधर द्वारा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और ओलंपियन स्वर्गीय सरदार सुरजीत सिंह रंधावा के नाम पर हर साल यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है जो 07 जनवरी 1984 को जालंधर के पास एक दुखद कार दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठे थे। सुरजीत हॉकी सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) इकबाल सिंह संधू ने कहा कि टूर्नामेंट समिति को बड़ी संख्या में हॉकी प्रेमियों की उम्मीद है क्योंकि इस साल भी हॉकी मैच देखने आने वाले दर्शकों और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों / अधिकारियों को स्लोगन 'सुरजीत हॉकी देखें-ऑल्टो कार और आकर्षक पुरस्कार जीतें' अधीन आल्टो कार, मोटरसाइकिल, रेफ्रिजरेटर और एलसीडी वगैरा अंतिम दिन इनाम के तौर पर दिया जाएगा। इन पुरस्कारों का निर्धारण ड्रा द्वारा किया जाएगा और प्रत्येक दर्शक को प्रतिदिन नौ दिनों के लिए लकी कूपन जारी किए जाएंगे, जबकि पहले मैच के दिन खिलाड़ियों/अधिकारियों को लकी कूपन दिए जाएंगे। ये मैच स्टेडियम में फ्लड लाइट में खेले जाएंगे और दर्शकों की एंट्री फ्री होगी। खिलाड़ियों और अधिकारियों के रहने, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा आदि की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

सोसाइटी के सचिव श्री रणबीर सिंह टुट ने बताया कि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच क्रमश: दो और तीन नवंबर को पी.टी.सी. चैनलों पर सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई है। ऑल इंडिया रेडियो, जालंधर फाइनल मैच की बॉल-टू-बॉल रनिंग कमेंट्री भी प्रसारित करेगा। टूर्नामेंट के अंतिम दिन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें लोकप्रिय पंजाबी लोक गायक बब्बू मान 03 नवंबर को शाम 4.00 बजे से शुरू होने वाले फाइनल मैच से पहले दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लाइव परफॉर्म करेंगे। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सुविधा के लिए एक पूर्ण मीडिया केंद्र भी स्थापित किया गया है।

सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा के अनुसार टूर्नामेंट का उद्घाटन पंजाब सरकार के मंत्री बलकार सिंह कल शाम 5.45 बजे करेंगे, जबकि श्री पीयूष मित्तल, सीजीएम (खुदरा बिक्री), इंडियन ऑयल के साथ स्थानीय विधायक अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उद्घाटन मैच एफ.सी.आई नई दिल्ली और भारतीय नौसेना मुंबई सी.आर.पी.एफ, दिल्ली के बीच खेला जाएगा।

# ‘कांग्रेस का टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरूंगा’

## करौली के पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने प्रेस वार्ता कर घोषणा की

- दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा, मेरा परिवार 1977 से कांग्रेस से जुड़ा हुआ है, मुझे आलाकमान पर पूरा भरोसा है।
- उन्होंने कहा, नगर पालिका अध्यक्ष से विधायक तक से सफर में, मैं करौली की जनता के लिए जी-जान से समर्पित रहा हूँ।
- उन्होंने चेतावनी दी कि, अगर उन्हें कांग्रेस टिकट नहीं मिला तो क्षेत्र की चारों सीटों पर कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ेगा।

करौली, 24 अक्टूबर (निसं)। करौली के पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने सर्व समाज के लोगों की उपस्थिति में प्रेस वार्ता कर कहा कि, मुझे कांग्रेस का टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरूंगा। करौली के पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने अपने निवास पर प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा कि, मुझे आला कमान पर पूरा भरोसा है कि करौली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मुझे टिकट मिलेगा।

उन्होंने कहा, अगर मुझे टिकट नहीं मिलता है तो मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जनता की आवाज़ बनकर चुनाव लड़ूंगा, मेरा परिवार 1977 से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ है, मेरे पिता स्वर्गीय हंसराम गुर्जर और फिर मैं 1977 से आज तक करौली की जनता की सेवा करते आ रहे हैं और करौली की जनता ने हमें भरपूर सम्मान दिया है जिसके हम आभारी हैं।

उन्होंने कहा, अपने राजनीतिक जीवन में, करौली नगर पालिका के अध्यक्ष से लेकर विधायक तक के सफर में मैं करौली के लिए में पूरी तरह जी जान से समर्पित रहा हूं। करौली की जनता की आवाज़ पर मुझे आज यह फैसला करना पड़ा और इनके कहने पर ही मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, मुझे पार्टी पर पूरा विश्वास है कि मुझे कांग्रेस का टिकट मिलेगा और जनता की सेवा करने का एक बार फिर मौका मिलेगा। करौली की जनता चाहती है कि मुझे कांग्रेस पार्टी का टिकट मिले और मेरे साथ पार्टी करौली जिले की चारों सीटों को जीते। गुर्जर ने आगे कहा, मेरे पिता ने करौली को जिला बनवाने के लिए अपना मंत्री पद त्याग दिया था और जिला बनवाया अगर वे चाहते तो मंत्री भी बन सकते थे। मुझे मेरी पार्टी के नेताओं ने विश्वास दिया है कि, पार्टी का टिकट निश्चित मिलेगा फिर भी अगर नहीं मिलता है तो मैं सर्व समाज की आवाज पर और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की आवाज पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ूंगा और जनता की सेवा करूंगा। उन्होंने कहा कि करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर आदि जिलों से केवल मैं ही एकमात्र ओ.बी.सी. का व्यक्ति टिकट मांग रहा हूं फिर भी अगर पार्टी नहीं देती है तो कोई बात नहीं, लेकिन पार्टी अगर करौली विधानसभा से वर्तमान विधायक को टिकट देती है तो निश्चित रूप से उसे हर का सामना करना पड़ेगा।

दर्शन सिंह गुर्जर के आवास पर, गुर्जर महासभा के अध्यक्ष हाकिम सिंह गुर्जर,अग्रवाल समाज करौली के अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष विशंभर गुप्ता, फारूक अहमद, गुर्जर समाज के पंच पटेलों के अलावा एडवोकेट ऊधौसिंह सहित भारी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने कहा कि, पार्टी के आला कमान सहित उच्च नेताओं को जमीनी स्थिति देखकर टिकट देना चाहिए ताकि कांग्रेस सरकार पुनः रिपीट हो सके। उपस्थितजनों ने कहा कि, अगर करौली से दर्शन सिंह गुर्जर को कांग्रेस पार्टी का टिकट नहीं मिलता है तो इसका असर जिले की चारों सीटों पर तो पड़ेगा ही, साथ ही धौलपुर, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, महवा आदि सीटों पर भी पड़ेगा।

इस अवसर पर युवा नेता शत्रु गुर्जर, मनका सारस्वत, पार्षद रमेश अग्रवाल, सनातन धर्म करौली अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, श्रवण शर्मा, अफजल खान,पार्षद बद्री लाल, चिरमोल गुर्जर, गुड्डू डायरेक्टर, तुलसीपुरा सरपंच रामवीर गुर्जर, दिनेश गुप्ता, बनवारी लाल हरदेनिया, लड्डू गोपाल अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## नवाज़ शरीफ को जमानत मिली

इस्लामाबाद, 24 अक्टूबर (वार्ता)। इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने मंगलवार को तोशाखाना मामले में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की जमानत मंजूर किए जाने की पुष्टि की।

जवाबदेही अदालत ने 19 अक्टूबर को तोशाखाना मामले में नवाज के लिए वर्ष 2020 में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया था।

सुनवाई की शुरुआत में अदालत ने नवाज शरीफ की हाजिरी लगाने का निर्देश दिया। हालांकि, सुनवाई हंगामे की भेंट चढ़ गई जिसके बाद अदालत ने नवाज को अदालत कक्ष से बाहर जाने का निर्देश दिया।

- नवाज़ शरीफ के खिलाफ तोशाखाना गड़बड़ियों के मामले में 2020 में गिरफ्तारी वॉरंट जारी हुआ था।

जब सुनवाई दोबारा शुरू हुई तो राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) अभियोजक ने दलील दी कि नवाज ने आत्मसमर्पण कर दिया है, इसलिए उनका गिरफ्तारी वारंट रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि वारंट रद्द कर दिया जाए तो मुकदमा आगे बढ़ सकता है। इसके बाद अदालत ने 10 लाख रुपये के जमानत बांड भरने पर नवाज की जमानत मंजूर करने की पुष्टि की। मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# नरेन्द्र बुडानिया की उम्मीदवारी पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारी विरोध जताया

- तारानगर के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने की मांग की और कहा कि, अब बुडानिया को और नहीं सहेंगे।
- कार्यकर्ताओं ने बुडानिया पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की घोर उपेक्षा करने व भारी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया।
- बुडानिया के विरोध में कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र दूत के घर बैठक आयोजित की गई, जिसमें भारी तादाद में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

तारानगर, 24 अक्टूबर (निसं)। तारानगर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मौजूदा विधायक नरेन्द्र बुडानिया को फिर से टिकट देने पर भारी विरोध जताया। वे स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय कांग्रेस नेता तथा किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र दूत के आवास पर हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में सर्वसम्मत फैसला लिया कि यदि कार्यकर्ताओं की भावना को नजर अन्दाज किया जाता है तो कार्यकर्ता भी पार्टी के निर्णय की अवहेलना करने पर विवश होंगे। राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य महासिंह सिहाग की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि विधायक बुडानिया को उम्मीदवार बनाने का भारी विरोध किया जाएगा। पार्टी आलाकमान को इस बात से अवगत करवा दिया गया था कि तारानगर विधानसभा क्षेत्र से स्थानीय व्यक्ति को ही उम्मीदवार बनाया जाये।

गौरतलब है कि तारानगर में विधायक बुडानिया के खिलाफ कांग्रेसजनों का रोष पीछले 6 माह से जारी है कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर बताया कि बुडानिया ने क्षेत्र प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता को दरकिनार कर दिया जिसके चलते कार्यकर्ताओं में भारी रोष व असन्तोष है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बताया कि नरेन्द्र बुडानिया ने तारानगर में जमकर भ्रष्टाचार किया है और राजनीति को व्यवसाय बना दिया है। आज की बैठक में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र दूत, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक महेश शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनीराम व्यास, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिवभगवान जोशी, पूर्व पार्षद थानाराम सैनी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ बाबु खां जोईया, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश सहारण, पूर्व पालिका अध्यक्ष याकुब खां तेली भुट्टा, पूर्व महासचिव प्रदेश अजा प्रकोष्ठ प्रेम मेघवाल, मास्टर किशन लाल कालोड़ी, जगदीश भार्गव, अदरिस बिसायती, संजय पंवार, भागीरथ सैनी, नत्थूराम पारीक, जगदीश प्रसाद, सूर्य प्रकाश बावलिया, मोहम्मद सलीम, आरीफ भाटी गलगट्टी, राजेन्द्र डगला, जगदीश पारीक, हरीराम शर्मा, रामकुमार सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इधर विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने कहा कि आज कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बनती है कि वो पार्टी के आदेश का पालन करे। जो रूठे हैं उनको मनाया जायेगा। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं रहेगी। ये लड़ाई विचारधारा की लड़ाई है मैंने तारानगर में बहुत विकास कार्य करवाया है, आज जो मेरा विरोध करेगा वो तारानगर के विकास कार्यों का विरोध करेगा, जो तारानगर के विकास के विरुद्ध होगा।

# डॉ. किरोड़ी ने चुनाव अधिकारी से दानिश अबरार की शिकायत की

- भाजपा सांसद तथा सवाई माधोपुर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आरोप लगाया कि, स्थानीय विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अबरार के दबाव में मलारना डूंगर पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को थाने में ले जाकर बुरी तरह से पीटा।
- मीणा ने कहा कि, दानिश अबरार के गुण्डों ने लोकतांत्रिक तरीके से मांग रख रहे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की, उन पर गाड़ी चढ़ा दी और फिर खुद ही दानिश अबरार की गाड़ी में तोड़ फोड़ कर भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस कार्यवाही करवा दी।

जयपुर 24 अक्टूबर। राज्यसभा सांसद व सवाई माधोपुर से भाजपा प्रत्याशी डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को, मलारना डूंगर में स्थानीय विधायक दानिश अबरार के प्रचार अभियान के दौरान पुलिस द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया और पीड़ितों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर शिकायत दर्ज कराई। सांसद मीणा ने बताया कि, नांगल राजावतन थाने में भाजपा कार्यकर्ताओं को बेरहमी से पीटा गया, हाथ में फ़्रैक्चर तक हो गया। इसके अलावा कार्यकताओं को धमकाया जा रहा है।

डॉ किरोड़लाल ने कहा कि, विधायक दानिश अबरार मलारना डूंगर में प्रचार के लिए आये थे। उस दौरान अबरार मलारना व उनके पाँच साथी, लल्लू मीणा, घमंडी मीणा, पंकज बैरबा, वीरेंद्र मीणा, नमोनारायण मीणा लोकतांत्रिक ढंग से अपनी मांग रख रहे थे। मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर इन लोगों ने विधायक का विरोध किया, लेकिन सवाई माधोपुर विधायक के पाले हुए गुंडों ने उनके साथ मारपीट की व पैर पर गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय उल्टा उन्हें ही धमकाया व मारपीट की। सांसद ने बताया कि, गाड़ी में तोड़फोड़ स्थानीय लोगों ने नहीं, बल्कि विधायक की ओर से पाले हुए गुंडों ने की है और दिखावा ऐसे कर रहे हैं कि, उन पर हमला हुआ है। सवाई माधोपुर की जनता झूठ के इस भ्रमजाल में नहीं फंसेगी।

मीणा ने बताया कि, सवाई माधोपुर जिले और प्रदेश के ज्यादातर अधिकारी विधायक की डिज़ायर पर लगे हुए हैं, जो कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। जब तक इन्हें हटाया नहीं जाएगा तब तक निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हैं।

पीड़ित अबरार मलारना और उनके पाँच साथी, जिनमें दो के पैर में फ्रैक्चर है और चार के हाथ में फ्रैक्चर है, ने डॉ किरोड़ी लाल के साथ प्रवीण गुप्ता से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा।

चुनाव आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## ‘परिवार नियोजन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विभाग में कम्पाउण्डर के पद पर कार्यरत था। वर्ष 1995 में परिवार नियोजन का तय लक्ष्य पूरा नहीं करने पर विभाग के अफसरों ने उसके सर्विस रिकॉर्ड में टिप्पणी कर दी।

इस संबंध में उसने विभागीय अफसरों को प्रतिवेदन दिया, लेकिन उन्होंने भी टिप्पणी को बहाल रखा। इतना ही नहीं, 1998 में उसे मिलने वाले चयनित वेतनमान के लाभ को भी एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया। हाईकोर्ट में इसे चुनौती देते हुए दायर की गई याचिका में कहा गया है कि विभाग ने वर्ष 2004 में परिपत्र जारी कर कर्मचारी के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन में परिवार नियोजन के लक्ष्य में कमी पर प्रतिकूल टिप्पणी करने से मना भी किया था। इस परिपत्र में कहा गया था कि वार्षिक प्रतिवेदन कर्मचारी की ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर ही भरा जाए। फिर भी अफसरों ने प्रतिकूल टिप्पणी की।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता को परिवार नियोजन का जो लक्ष्य दिया था, उसे पूरा करने के लिए किसी व्यक्ति का जबरन परिवार नियोजन नही किया जा सकता। कर्मचारी केवल इसके लिए प्रयास कर सकता है। इसलिए उसे लक्ष्य पूरा नहीं करने पर दंडित नहीं किया जा सकता।

# ‘राज्य के 25 सांसदों ने बड़े नेताओं की चमचागिरी में 5 साल बिता दिए’

## खाद्य एवं नागरिक अपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि, राजस्थान की जनता टॉर्च लेकर इन सांसदों को ढूंढ रही है

- खाचरियावास, जो अपने पुराने क्षेत्र सिविल लाइन्स से मैदान में हैं, ने कहा कि, भाजपा सांसदों ने जिन आदर्श गांवों का दावा किया था वे भी कहीं नहीं हैं।

जयपुर, 24 अक्टूबर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि भाजपा पूरे देश में झूठ फरेब और धोखे की राजनीति करने के लिए बदनाम हो चुकी है, राजस्थान के 25 लोकसभा सांसद जिनमें तीन केंद्रीय मंत्री हैं, ने बड़े भाजपा नेताओं की चमचागिरी करने में अपना पूरा 5 साल का वक्त बिता दिया लेकिन राजस्थान की जनता की सुध नहीं ली।

खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान की जनता टॉर्च लेकर भाजपा के सांसदों को ढूंढ रही है लेकिन सांसदों के आदर्श गांव हवा हवाई हो गए, काम कोई किया नहीं दिन भर केंद्र से आने वाले भाजपा नेताओं को माला पहनाते रहते हैं और बाकी समय में कांग्रेस को गाली देते रहते हैं। क्या भाजपा की जिम्मेदारी नहीं है कि केंद्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष में किए गए कामों को जनता के सामने रखें तो जनता कांग्रेस और भाजपा के कामों की तुलना कर सके।

खाचरियावास ने कहा कि भाजपा को प्रदेश की जनता से किए गए झूठ, फरेब और धोखे का जवाब देना पड़ेगा। पेट्रोल-डीजल और गैस की महंगाई ने देश की जनता की कमर तोड़कर रख दी है। जब क्रूड ऑयल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 138 डॉलर प्रति बैरल था तब मनमोहन सिंह की सरकार 70 रू. प्रति लीटर से कम दाम मेमं पेट्रोल दे रही थी। आज जब क्रूड ऑयल के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में 90 डॉलर प्रति बैरल रह गए हैं,तब पेट्रोल 100 के पार और डीजल 100 के नज़दीक पहुंच गया है। केंद्र ने अपने टैक्स तथा एक्साइज ड्यूटी लगाकर अपना खजाना भर लिया और देश की जनता की जेब काट ली। आज लोगों का महंगाई के कारण जीना मुश्किल है, लेकिन भाजपा सोशल मीडिया पर झूठे वीडियो डालकर धार्मिक उन्माद फैलाकर धार्मिक टकराव करवाके झूठ के जरिए अफवाह फैलाकर भूख और दर्द से ध्यान हटाकर चुनाव जीतना चाहती है। यह बीजेपी का पुराना अजेंडा जनता की समझ में आ गया है अब भाजपा का कोई षड्यंत्र चलने वाला नहीं है।

खाचरियावास ने कहा कि कर्मचारी, व्यापारी, मजदूर, किसान और विद्यार्थियों के लिए हमने जो योजनाएं लागू की वह सभी योजनाएं सफल हो गई, हमारा काम और योजनाएं जनता में लोकप्रिय हुई है जनता हमारे साथ है इसलिए कांग्रेस पार्टी राजस्थान में दोबारा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को राजस्थान में सिक्योरिटी लेकर घूमना पड़ रहा है, पुलिस भाजपा कार्यालय की सुरक्षा कर रही है।

भाजपा की पोल पूरी तरह से खुल चुकी है जो भाजपा चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ने की बात कर रही थी। आज उसके उम्मीदवारों को भाजपा कार्यकर्ता ही क्षेत्र में नहीं घूमने दे रहे, इससे स्पष्ट है राजस्थान में कांग्रेस की दोबारा सरकार बनेगी और भाजपा का सफाया हो जाएगा।

## भीलवाड़ा में भाजपा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बैठक करके विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि, भीलवाड़ा विधानसभा सीट से विट्ठल शंकर अवस्थी का टिकट नहीं बदलने पर भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

तय रणनीति के मुताबिक मंगलवार को बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व भीलवाड़ा से टिकट के दावेदार स्थानीय सूचना केन्द्र पहुँचे जहां उन्होंने तीन बार के विधायक अवस्थी पर आरोपों की झड़ी लगा दी । भीलवाड़ा शहरी क्षेत्र से चौथी बार उम्मीदवार बनाए गए विट्ठल शंकर अवस्थी को कार्यकर्ताओं ने राजनीति का रावण बताते हुए पुतला दहन कर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

- भाजपा कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय भाजपा नेताओं ने अवस्थी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और पार्टी नेतृत्व को चेतावनी दी है कि, अगर अवस्थी को नहीं हटाया गया तो पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है।
- कार्यकर्ताओं ने अवस्थी को राजनीति का रावण बताते हुए उनका पुतला दहन किया और आरोप लगाया कि, तीन बार विधायक रहने के बाद भी उन्होंने क्षेत्र का विकास नहीं किया।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि, अवस्थी का टिकट बदला जाए क्योंकि अन्य कई योग्य कार्यकर्ता टिकट के दावेदार थे जिन्हें पार्टी ने दरकिनार कर दिया है। लोगों का आरोप है कि, तीन बार विधायक पद पर रहने के बावजूद अवस्थी भीलवाड़ा का विकास नहीं करवा पाए हैं और उनकी अनदेखी का खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ा है। पन्द्रह साल विधायक रहे विट्ठल शंकर अवस्थी को चौथी बार भी उम्मीदवार बना देना कार्यकर्ताओं के अपमान के समान है। यदि टिकट नहीं बदला गया तो इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

## ‘विदेशी ताकतें मणिपुर में शांति के प्रयास विफल करने में लगी हैं’

नागपुर, 24 अक्टूबर (वार्ता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं में विदेशी ताकतों और दक्षिण पूर्वी एशिया की भू-राजनीति की भूमिका है जो संघर्षरत दोनों पक्षों के लोगों की शांति के प्रयासों को विफल करने के लिए कोई न कोई हादसा करवा रहीं हैं। डॉ. भागवत ने यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय में वार्षिक विजयादशमी उत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस वर्ष विजयादशमी के उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक पद्मश्री शंकर महादेवन शामिल हुए। सरसंघचालक ने अपने भाषण में मणिपुर हिंसा के साथ ही जी-20 समूह में मानव केन्द्रित विकास पर सहमति बनने, एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन एवं पदकों का कीर्तिमान बनाया है।

# ‘पैसे से चुनाव जीतने की बात करने वाले भाजपा नेताओं पर हो कार्रवाई’

- कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के वायरल हो रहे वीडियो के संदर्भ में एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग की।
- कांग्रेस नेता शोभा ओझा ने दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित राज्य के परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एक वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि जिस बूथ पर भाजपा को ज्यादा वोट पड़ेगा, उनके बूथ प्रभारियों को 25 लाख रुपए देंगे। एक अन्य वीडियो में कैलाश विजयवर्गीय ये कहते दिख रहे हैं कि जिस बूथ पर कांग्रेस को एक भी वोट नहीं मिलेगा उस बूथ के प्रभारी को मैं 51 हजार रुपए ईनाम दूंगा।

नयी दिल्ली, 24 अक्टूबर (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जो नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और पैसे के बल पर चुनाव जीतने की बात कर रहे हैं उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ नेता शोभा ओझा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इस चुनाव में भाजपा बुरी तरह से हार रही है इसलिए उसके नेता, जनता को तरह-तरह के प्रलोभन दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य के परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एक वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि जिस बूथ पर भाजपा को ज्यादा वोट पडेगा, उनके बूथ प्रभारियों को 25 लाख रुपए देंगे। एक अन्य वीडियो में कैलाश विजयवर्गीय ये कहते दिख रहे हैं कि जिस बूथ पर कांग्रेस को एक भी वोट नहीं मिलेगा उस बूथ के प्रभारी को मैं 51 हजार रुपए ईनाम दूंगा। यहां एक सवाल ये भी उठता है कि भाजपा के इन नेताओं के पास बूथ प्रभारियों को देने के लिए इतने पैसे कहां से आए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को लाखों रुपए देने की बात जब सामने आई, तो इसकी शिकायत मुख्य चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग से की गई। चुनाव आयोग ने इसकी जांच कर गोविंद सिंह राजपूत पर प्राथमिकी दर्ज की है।

उन्होने कहा कि राज्य सरकार में जो मंत्री तथा भाजपा नेता पैसे के बल पर चुनाव जीतने की बात कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## हिमालय ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपयोग दर्द-निवारक दवा बनाने में हो सकता है।

दिल्ली के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया अनुसंधान जर्नल ऑफ एथनोफार्मेकालॉजी में प्रकाशित हुआ है। यह अनुसंधान उस पौधे के फलों और पत्तों के अध्ययन पर आधारित है जो पिथौरागढ़ जिले में होता है और फायर थॉर्न नाम से जाना जाता है। यह छोटा पौधा पहाड़ों में 270 मीटर की ऊंचाई पर होता है। डॉ. देवेश तिवाड़ी के अनुसार इस पौधे में वे सभी तत्व मौजूद हैं जो दर्द-निवारक दवाइयों में होते हैं। अध्ययन से पता चला है कि इसका प्रभाव दीर्घावधि होता है। पौधे में समुचित मात्रा में प्रोटीन होता है।

## ‘अबकी बार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अब कांग्रेस कार्यकर्ता ही मेरा परिवार हैं। अगर ''परिवार में मुझसे कोई नाराज भी है तो मैं उनको मनाने जाऊंगी।'' अर्चना शर्मा ने कहा कि महेश शर्मा वैसे भी ब्राह्मण समाज के हैं, ऐसे में उन्हें मेरा साथ देना चाहिए।

## दुर्गा मूर्ति विसर्जन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आसपास में और कोई जगह नहीं होने के कारण प्रतिमाओं का यहां विसर्जन होने की सूचना थी, परंतु प्रशासन ने कोई इंतजाम नहीं किए। हादसे के बाद भी प्रशासन के इंतजाम के पोल खुल गई। हादसे के कुछ देर बाद ही नगरपालिका के दस्ते ने टैंकरों के पंप चलाकर पानी निकालने की कोशिश की। मगर उनके प्रयास विफल रहे।

उदयपुर में भी इसी प्रकार की घटना सामने आई है। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र सुखानाका तालाब पर मूर्ति विसर्जन करने के दौरान पानी में डूबने से किशोर व युवक की मौत हो गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद सिविल डिफैंस की टीम ने बाहर निकाला।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सायं शहर के प्रतापरगर थाना क्षेत्र में सुखानाका तालाब पर स्थित माताजी प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान पानी में डूबने से जितेन्द्र उर्फ जीतू (17) राकेश (24) की मौत हो गई। गौरतलब है कि मंगलवार शाम मठ मादड़ी क्षेत्र से लोग मूर्ति विसर्जन करने के लिए सुखानाका तालाब गए थे। इस दौरान राकेश पानी में डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए जितेन्द्र पानी में कूद गया। फिर दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में एएसआई मोहन सिंह, हेडकांस्टेबल शक्ति सिंह, कांस्टेबल सज्जन सिंह, नवलराम मय टीम मौके पर पहुंचे।

# दो महीने से लापता चीन के रक्षा मंत्री को भी सरकार ने बर्खास्त किया

## चीन के विदेश मंत्री ली कैंग भी इसी प्रकार गायब हो गये थे, जिन्हें बाद में बर्खास्त कर दिया गया था

- चीन के विदेश मंत्री जनरल ली के खिलाफ रक्षा उपकरणों एवं हथियारों की खरीद में घोटाले की जांच शुरु होने की बात सामने आने के बाद से ही जनरल ली सार्वजनिक तौर पर गायब हो गये थे
- जनरल ली को आखिरी बार 29 अगस्त को अफ्रीकी देशों के साथ बीजिंग सुरक्षा मंच पर सार्वजनिक रूप से देखा गया था, वो गत मार्च से ही रक्षा मंत्री के पद पर थे।
- एयरो स्पेस इंजीनियर, जनरल ली ने एक सैटलाइट और रॉकेट लॉन्च सेंटर में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने चीन के सैन्य और राजनीतिक अभिजात वर्ग में अच्छी पैठ बना रखी थी।

बीजिंग, 24 अक्टूबर (वार्ता)। चीन सरकार ने सार्वजनिक जीवन से गायब होने के दो महीने बाद अपने रक्षा मंत्री ली शांगफू को आधिकारिक तौर पर बर्खास्त कर दिया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जनरल ली को हटाने के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, न ही उनकी नौकरी के लिए किसी प्रतिस्थापन की घोषणा की गई है। उनकी बर्खास्तगी हाल ही में किन गैंग सहित कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद हुई है-जिन्हें जुलाई में विदेश मंत्री के पद से हटा दिया गया था।

किन और जनरल ली को मंगलवार को देश के मंत्रालय, राज्य परिषद में उनके पदों से भी हटा दिया गया। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शीर्ष विधायकों, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने दोनों व्यक्तियों को हटाने की मंजूरी दे दी।

चीन में इस सप्ताह विदेशी रक्षा अधिकारियों की मेजबानी करने की तैयारी चल रही है। पिछले महीने की रिपोर्ट के अनुसार उपकरण खरीद और विकास से संबंधित संदिग्ध भ्रष्टाचार के मामले में जनरल ली के खिलाफ जांच चल रही थी। उन्हें आखिरी बार 29 अगस्त को अफ्रीकी देशों के साथ बीजिंग सुरक्षा मंच पर सार्वजनिक रूप से देखा गया था। वह मार्च से ही इस पद पर थे। एक एयरोस्पेस इंजीनियर, जिन्होंने एक उपग्रह और रॉकेट लॉन्च सेंटर में अपना करियर शुरू किया, जनरल ली ने सैन्य और चीनी राजनीतिक अभिजात वर्ग के रैंकों के माध्यम से आसानी से प्रगति की है।

वर्ष 2018 में, जब उन्होंने सेना की उपकरण विकास शाखा का नेतृत्व किया, तो चीन द्वारा रूसी लड़ाकू विमान और हथियारों की खरीद पर अमेरिकी सरकार द्वारा उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इन प्रतिबंधों को जनरल ली के लिए एक बाधा माना जा रहा था, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में सिंगापुर रक्षा शिखर सम्मेलन में अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन से मिलने से इनकार कर दिया था।कहा जाता है कि वह किन की तरह ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पसंदीदा थे, जिनसे अब उनका आखिरी सरकारी पद छीन लिया गया है। जुलाई में, किन को केवल सात महीने के कार्यकाल में चीन के विदेश मंत्री के पद से हटा दिया गया था। किन को हटाने का कोई कारण नहीं बताया गया लेकिन वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों के हवाले से कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में राजदूत के पद पर रहते हुए उनका विवाहेतर संबंध था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908